

22:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 109 epaper.rashtriyakhabar.com वैशाख, शुक्लपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

यथा धेनुसहस्त्रेषु वत्सो गच्छति मातरम्।

तथा यच्च कृतं कर्म कर्तारमनुगच्छति॥

भावार्थ : जिस प्रकार हजारों गायों में बछड़ा केवल अपनी मां के ही पास जाता है, उसी प्रकार जो कर्म किया जाता है, वह कर्म करनेवाले के पीछे पीछे चलता है।



रांची **पारा** अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 35.00 °c | 23.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.12 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.22 बजे

## कोविड संक्रमण के मामले 66 हजार से ज्यादा

**नयी दिल्ली:** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के 11 हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 66 हजार से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 11692 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 66170 हो गयी है और संक्रमण दर 5.09 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 10780 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं। स्वस्थ होने की दर 98.67 प्रतिशत है। इसी अवधि में 229739 कोविड संक्रमण परीक्षण किए गए हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान 3647 कोविड टीके लगाए गए हैं। इसके साथ ही देश में 220.66 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए जा चुके हैं।

## सूडान में 72 घंटे के संघर्षविराम की घोषणा

**खार्तूम:** अफ्रीकी देश सूडान में अर्द्धसैनिक समूह, रैपिड सपोर्ट फोर्सेस ने 72 घंटे के संघर्ष विराम की घोषणा की है। यह घोषणा करीब एक सप्ताह के भीषण संघर्ष के बाद हुई है। इस संघर्ष में 350 लोग मारे गए और हजारों लोग देश छोडकर चले गए थे। संघर्ष को ईद के अवसर पर रोकने के लिए अन्य देशों की ओर से अर्धसैनिक और आरएसएफ पर कूटनीतिक दबाव बनाया जा रहा है। अमेरिका सहित अन्य देशों की ओर से संघर्ष समाप्ति का दबाव बनाए जाने के बाद, आरएसएफ ने कहा कि वह मानवीय आधार पर 72 घंटे के संघर्षविराम पर सहमत हो गया है, लेकिन अभी अर्धसैनिक की ओर से कोई टिप्पणी नहीं आयी है। बहरहाल, ईद के अवसर पर शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार करीब छह बजे से युद्ध विराम होगा।

## ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री राब ने दिया इस्तीफा

**लंदन:** ब्रिटेन के उप प्रधानमंत्री एवं न्याय राज्य मंत्री डॉमिनिक राब ने शुक्रवार को कहा कि उनके (श्री राब) खिलाफ लगे नागरिक सेवकों के प्रति अनुचित व्यवहार के आरोपों की जांच के बाद मैंने इस्तीफा देने का फैसला किया है। गौरतलब है कि फरवरी के अंत में श्री राब ने कहा था कि अगर उनके अनुचित व्यवहार के आरोप सही साबित हुए तो वह इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने ट्वीट कर कहा, एडम टॉली केसी द्वारा की गई जांच की रिपोर्ट मिलने के बाद, मैं आपकी सरकार से इस्तीफा देने के लिए लिख रहा हूं। मैंने जांच की मांग की और धमकी देने का कोई निष्कर्ष निकलने पर इस्तीफा देने का वचन दिया था। मेरा मानना है कि अपनी बात रखना जरूरी है। गत नवंबर में श्री राब के खिलाफ पूर्व कर्मचारियों में भय की संस्कृति पैदा करने और अपने अधीनस्थों को धमकाने का आरोप लगाते हुए तीन शिकायतें मिली थीं।

## पुलिस-नक्सली मुठभेड़ और आगजनी

**जगदलपुर:** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर क्षेत्र में आज पुलिस नक्सली मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के घायल होने का दावा किया गया है। इलाके में अभी भी सर्चिंग जारी है। सुकमा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने बताया कि कोंटा थाने के अंतर्गत भेलकोचा तोंगपाल क्षेत्र में नक्सली कमांडर होने की सूचना मिली थी जिसमें आज सबेरे कोंटा थाने से स्पेशल टास्क फोर्स जिला रिजर्व पुलिस के जवान नक्सली विरोधी अभियान में निकले थे। श्री शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान आज सुबह बंडाकनईगुड़ा के समीप रोड पर घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस पर गोलीबारी की। दोनों ओर आधे घंटे तक गोलीबारी हुई, जबरदस्त गोलीबारी को देखते हुए नक्सली भाग खड़े हुए।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**हस्ताक्षर** सरमा और खांडू बोले यह ऐतिहासिक घटना

# असम-अरुणाचल का 50 साल पुराना सीमा विवाद खत्म:गृह मंत्री

- पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बड़ा क्षण: गृह मंत्री शाह
- सीमा समाधान के फार्मूले पर दोनों पक्ष सहमत
- अरुणाचल प्रदेश का एक गांव असम में शामिल
- सीमा क्षेत्र के 10 गांव असम में ही बने रहेंगे



**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** गृह मंत्री अमित शाह ने आज घोषणा की कि असम-अरुणाचल प्रदेश 700 किलोमीटर का सीमा विवाद खत्म हो गया है। दोनों राज्यों के बीच 1972 से लंबित सीमा विवाद को दोनों राज्यों द्वारा हल कर लिया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने गृह मंत्री की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और केंद्र तथा दोनों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि असम और अरुणाचल प्रदेश की सरकारों ने दोनों राज्यों के बीच पांच दशक से भी पुराने सीमा विवाद को खत्म करने के लिए गुरुवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में एक समझौते पर हस्ताक्षर किये। इसके साथ ही दोनों पूर्वोत्तर राज्यों की सीमा पर स्थित 123 गांवों की समस्या का भी समाधान हो गया। असम और अरुणाचल प्रदेश 804.1 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं और अरुणाचल प्रदेश को 1972 में केंद्र शासित प्रदेश घोषित किए जाने के बाद से ही दोनों राज्यों के बीच यह सीमा विवाद चल रहा था।

अमित शाह ने कहा कि आज का समझौता विकसित, शांतिपूर्ण और संघर्ष मुक्त पूर्वोत्तर के मोदी के सपने को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। शाह ने कहा कि 2018 से केंद्र सरकार ने कई संधियों/समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जैसे... ब्रू आदिवासी, एनएलएफटी के उग्रवादी समूहों और असम के कार्बी आंगलोंग के रहने वालों के साथ और पूर्वोत्तर से हिंसा समाप्त करके शांति स्थापित की है। उन्होंने कहा कि 2014 के मुकाबले अब पूर्वोत्तर में हिंसा की घटनाओं में 67 प्रतिशत कमी आयी है, सुरक्षा बलों के कर्मियों की मृत्यु में 60 फीसदी और असैन्य नागरिकों की मौत में 83 फीसदी कमी आयी है, जो बड़ी उपलब्धि है। गृहमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के कई स्थानों से आफस्पा को हटा लिया है। उन्होंने बताया, असम में 70 प्रतिशत, मणिपुर के छह ज़िलों के 15 पुलिस थानों, अरुणाचल में तीन ज़िले छोड़कर सभी ज़िलों, नगालैंड के सात जिलों और त्रिपुरा व मेघालय से पूर्णतया आफस्पा को हटा लिया गया है।असम के मुख्यमंत्री हिमंत ब?स्वां सरमा ने समझौते पर

» पेज 2 भी देखें

### दोनों राज्यों के लिए ऐतिहासिक घटना है : शाह

केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि ऐसे समय में जबकि देश स्वतंत्रता का 75वां साल मना रहा है, दोनों राज्यों की अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित 123 गांवों का विवाद अब हमेशा के लिए समाप्त हो गया है। शाह ने असम और अरुणाचल प्रदेश की ओर से पुराने लंबित सीमा विवाद को 'सौहार्दपूर्ण' तरीके से सुलझाया जाना दोनों राज्यों के लिए ऐतिहासिक घटना है। शाह ने आशा जताई कि 1972 से जारी इस पुराने सीमा विवाद की समाप्ति पूर्वोत्तर राज्यों में सर्वांगिण विकास और शांति लेकर आएगी।केन्द्रीय मंत्री ने कहा की यह पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बड़ा क्षण है जो 2014 में नरेंद्र मोदी नीत सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही सर्वांगिण विकास देख रहा है। गृहमंत्री ने कहा कि मोदी सक्रिय रूप से भाषाओं, साहित्य और पूर्वोत्तर की संस्कृति को बढ़ावा दे रहे हैं और हाल ही में रिकॉर्ड कायम करने वाली 'बिहू नृत्य'की प्रस्तुति इसका ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सीमा विवाद पर एक स्थानीय आयोग की रिपोर्ट दशकों से यहां-वहां भटक रही थी, जिसे अब दोनों राज्यों ने स्वीकार कर लिया है।

ध्रुवीय इलाकों की जांच कर शोधकताओं ने फिर चेतावनी दी

# तीन गुणा अधिक गति से पिघल रहे ग्लेशियर



**राष्ट्रीय खबर**

**अलास्का :** ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका के बर्फ पर शोध करने वाले वैज्ञानिकों ने खतरे की चेतावनी दी है। एक नये अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार, ग्रीनलैंड और अंटार्कटिक की बर्फ की चादरें अब एक वर्ष में तीन गुना से अधिक बर्फ खो रही हैं, जो कि 30 साल पहले थीं। सैटेलाइट के आंकड़ों का विश्लेषण करने के क्रम में इस दल ने पचास अलग अलग स्थानों के नमूने लिये हैं। इसके आधार पर पाया गया कि पिछले कुछ वर्षों से ग्रीनलैंड में बर्फ पिघलने की गति अत्यंत तेज हो चुकी है। 2017 से 2020 तक ग्रीनलैंड का औसत वार्षिक पिघल दशक की शुरूआत की तुलना में 20% अधिक था और 1990 के दशक की शुरूआत में इसके वार्षिक सिकुड़न से सात गुना अधिक था। डेनिश मौसम विज्ञान संस्थान के एक जलवायु वैज्ञानिक, अध्ययन के सह-लेखक रूथ मोत्रम ने कहा, नए आंकड़े वास्तव में बहुत विनाशकारी हैं। हम ग्रीनलैंड से अधिक से अधिक बर्फ खो रहे हैं। इसका सीधा अर्थ समुद्र के किनारे बसे शहरों पर तेजी से बढ़ता हुआ खतरा है। यूनाइटेड किंगडम में लीड्स विश्वविद्यालय के एक ग्लेशियोलॉजिस्ट, अध्ययन के प्रमुख लेखक इनेस ओटोसाका ने कहा कि तेजी से बर्फ की चादर का नुकसान मानव-जनित जलवायु परिवर्तन के कारण स्पष्ट रूप से होता है।1992 से 1996 तक, दो बर्फ की चादरें - जो दुनिया के मीठे पानी की 99% बर्फ रखती हैं - एक वर्ष में 116 बिलियन टन (105 बिलियन मीट्रिक टन) सिकुड़ रही थीं, इसका दो-तिहाई हिस्सा अंटार्कटिका से था। लेकिन 2017 से 2020 तक, उपलब्ध नवीनतम डेटा, संयुक्त पिघल एक वर्ष में 410 बिलियन टन (372 बिलियन मीट्रिक टन) तक बढ़ गया, जो कि ग्रीनलैंड से दो-तिहाई से अधिक है। यह एक विनाशकारी स्थिति है और आधुनिक सभ्यता के दौरान बर्फ के नुकसान की ये दर अभूतपूर्व है। अध्ययन

» पेज 2 भी देखें

भाजपा की बयानबाजी के बाद अब राज्य सरकार की रिपोर्ट आयी

# राबर्ट वाड्रा डील में कोई गड़बड़ी नहीं हुई



- यह कभी चुनाव का मुद्दा बना था
- ओमप्रकाश चौटाला भी निर्दोष साबित
- हाई कोर्ट में बताया और जांच जारी है

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** इसे कहते हैं खोदा पहाड़ तो निकली चूहिया वह भी मरी हुई। भाजपा ने जिस मुद्दे को चुनावी हथियार बनाया था। इस मुद्दे पर इतनी बातें कही गयी कि जनता भी समझ रही थी कि रॉबर्ट वाड्रा और डीएलएफ के बीच हुए जमीन सौदे में व्यापक गड़बड़ी हुई है। अब हरियाण की सरकार ने इस पर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय को अपनी रिपोर्ट सौंपी है। इस रिपोर्ट के जरिए अदालत को बताया गया है कि राजस्व अधिकारियों ने रॉबर्ट वाड्रा द्वारा भूमि के हस्तांतरण में उल्लंघन नहीं पाया है। इस मामले में गुरुग्राम में धोखाधड़ी और अन्य अपराधों के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने के लगभग पांच साल बाद ऐसी जानकारी सामने आयी है। अन्य बातों के अलावा, उच्च न्यायालय के समक्ष रखे गए एक हलफनामे में यह भी कहा गया है कि 18 अक्टूबर, 2005 को धारा 420, 467, 468, 471 और 120 बी के तहत दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला की कोई संलिप्तता नहीं पाई गई थी। भूमि हस्तांतरण मामले का उल्लेख करते हुए

» पेज 2 भी देखें

### जातिगत गणना के डेटा बिना सामाजिक न्याय सम्भव नहीं : खड़गे



**नयी दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सामाजिक न्याय के लिए जातिगत जनगणना के आंकड़े को आवश्यक बताते हुए कहा है कि जातिगत जनगणना के डाटा के बिना सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का काम बहुत कठिन है। श्री खड़गे ने कहा अब जब भारत विश्व का सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है, हमारे जन-कल्याण की योजनाओं और देश की तरक्की के लिए दो मुद्दे बेहद महत्वपूर्ण हैं। जनगणना 2021 शायद 2024 तक टल गया है। ऐसा क्यों। जनगणना के आँकड़ों के बिना सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहद मुश्किल है। जातिगत जनगणना का डेटा सामाजिक न्याय के लिए बहुत जरूरी है। आम सेंसस में एससी, एसटी वर्ग की जनसंख्या तो पता चलता है पर ओबीसी वर्ग का नहीं जिससे उनके आरक्षण का सही अनुपात तय नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा, 2022 के सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के बाद स्थानीय निकायों में आरक्षण विभिन्न जातियों की आबादी के अनुसार ही तय होना है। भाजपा को अगर सही में ओबीसी वर्ग की फिक्र है तो टले हुए सेंसस 2021 में ही जातिगत जनगणना कराएँ और ओबीसी को अनुपात के हिसाब से आरक्षण मुहैया कराएँ। श्री खड़गे ने कहा, भाजपा जातिगत जनगणना से क्यों डरती है। वर्ष 2011-12 में जो जातिगत जनगणना हुई, खाद्य सुरक्षा कानून जैसी कल्याणकारी योजना उसी आधार पर संभव हो सकी। मोदी सरकार ने 2015 में अरविंद पणगरिया कमेटी बनाकर जातियों का वर्गीकरण का कार्य शुरू कराया। यह क्यों किया तथा उसकी रिपोर्ट कहाँ है।

नरोदा ग्राम नरसंहार के सभी अभियुक्त अदालत से बरी

# पूर्व मंत्री माया कोडनानी भी जेल से बाहर निकली



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** गुजरात की पूर्व मंत्री और भाजपा नेता माया कोडनानी और बजरंग दल के बाबू बजरंगी उन 60 से अधिक अभियुक्तों में शामिल हैं जिन्हें 2002 के गुजरात दंगों के दौरान नरोदा गाम मामले में बरी कर दिया गया है। अहमदाबाद की एक विशेष अदालत ने साम्प्रदायिक दंगों के मामले में आज अपना फैसला सुनाया। यह मामला अहमदाबाद के नरोदा गाम में आग लगाकर 11 मुसलमानों की हत्या का था। पीड़ितों के वकील समशाद पठान ने कहा कि वे बरी किए जाने के फैसले को गुजरात हाई कोर्ट में चुनौती देंगे। उन्होंने कहा यह फैसला सिर्फ पीड़ितों के खिलाफ नहीं है, बल्कि एसआईटी (विशेष जांच दल) के खिलाफ है, जिसने अपना काम ठीक से किया और 86 आरोपियों को आरोपित किया। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के खिलाफ है। पीड़ितों को न्याय मिलेगा भले ही 20 साल से अधिक बीत गए हों। श्री पठान ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी का जिक्र करते हुए कहा। वकील ने कहा कि उन्हें नहीं पता कि विशेष अदालत ने किस आधार पर सभी आरोपियों को बरी कर दिया, वे आदेश की प्रति का इंतजार कर रहे हैं। पठान ने कहा, हमारे पास आरोपी के खिलाफ सभी सबूत थे। एफएसएल (विदेशी विज्ञान प्रयोगशाला) की रिपोर्ट से लेकर सेल टॉवर की स्थिति तक, प्रत्यक्षदर्शियों तक। गृह मंत्री अमित शाह 2017 में सुश्री कोडनानी के बचाव पक्ष के गवाह के रूप में अदालत में पेश हुए। वह 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली गुजरात सरकार में मंत्री थीं, जब साबरमती के एक कोच को जलाने के बाद दंगे भड़क उठे

» पेज 2 भी देखें

**विश्व रिकार्ड** कानेर्गी मेलॉन विश्वविद्यालय के रोबोटिक्स विभाग का नया प्रयोग

# चार पैरों वाला रोबोट बीम पर चल सकता है

- पहले कोई रोबोट ऐसा नहीं कर पाता था
- प्रयोग में यह छह ईंच की पटरी पर चला
- इसमें और सुधार पर अभी काम जारी है



https://youtu.be/tH3oP2s3NOQ

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** सर्कस के किसी नट को हम सभी ने पतली रस्सी पर चलते हुए करतब करते देखा है। इस क्रम में कई ऐसे लोग भी हुए, जिन्होंने काफी ऊंचाई पर टंगी रस्सी पर पैदल चलकर लोगों को हैरान कर दिया और विश्व रिकार्ड कायम किया। अब इस दिशा में पहली बार रोबोटिक्स में उम्मीद जगी है। कानेर्गी मेलॉन यूनिवर्सिटी के रोबोटिक्स इंस्टीट्यूट (आरआई) के शोधकताओं ने एक ऐसी प्रणाली तैयार की है जो एक संकीर्ण संतुलन बीम पर चलने के लिए रोबोट को कारगर बनाता है। चार पैरों वाले इस प्रोटोटाइप रोबोट का परीक्षण भी हुआ है। इसे अपने तरह की पहली उपलब्धि माना जा रहा है क्योंकि खुद ही संतुलन बनाते हुए चलना कोई आसान काम नहीं है। किसी रोबोट के लिए यह और भी

» पेज 2 भी देखें

### हार्डवेयर रोबोट के बड़े पैमाने पर वितरण को नहीं बदलता हैं

टीम का समाधान एक प्रतिक्रिया व्हील एक्ट्यूएटर (आरडब्ल्यूए) प्रणाली को नियोजित करता है जो ऐसे रोबोट के पीछे स्थापित होता है। एक नई नियंत्रण तकनीक की मदद से, आरडब्ल्यूए रोबोट को अपने पैरों की स्थिति से स्वतंत्र संतुलन बनाने की अनुमति देता है। आरआई स्नातक छात्र ची-येन ली और मैकेनिकल इंजीनियरिंग स्नातक छात्रों शुओ यांग और बेंजामिन बोक्सर के साथ परियोजना पर काम करने वाले मैनचेस्टर ने कहा, रोबोट में मूल रूप से मोटर के साथ एक बड़ा चक्का है। यदि आप भारी चक्का को एक तरह से घुमाते हैं, तो यह उपग्रह को दूसरी तरह से घुमाता है। अब इसे लें और इसे चौगुने रोबोट के शरीर पर रख दें। रोबोट के कोणीय गति पर नियंत्रण प्रदान करने के लिए टीम ने एक प्रोटोटाइप बनाया। मैनचेस्टर ने कहा कि आरडब्ल्यूए के लिए मौजूदा नियंत्रण ढांचे को संशोधित करना आसान था क्योंकि हार्डवेयर रोबोट के बड़े पैमाने पर वितरण को नहीं बदलता है, न ही इसमें पूंछ या रीढ़ की संयुक्त सीमाएं होती हैं। इस तरह की बाधाओं के लिए और एक अंतरिक्ष यान का एक आदर्श मॉडल) की तरह तैयार किया जा सकता है और एक मानक मॉडल-भविष्य कहनेवाला नियंत्रण एल्गोरिथ्म में एकीकृत किया जा सकता है।

# लाखों ईवीएम का खराब पाया जाना छोटी बात नहीं : कांग्रेस

**राष्ट्रीय खबर**



**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि लाखों ईवीएम मशीनों का खराब पाया जाना और विपक्ष को विश्वास में लेकर उनकी मरम्मत का काम नहीं करना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए ठीक नहीं है और ऐसे में सरकार तथा चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और इस पर लोगों का विश्वास बनाये रखने के लिए सख्त कदम उठाए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार 37 प्रतिशत वीवीपैट मशीनें खराब पाई गई हैं। पिछले 2019 में हुए लोकसभा चुनाव से लेकर उसके बाद के तमाम चुनावों में इन्हीं का इस्तेमाल किया गया है। उनका कहना था कि एक ही सीरीज के सीरियल नंबर वाली हजारों मशीनों के खराब होने पर भी इनको ठीक करने के लिए जो मानक यानी एसओपी होते हैं उनका भी पालन नहीं किया

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जम्मू कश्मीर में जवानों के शहादत पर जताया शोक

रांची : झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने जम्मू कश्मीर के पुंछ में आतंकी हमले में 5 जवानों की शहादत पर शोक व्यक्त किया है। हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर लिखा कि 5 अमर वीर जवानों की शहादत की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। परमात्मा वीर जवानों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। अमर वीर जवानों की शहादत को शत-शत नमन।बता दें कि गुरुवार 20 अप्रैल दोपहर करीब तीन बजे जम्मू कश्मीर के पुंछ में सेना के एक वाहन में अचानक आग लग गयी थी। बताया गया कि सेना के जवान ट्रक से सब्जी और अन्य जरूरी सामान लेने गये थे। शुरूआत में इसे हादसा माना गया। लेकिन बाद में साफ हुआ कि यह आतंकी हमला है। आतंकी हमले में शहीद हुए पांच जवानों में से चार पंजाब के और एक ओड़िशा के रहने वाले थे। इनमें लांस नायक देबाशीष बसवाल, लांस नायक कुलवंत सिंह, सिपाही हरकिशन सिंह, सिपाही सेवक सिंह और हवलदार मनदीप सिंह शामिल हैं।

**प्रहार** आज धुर्वा थाना में पूछताछ केलिए जायेंगे प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद ,कहा

# जनभावनाओं को पुलिसिया दमन से कुचलना चाहती है राज्य सरकार : दीपक

- भाजपा नेता धुर्वा थाना में सवालों का उत्तर देंगे
- लोकतंत्र में आंदोलन जनता का अधिकार
- भाजपा के लोग मुकदमों से कतई नहीं डरते हैं

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** आगामी 22 अप्रैल को धुर्वा थाना में पूछताछ केलिए जायेंगे प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश,विधायक सीपी सिंह,नवीन जायसवाल,समरी लाल। यह सभी संवैधानिक तरीके से सभी सवालों के जवाब देंगे। विगत 11अप्रैल को प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम ने हेमंत सरकार की दमनकारी सोच को पूरी तरह उजागर कर दिया है। यह सरकार अपने खिलाफ आंदोलन करनेवालों के साथ आतंकवादियों ,देशद्रोहियों जैसा व्यवहार करती है। अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने केलिए यह सरकार अत्याचारी बन गई है। इसलिए लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे नेताओं पर यह सरकार संगीन अपराध की धाराएं लगाती है ,आनन फानन में नोटिस भेज कर पूछताछ केलिए थाना बुलाती है। हेमंत सरकार के ऐसे कृत्यों पर बोलते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा मुकदमों से नही डरती। भाजपा ने जनभावनाओं के अनुरूप सदन से सड़क तक राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार,ठगबंधन की वादा खिलाफी को उजागर करने केलिए संकल्पबद्ध है।

श्री प्रकाश ने कहा कि उनके साथ भाजपा विधायक सीपी सिंह,नवीन जायसवाल,समरी लाल एवम सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक 22अप्रैल को धुर्वा थाना में पूछताछ केलिए हाजिर होंगे और सारे सवालों का संवैधानिक रूप से जवाब भी देंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं कार्यकताओं ने कोई पद और शासन का दुरुपयोग करते हुए अपने नाम खान खनिज का आवंटन नहीं कराया है,कोई आदिवासी की जमीन नही हड़पी है,कोई पत्थर ,बालू की लूट नही की है,शराब के घोटाले नही किए हैं,दलितों की जमीन नही लुटवाई है,महिलाओं,किसानों ,युवाओं ,पिछड़ों को प्रताड़ित नही किया है,फिर डर कैसा।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने तो घोषणा करके डंके की चोट पर लूट भ्रष्टाचार,तुष्टिकरण के खिलाफ आवाज बुलंद की। जो एक सशक्त और जागरूक प्रतिपक्ष के नाते पार्टी का धर्म है। भाजपा झारखंड को लूटते ,बर्बाद होते नही देख सकती। उन्होंने कहा कि संवैधानिक प्रक्रियाओं के तहत सभी भाजपा नेता पूछताछ का जवाब देंगे। कहा कि राज्य की जनता यह समझ रही है की जनता की समस्याओं पर आवाज उठाने वालों के खिलाफ हेमंत सरकार कैसा अलोकतांत्रिक व्यवहार कर रही।

### 15 आई ए एस अधिकारियों को विशेष सचिव रैंक में मिला प्रमोशन

**रांची:** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 15 अधिकारियों को अपर सचिव से विशेष सचिव रैंक में प्रोन्नति दी है। सभी अधिकारियों को प्रमोशन का लाभ 1 जनवरी 2023 की तिथि से मिलेगा। प्रमोशन दिए जाने के बाद भी सभी अधिकारियों को अपने वर्तमान पद पर ही बने रहने को कहा गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। प्रोमोशन पाने वालों में निदेशक बागवानी, नेसार अहमद, सचिव जेपीएससी रविरंजन मिश्रा, अपर सचिव स्वास्थ्य आलोक त्रिवेदी, डीडीसी गोड्डा संजय सिन्हा, अपर सचिव ऊर्जा विभाग मनोज जायसवाल, अपर नगर आयुक्त चास अनिल कुमार सिंह, अपर सचिव खान हरि कुमार केशरी, परियोजना निदेशक समेकित जनजाति विकास अभिकरण लातेहार इंदु रानी, डीडीसी सिमडेगा अरूण वाल्टर संगा, अपर सचिव राजस्व,निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग दशरथ चंद्र दास, अपर सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग सुमन कैथरिन किस्पोट्टा, अपर सचिव खान विभाग बालकिशुन मुंडा, अपर सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग लालचंद डाडेल, अपर सचिव पर्यटन विभाग गायत्री कुमारी को विशेष सचिव रैंक में प्रोन्नति दी गयी।

## पेज एक का शेष

### असम-अरुणाचल का .. ..

हस्ताक्षर को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह शांति और समृद्धि लाने वाला बनेगा। उन्होंने कहा कि 51 साल के बाद, भारत का सबसे पुराना अंतरराज्यीय सीमा अपने नतीजे पर पहुंच गया है और यह प्रधानमंत्री के आशीर्वाद, केन्द्रीय गृहमंत्री के दिशा-निर्देश और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के अथक सहयोग से संभव हुआ है। सरमा ने कहा अरुणाचल प्रदेश के साथ आज का समझौता पिछले दो सालों में मेघालय के साथ किए गए प्रयासों के अनुरुप ही है। इससे पूर्वोत्तर में भाईचारे की भावना बढेगी और हमारा संघीय ढांचा मजबूत होगा क्योंकि यह राज्यों के बीच विवादों को सुलझाने का नया तरीका लाया है।अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सीमा विवाद की समाप्ति को अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बताया और भरोसा जताया कि इससे दोनों राज्यों में शांति और विकास में बड़ा बदलाव आएगा। जिन 123 गांवों पर दावा किया था, उनमें से 71 पर सौहार्दपूर्ण समाधान निकाल आया है। आज के समझौते के तहत निकले 34 गांवों के समाधान शामिल हैं। इन 71 गांवों में से अरुणाचल प्रदेश में से एक गांव को असम में शामिल किया जाएगा, 10 गांव असम में ही बने रहेंगे और 60 गांवों को असम से लेकर अरुणाचल प्रदेश में शामिल किया जाएगा। बाकि बचे 52 गांवों में से 49 गांवों की सीमाएं अगले छह महीनों में क्षेत्रीय समितियों द्वारा तय की जाएंगी, वहीं भारतीय वायुसेना के बमबारी क्षेत्र में आने वाले तीन गांवों का पुनर्वास किया जाना आवश्यक है। इस समझौते के तहत दोनों राज्यों की सरकारें राजी हुई हैं कि 123 गांवों पर यह अंतिम फैसला होगा और यह विवाद समाप्त हुआ।

### तीन गुणा अधिक .. ..

में पाया गया कि 1992 के बाद से, पृथ्वी ने दो बर्फ की चादरों से 8.3 ट्रिलियन टन (7.6 ट्रिलियन मीट्रिक टन) बर्फ खो दी है। यह पूरे संयुक्त राज्य को 33.6 इंच (लगभग 0.9 मीटर) पानी से भरने या फ्रांस को 49 फीट (लगभग 15 मीटर) में डुबोने के लिए पर्याप्त है। यह इसलिए मायने रखता है क्योंकि समुद्र का जलस्तर बढ़ने से लाखों लोग विस्थापित होंगे और/या आर्थिक रूप से प्रभावित होंगे, अगर अरबों नहीं तो और खरबों डॉलर खर्च होंगे।

### राबर्ट वाड्रा डील में .. ..

हलफनामे में कहा गया है कि तहसीलदार, मानेसर, गुरुग्राम द्वारा यह बताया गया था कि मैसर्स स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने 18 सितंबर, 2019 को मैसर्स डीएलएफ यूनिवर्सल लिमिटेड को 3.5 एकड़ जमीन बेची थी। उक्त लेनदेन में किसी नियम का उल्लंघन नहीं किया गया है। तहसीलदार, वजीराबाद, गुरुग्राम से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, यह स्पष्ट रूप से कहा गया था कि विचाराधीन भूमि मैसर्स डीएलएफ यूनिवर्सल लिमिटेड के नाम पर नहीं मिली है। भूमि अभी भी एचएसवीपी/एचएसआईआईडीसी, हरियाणा के नाम पर मौजूद है। उच्च न्यायालय को यह भी बताया गया कि आगे की जांच के लिए एक नई विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया गया है। इसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला पर जो आरोप लगाये गये थे, वे भी जांच में सही नहीं पाये गये हैं।

### पूर्व मंत्री माया कोडनानी .. ..

थे। गुजरात के गोधरा में जिस एक्सप्रेस में हिंदू तीर्थयात्री सफर कर रहे थे। बरी किए गए लोगों के वकील ने एसके बक्शी की विशेष अदालत के बाहर संवाददाताओं से कहा, सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया है। हम फैसले की प्रति का इंतजार कर रहे हैं। सुश्री कोडनानी को नरोदा पाटिया दंगों के मामले में भी दोषी ठहराया गया था जिसमें 97 लोगों की हत्या कर दी गई थी और उन्हें 28 साल की सजा सुनाई गई थी। बाद में उन्हें गुजरात उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया था। नरोदा गाम में नरसंहार 2002 के नौ प्रमुख सांप्रदायिक दंगों के मामलों में से एक था, जिसकी जांच उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त एसआईटी द्वारा की गई थी और विशेष अदालतों द्वारा सुनवाई की गई थी। नरोदा गाम मामले में 80 से अधिक लोगों को आरोपी बनाया गया था; 18 की सुनवाई के दौरान मौत हो गई। इस फैसले से एक बड़ा राजनीतिक और न्यायिक तूफान उठने की संभावना है। खासकर बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार मामले में दोषी ठहराए गए 11 लोगों को पिछले साल नवंबर में गुजरात चुनाव से ठीक पहले छूट दी गई थी।

### चार पैरों वाला रोबोट ...

कठिन काम है। लेकिन शोधकताओं ने इसे सफल कर दिखाया है। आरआई में सहायक प्रोफेसर और रोबोटिक एक्सप्लोरेशन लैब के प्रमुख जाचरी मैनचेस्टर ने कहा यह प्रयोग दरअसल अपने आप में बहुत बड़ा था। वह कहते हैं कि मुझे नहीं लगता कि किसी ने पहले कभी किसी रोबोट के साथ चलने में सफलतापूर्वक बैलेंस बीम किया है। हार्डवेयर का उपयोग करके अक्सर अंतरिक्ष में उपग्रहों को नियंत्रित करने के लिए उपयोग किया जाता है, मैनचेस्टर और उनकी टीम चौगुनी डिजाइन में मौजूदा बाधाओं को संतुलित करने की क्षमता में सुधार करने के लिए काम कर रही है। अधिकांश आधुनिक चतुष्कोणीय रोबोटों के मानक तत्वों में एक धड़ और चार पैर शामिल होते हैं जो प्रत्येक गोल पैर में समाप्त होते हैं, जिससे रोबोट को बुनियादी, सपाट सतहों और यहां तक कि सीढ़ियों पर चढ़ने की सुविधा मिलती है। उनका डिजाइन चार पैरों वाले जानवर जैसा दिखता है, लेकिन चीते के विपरीत जो अपनी पूंछ का उपयोग तेज मोड़ या गिरने वाली बिल्लियों को नियंत्रित करने के लिए कर सकते हैं जो अपनी लचीली रीढ़ की मदद से मध्य हवा में अपने खुद को संतुलित करते हैं। किसी चार पैरों वाले रोबोटों में ऐसे गुण नहीं होते। प्रयोग में, रोबोट 6-सेंटीमीटर चौड़ा बैलेंस बीम के साथ चलता था। मैनचेस्टर मानते हैं कि ऐसा रोबोट जल्द ही प्रयोगशालाओं में मुख्य रूप से अनुसंधान प्लेटफार्मों से व्यापक रूप से उपलब्ध व्यावसायिक उपयोग के उत्पादों में परिवर्तित हो जाएंगे, जहां लगभग 10 साल पहले ड्रोन थे। शोध दल इसे और विकसित करने में जुटा है।

### लाखों ईवीएम का खराब .. ..

गया है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर सरकार क्या छुपा रही है। जब वीवीपैट में खराबी आ गई थी तो उनको समय पर ठीक क्यों नहीं कराया गया और इस संदर्भ में विपक्षी दलों को विश्वास में क्यों नहीं लिया गया। इन सब सवालों का जवाब सरकार और आयोग को देना चाहिए और देश को बताना चाहिए कि इसे छुपा कर क्यों रखा गया। उनका कहना था कि चुनाव कोई भी जीते लेकिन चुनाव प्रक्रिया से लोगों का विश्वास डगमगाना नहीं चाहिए। कांग्रेस उन खबरों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करती है जिसमें अक्सर कहा जाता है कि बिना नंबर के वाहन पर ईवीएम ले जाते हुए पाई गई। भारत लोकतंत्र की जननी कहा जाता है और हमें यह सम्मान हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों के अथक प्रयास से ही मिला है। यदि लोगों के मन में थोड़ा भी संशय है कि कुछ छुपाया जा रहा है तो उसको लेकर पारदर्शी तरीके से लोगों का विश्वास बहाल किया जाना चाहिए।

मन की बात के 100 वें संस्करण को सर्व स्पर्शी और सर्व व्यापी बनाए:कर्मवीर सिंह

# मन की बात कार्यक्रम को कार्यकर्ता उत्सव बनाए: संजय सेठ

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई जिसमे बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी का मार्गदर्शन हुआ। मंच पर सांसद संजय सेठ,रांची महानगर के प्रभारी एवम प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह उपस्थित थे।

संचालन महामंत्री वरुण साहू ने एवम धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री बलराम सिंह ने किया। बैठक में रांची महानगर जिला में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी काजल प्रधान,हेमंत दास,सूरज चौरसिया,राजश्री जयंती,शिवपूजन पाठक,रवि भट्ट,प्रेम मित्तल,संदीप वर्मा संजय जायसवाल,रमेश सिंह,निशी जायसवाल,शोभा यादव, जायसवाल, कृपा शंकर सिंह,महानगर उपाध्यक्ष नीरज सिंह, जीतेंद्र पटेल, जीतेंद्र वर्मा,राजू सिंह,आरती वर्मा, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव,विनोद महतो, पिंटू जायसवाल,सुकेश पांडेय आदि उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का 100 वें संस्करण कार्यक्रम में केवल भाजपा कार्यकताओं ही शामिल नहीं हों बल्कि यह कार्यक्रम सर्व व्यापी और सर्व स्पर्शी बने। इसमें समाज के सभी वर्ग जाति , धर्म ,संप्रदाय के लोग पहुंच कर सुने। उन्होंने कहा कि आम जनता प्रधानमंत्री जी से बेहद प्यार करती है। उनकी हर बातों पर जनता विश्वास और भरोसा करती है। उन्होंने कहा कि 100वा संस्करण भारत के राजनीतिक इतिहास में एक दस्तावेज होगा जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी भारत के ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश की आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया है।

### आलोक दुबे ने ईद की बधाई दी

रांची: प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने माहे - ए- रमजान के अलविदा जुम्मा की मुस्लिम भाइयों को मुबारकबाद दी है। उन्होंने कहा आज रमजान उल मुबारक महीने का आखिरी जुम्मा यानी अलविदा जुम्मा है,अलविदा नमाज के साथ जो भी दुआएं मांगी जाती हैं वह पूरी होती हैं। तपती भीषण गर्मी में रोजेदारों ने 30 दिन कठिन उपवास रखकर तमाम आलम ए इंसानियत की भलाई के लिए दुआऐं मांगते हैं वह कुबूल होती है। रमजान की एक महीने का आज अंतिम दिन है जो हमें संयम,धैर्य, सहनशीलता, करुणा, प्रेम, मित्रता व मानवीय सहयोग का पैगाम देता है तो वहीं दूसरी तरफ हमारे वतन में आपसी मोहब्बत, इत्तेहाद, भाईचारा, सद्भावना,यश,कीर्ति व अमन का भी संदेश देता है। आलोक दूबे ने कहा अलविदा जुम्मा के दिन आपकी सभी मुरादें पूरी हो और आपकी हर दुआऐं कुबूल हों। रमजान का पाक महीना ईश्वर से संबंध सुद्दढ़ करने का प्रभावशाली माध्यम है और समाज के उत्थान में सहायक सिद्ध होता है।आखिरी जुम्मे के साथ आज रमजान का भी अंतिम दिन है।

# भाजपा फिर मुद्दे भटकाने में जुटी है: आभा सिन्हा

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने अडानी को लेकर आज केंद्र सरकार पर करारा हमला बोला। उन्होंने अडानी पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि हिडंनबर्ग की रिपोर्ट में अडानी के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये कैसे आये है इसका उत्तर भाजपा की केंद्र सरकार को देना चाहिए। पर मोदी सरकार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता छीनकर मुद्दा से भटकाने का काम किया। उन्होंने कहा कि इस रिपोर्ट के आने के बाद भारत के सबसे अमीर व्यक्ति और दुनिया के दूसरे नम्बर के अमीर आदमी अडानी के शेयर के दाम तेजी से गिरे, लेकिन बजाय केंद्र सरकार या भाजपा नेताओं द्वारा कोई उत्तर दिए जाने के उल्टा यह कहा जा रहा है कि अडानी पर हमला देश पर हमला है और मुख्य मुद्दे को दूसरी दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दो तरह के तानाशाह होते है, एक वह होते है जो इस बात से डरते है कि कही लोग उससे डरना न बन्द कर दें, दूसरे वह होते है जो विरोधियों का मुंह कुचल कर बन्द करना चाहते हैं। आज सारे विपक्षी दल सरकार के विरोध में है और वही प्रश्न राहुल गांधी ने पूछे थे। देश की जनता केन्द्र की मोदी सरकार पूछना चाहती है कि काफिला लुटा कहाँ ? उन्होंने कहा कि अडानी के खाते में इतनी बड़ी रकम कैसे आयी जब अडानी के शेयर औंधे मुंह गिर रहे थे तब एसबीआई और एलआईसी ने उन्हें अपने पैसे कैसे दिए और किसके आदेश से दिए।

# ओबीसी आरक्षण का प्रस्ताव दोबारा भेजे राज्य सरकार: मोर्चा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** माननीय राज्यपाल महोदय ने ओबीसी के आरक्षण बढ़ाए जाने वाले बिल को वापस कर दिया है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता राज्य सरकार से मांग करता है कि सरकार पुनः कैबिनेट में ओबीसी आरक्षण बिल पास कर लागू करने का प्रस्ताव माननीय राज्यपाल महोदय के पास भेजें। दूसरी बार प्रस्ताव को अमलीजामा पहनाने के लिए राज्यपाल महोदय बाध्य हैं। तत्पश्चात राज्य में होने वाली सारी नियुक्तियों में ओबीसी को तत्काल आरक्षण का लाभ दिया जाए। श्री गुप्ता ने कहा कि ई डब्ल्यू एस का आरक्षण 50% से अधिक किए जाने पर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राज्य सरकार अपने राज्य में आरक्षण बढ़ाने के लिए स्वतंत्र है। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा कॉन्ग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे भी मांग करता है कि आप के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय खरगे जी एवं राहुल जी ने ओबीसी आरक्षण बढ़ाने की मांग केंद्र सरकार से की है। तो झारखंड में उनके गठबंधन की सरकार में आरक्षण बढ़ाई जानी चाहिए । तब ही कथनी और करनी एक समझा जाएगा।

### इडी ने वीरेंद्र राम के दाखिल किया पीसी

रांची : जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में इडी ने प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन (पीसी) दाखिल कर दी है। शुक्रवार को रांची इडी की टीम ने पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट के आवासीय कार्यालय में पीसी दाखिल की है। एऊ ने जो ढउ दाखिल की है, उसमें वीरेंद्र राम के अलावा टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने वाले लोगों के बारे में भी जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही किस-किस को कितना हिस्सा मिलता था और किसकी क्या भूमिका थी, यह जानकारी भी प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन में दी गयी है। विदित हो कि ईडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

# बिरसा मुंडा संग्रहालय में शहीदों का प्रतिमा नहीं लगाना घोर निंदनीय : राजेन्द्र प्रसाद

**राष्ट्रीय खबर**



रांचीः देश की आजादी के लड़ाई में मूलवासी सदान, शहिदों की शहादत किसी से कम नहीं है और देश की स्वतंत्रता की लड़ाई में मूलवासी सदान, स्वतंत्र सेनानियों का इतिहास सबसे पुराना है। लेकिन इसके बाद भी बिरसा मुंडा संग्रहालय में मूलवासी सदान शहीदों का प्रतिमा नहीं लगाना घोर निंदनीय है उक्त बातें मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कही।

प्रसाद ने कहा कि झारखंड में मूलवासी सदानों की घोर उपेक्षा हो रही है। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदान शहिदों को भी सम्मान मिले इसके लिए झारखंड सरकार से हस्तक्षेप करने और मूलवासी सदान ,शहिदों का बिरसा मुंडा संग्रहालय में प्रतिमा लगाने की मांग की है । प्रसाद ने कहा कि कुछ लोग यह जरूर चाहते हैं कि मूलवासी सदान और जनजातियों की एकता को खंडित किया जाए जिससे झारखंड का अहित होता रहे। प्रसाद ने कहा कि बहुसंख्यक मूलवासी सदानों का जब तक उपेक्षा होती रहेगी झारखंड का विकास और उन्नति कभी नहीं होगा झारखंड सरकार को इस सच्चाई को समझना होगा।

**कयास** स्थानीयता और नियोजन नीति में कौन गुमराह कर रहा हेमंत सोरेन को

# भाजपा को पीछे छोड़ने में दोनों फैसले असरदार बने थे

- अलग राज्य के आंदोलन में यही थी मांग
- बाबूलाल और रघुवर दास दोनों ने कोशिश की
- 32 का खतियान दोबारा लागू किया हेमंत ने

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** झारखंड में भाजपा को परास्त कर 2019 में बनी हेमंत सोरेन की सरकार बड़ी लकीर खींचने की तैयारी में थी, लेकिन उनकी कोशिशों पर पानी फिर रहा है। झामुमो, कांग्रेस और आरजेडी के गठबंधन वाली हेमंत सोरेन सरकार ने आरक्षण, नियोजन नीति और स्थानीय नीति जैसे तीन ऐसे फैसले किये, जो अगर लागू हो जाते तो झारखंड के आदिवासियों-पिछड़ों और अनुसूचित जातियों-जनजातियों में हेमंत सोरेन की पैठ और पकड़ मजबूत हो जाती। लेकिन, तीनों फैसलों के लागू हो पाने पर अब प्रश्नचिह्न लग गया है। वैसे स्थानीयता और नियोजन नीति पर बार बार यह अड़ंगा क्यों लगता है, यह सवाल सिर्फ राजनीतिक नहीं है। दरअसल 1932 का खतियान एक ऐसा मुद्दा है, जिसकी वजह से वर्तमान झारखंड में आकर बसे अनेक लोगों को अपना स्थानीय अस्तित्व खतरे में दिखने लगता है।

लंबे समय तक चले अलग राज्य आंदोलन की मुख्य मांग भी यही थी क्योंकि दूसरे प्रदेशों से आये लोगों ने यहां की नौकरियों और जमीनों पर लगातार अपना पकड़ मजबूत कर ली। लिहाजा साल 2000 में बिहार से अलग होकर अलग झारखंड राज्य बनने के बाद से ही स्थानीय नीति की मांग होती रही है। तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने नियोजन नीति का आधार 1932 को बनाया तो राज्य भर में दंगे जैसे हालात हो गए। कई लोगों की प्राण हानि हुई। मामला कोर्ट में गया तो कई कमियों का उल्लेख करते हुए अदालत ने इसे संविधान सम्मत नहीं माना। नतीजा हुआ कि स्थानीय नीति रद्द हो गई। डेढ़ दशक तक ठंडे बस्ते में पड़े रहने के बाद 2014 में रघुवर दास के नेतृत्व में बनी भाजपा सरकार ने फिर स्थानीय नीति बनाने की कोशिश की। तब भाजपा के साथ रहे विधायक सरयू राय को इसकी ड्राफ्टिंग की जिम्मेवारी दी गई। रघुवर ने जो नीति बनाई, उसमें 1985 को कट आफ ईयर माना गया।

यानी झारखंडी कहलाने की शर्त 1985 रखी गई। इसी आधार पर पांच साल तक झारखंड में काम सुचारू रूप से चलता रहा, लेकिन 1932 के आधार पर स्थानीय नीति की चिंगारी भी समानांतर सुलग रही थी। 2019 में रघुवर दास की सरकार जाने के बाद हेमंत सोरेन को सत्ता मिली तो उन पर 1932 के खतियानी को ही झारखंडी बनाने का दबाव बढ़ने लगा। पहले तो उन्होंने यह कह कर साफ मना कर दिया कि 1932 को आधार बना कर स्थानीय नीति बनाने में कानूनी पेंच हैं, लेकिन अपने पक्ष में वोटरों को लामबंद करने के लिए उन्होंने पिछले ही साल 1932 को ही आधार बना कर स्थानीय नीति का प्रस्ताव विधानसभा से पास करा दिया। इसे अपनी बड़ी उपलब्धि के रूप में उन्होंने प्रचार भी खूब किया। खतियानी जोहार यात्रा निकाली और जिलों में जाकर अपनी सरकार की इस बड़ी उपलब्धि को लोगों तक पहुंचाने लगे। राज्यपाल ने विधेयक को जैसे ही लौटाया, सरकार की हवा निकल गई। अह हालत यह कि जिनके लिए सरकार ने ये फैसले लिये थे, अब वे ही हेमंत सोरेन के खिलाफ खड़े हो गए हैं। झारखंड के आदिवासी-मूलवासी समाज के लोगों को अधिकाधिक नौकरी देने के लिए सोरेन की सरकार ने नई नियोजन नीति बनाई। हाईकोर्ट ने इसे भी खारिज कर दिया। अब वही युवा, जो हेमंत सोरेन के कसीदे पढ़ने में मशगूल थे, उनके खिलाफ प्रदर्शन नारेबाजी कर रहे हैं। उनका घेराव कर रहे हैं। दूसरी तरफ फाइलों को लौटाने वाले राज्यपाल रमेश बैस चुनाव आयोग से आये लिफाफा को चिपका हुआ छोड़कर अन्यत्र स्थानांतरित हो चुके हैं।

**शहर >> अपडेट**

### राजधानी में बदला मौसम का मिजाज

**रांची:** राजधानी रांची समेत झारखंड के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदल गया है। पिछले कुछ दिनों से लोग तेज धूप और गर्मी से परेशान थे लेकिन मौसम के अचानक बदलने से गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। शुक्रवार को सुबह से ही राजधानी रांची में ठंडी हवाएं चल रही है। राजधानी के कुछ जगहों पर सुबह सबेरे बूंदा-बांदी बारिश भी हुई। राजधानी रांची के अलावे राज्य के कई हिस्सों के तापमान में आई अचानक गिरावट की वजह से मौसम का ऐसा असर देखने को मिल रहा है। राजधानी रांची में सुबह से ही आसमान में बादलों के चादर ओढ़े दिख रहा है। हालांकि सुबह सूरज की तेज किरणें पड़ी लेकिन बादल में डेरा डालकर सूरज को भी आसमान में छिपा दिया। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य के तापमान में शुक्रवार को गिरावट दर्ज की गई है। 20 अप्रैल को 40 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। जिसमें गिरावटें आई है। गर्मी की तपिश से परेशान उन लोगों के लिए राहत भरी खबर है कि ऐसा ही मौसम आज से अगले तीन दिनों तक रहेगा।

**समीक्षा** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने टेक्निकल व सिविल वर्क की समीक्षा

# गर्मी में लोगों को न हो पेयजल आपूर्ति की परेशानी : राहुल

- संचालित योजनाओं की कार्य प्रगति की ली जानकारी
- खराब चापानलों के मरम्मत को माइक्रोप्लान बनाने का निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को टेक्निकल एंड सिविल वर्क से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त दिनेश यादव, निदेशक डीआरडीए रामवृक्ष महतो, जिला योजना पदाधिकारी विनय कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, जिला विकास शाखा, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी-1 एवं 2, जिला अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास कार्य प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।
बैठक में उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता, भवन प्रमंडल, जिला परिषद, सिंचाई, सड़क, विद्युत, स्पेशल डिविजन आदि विभागों द्वारा जिला में चल रही योजनाओं की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त द्वारा वर्तमान में पेयजलापूर्ति में आने वाली समस्या के संबंध में पेयजल आपूर्ति विभाग के कार्यपालक अभियंता से जानकारी ली गयी। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि अपर्याप्त एवं अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण पूरी क्षमता से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। उपायुक्त द्वारा विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी से विद्युत आपूर्ति में आ रही परेशानियों से अवगत होते होते हुए नियमित विद्युत आपूर्ति करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।
बैठक में ग्रीष्मकाल में आमजनों को पेयजल की समस्या ना हो इसके लिए चापानल की अविलंब मरम्मत का निर्देश संबंधित अधिकारियों को उपायुक्त द्वारा दिया गया।
उन्होंने जिला में खराब चापानलों के मरम्मत हेतु माइक्रोप्लान अविलंब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के निदान हेतु पेयजल स्वच्छता विभाग को कंट्रोल रूम की स्थापना कर व्यवस्थित संचालन का निर्देश उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह कंट्रोल रूम का विजिट करेंगे। वैसे योजनाएं जो क्रियान्वयन के स्तर पर है उन्हें नियमानुसार त्वरित गति से अनुमोदन करते हुए क्रियान्वित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया।
बैठक में पथ निर्माण विभाग द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बनायी जा रही सड़कें, सड़क चौड़ीकरण, फ्लाई ओवर निर्माण आदि महत्वपूर्ण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गयी। इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए की जानेवाली आवश्यक प्रक्रिया जैसे-भूमि अधिग्रहण, विभिन्न विभागों से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट प्राप्त करने, फॉरेस्ट क्लीयरेंस की जानकारी उन्होंने ली। उपायुक्त ने सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

**न्यूज फटाफट**

### स्वस्थ शरीर और सतत जीवन का आधार है स्वच्छ पृथ्वी: डॉ नीता पांडेय



**रांची** : कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर 'सुरक्षित पृथ्वी स्वस्थ जीवन थीम' पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रीसिंपल डॉ। नीता पांडेय ने बच्चों को पृथ्वी का महत्व समझाया। डॉ। नीता पांडेय ने कहा कि पृथ्वी एक ऐसा ग्रह है, जहां जीवन के विकास सहित अन्य मानव संसाधन उपलब्ध हैं। इस ग्रह पर हमारी असंख्य पीढ़ियां पली-बढ़ी हैं। आने वाले समय में भी कई पीढ़ियां यहां विकसित होंगी। इसलिए हमारा यह दायित्व है कि हम पृथ्वी को सुरक्षित रखने में अपना महत्तम योगदान दें। प्रीसिंपल ने आगे कहा कि हमारी जागरूकता और छोटी-छोटी आदतें पृथ्वी को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।इससे पहले स्कूल में इंटर हाउस नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें यमुना हाउस को पहला, सतलज और गोदावरी हाउस को दूसरा और गंगा हाउस को तीसरा स्थान मिला। इस अवसर पर बच्चों ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रदर्शनी के लिए कबाड़ की वस्तुओं से उपयोगी सामान बनाकर पृथ्वी को स्वच्छ रखने का संदेश दिया।

### बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर में शेड निर्माण में सुदेश महतो करेंगे सहयोग



**रांची:** बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर जोन्हा में निजी ग्राउंड और न्यू आर्चरी शेड बनाने के लिए मुख्य संरक्षक सुदेश महतो सहयोग करेंगे। सेंटर की अध्यक्ष नेहा महतो और एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो ने इसमें दिलचस्पी दिखाते हुए पहल शुरू कर दी है। अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज दीप्ति कुमारी को बधाई देने उसके घर पहुंचे दोनों ने यह जानकारी दी। हाल ही में संपन्न हुए फर्स्ट वूमेन नेशनल रैंकिंग आर्चरी चैंपियनशिप में चैंपियन बनकर लौटी दीप्ति कुमारी को बुके देकर सम्मानित किया गया। दीप्ति ने हाल में मिली उपलब्धि पर अपने साथी खिलाड़ी और एकेडमी के सभी कोच के लिए एक स्पेशल ट्रीट दिया था। मौके पर वर्ल्ड चैंपियनशिप आयरलैंड और एशिया कप के लिए चयनित रोहित कुमार को भी नेहा और सुदेश महतो ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मीना कुमारी को खेलो इंडिया स्कीम में शामिल किए जाने पर बधाई दी। मौके पर अंतरराष्ट्रीय कोच सह सचिव बिरसा मुंडा आर्चरी एकेडमी के प्रकाश राम, कोषाध्यक्ष शिशिर महतो, अंतरराष्ट्रीय कोच रोहित कोइरी, अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाज मधुमिता कुमारी, राष्ट्रीय तीरंदाज सह बोकारो जिला तीरंदाजी संघ के सचिव कारण कुमार कर्मकार सहित कई और खिलाड़ी शामिल थे।

## चेरो और बथुडी जनजाति पर बनी फिल्म का पोस्टर रिलीज

राष्ट्रीय खबर

**रांची :** अनुज कुमार के निर्देशन पर बनी फिल्म चेरो और बथुडी का पोस्टर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गया। इन दोनों फिल्मों की शूटिंग झारखंड में हुई है। इसके पात्र चेरो और बथुडी समाज से जुड़े लोग है। क्रू मेंबर भी झारखंड के ही हैं। नेशनल और इंटरनेशनल अवॉर्ड पा चुके अनुज कुमार बताते हैं कि यह एक ऐसी कहानी है जो अभी तक सामने नहीं आयी है। इन जनजातियों का निवास जंगल तक ही सीमित है। हमारी कोशिश लोगों तक उनकी कहानियां, जीवन शैली, गीत संगीत और कला संस्कृति को पहुंचाना है।चेरो समाज झारखंड के पलामू क्षेत्र से हैं। यह झारखंड की आदिम जनजाति में से एक है। यह फिल्म बताती है कि चेरो एक योद्धा समुदाय होने के बाद भी अपने वर्चस्व को बचा कर नहीं रख पाये। अब वे आदिम जनजाति की श्रेणी में आ चुके हैं। इस फिल्म में चेरो जनजाति के ऐतिहासिक महत्व को दिखाया गया है। पहले राजवंश कैसा था, अभी कैसा है। वहीं बथुडी भी एक आदिम जनजाति है, जो झारखंड और ओडिशा की सीमा में पाये जाते हैं। बथुडियों का अपना छग्गु नृत्य है। बथुडी एक कृषक समुदाय है और वे खुद को बलराम और सुभद्रा के वंशज बताते हैं।

जिप उपाध्यक्ष ने कार्रवाई करने के लिए लिखा है

# परीक्षार्थियों को कुरमाली की जगह संस्कृत का प्रश्नपत्र दिया गया



राष्ट्रीय खबर

**चांडिल:** चांडिल अनुमंडल के कुकडू प्रखंड अंतर्गत लेटेमडा माध्यमिक विद्यालय के तीन परीक्षार्थियों को उनकी मातृभाषा कुरमाली में परीक्षा देने से मना कर दिया गया। तीनों अभ्यर्थी आठवीं कक्षा के छात्र हैं। उसकी परीक्षा उत्कुर्म हाई स्कूल इचाड़ी में हुई थी। उनके एडमिट कार्ड में कुमार्ली भाषा का भी जिक्र है। यदि परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र नहीं आता है, तो केंद्र सुपर सभी को संस्कृत का प्रश्न पत्र देता है और उन्हें परीक्षा लिखने की अनुमति देता है। इलाके में इसके विरोध और कुर्मी समाज द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखे जाने के बाद जांच के आदेश दे दिये गये हैं। जांच प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को सौंपी गई है। सरायकेला-खोरसनार जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो ने जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र लिखकर उक्त परीक्षा निरस्त कर पुनः परीक्षा कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सर्व शिक्षा योजना के तहत बच्चों को उनकी मातृभाषा में पढ़ने की सुविधा दी है। वहीं क्षेत्र में इसका घोर उल्लंघन किया जा रहा है। इस मामले में संबंधित स्कूल के शिक्षक व शिक्षक के खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाए। संस्कृत का प्रश्न मिलने पर अभ्यर्थियों ने विरोध किया, लेकिन केंद्र अधीक्षक ने उन्हें बताया कि कुमार्ली का प्रश्न पत्र नहीं आया है, इसलिए उन्हें संस्कृत विषय की परीक्षा लिखनी है।

## ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन, तुपुदाना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विशेष शिविर के पांचवें दिन ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मनोवैज्ञानिक एवं काउंसलर डॉ भूमिका उपस्थित थीं। उन्होंने हुलहुंडु गांव के ग्रामीणों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों के बीच मानसिक स्वास्थ्य एवं समाज अनुकूल व्यवहार को प्रोत्साहित किया। डॉ भूमिका ने बताया कि कोरोना महामारी के बाद लोगों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्तर पर काफी परिवर्तन आया है। परिवार, समाज एवं व्यवसाय में समायोजन के लिए स्वस्थ मस्तिष्क का होना आवश्यक है। आत्महत्या की बढ़ती दर एवं बढ़ते असामान्य व्यवहार को नियंत्रित करने के लिए लोगों को समय-समय पर परामर्शदाता से संपर्क करना चाहिए। शिविर में आकर मैंने महसूस किया कि लोगों को काउंसलिंग के बारे में अधिक से अधिक जागरूक करने की आवश्यकता है। मौके पर ग्रामीणों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों की काउंसलिंग की गई। इसकी सहायता से मानसिक तनाव, दबाव सहित असामान्य व्यवहार के कारण एवं इसके निदान संबंधित सुझाव दिया गया। निदेशिका डॉ रश्मि ने बताया कि मानसिक व्यवहार से ही सामाजिक व्यवहार निर्धारित होता है इसलिए मानसिक अभ्यास करते रहना चाहिए और जीवन में योग, ध्यान व शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना चाहिए। शिविर में डॉ अनीता मिश्रा, शोभा सिंह, अभिषेक कुमार सहित सभी व्याख्याता एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### केवल रस्म आदयगी तक ही सीमित न रहे पृथ्वी दिवस

**रांची:** जीवनदायिनी पृथ्वी और प्रकृति का संदेश देने के लिए श्री अग्रसेन स्कूल में शुक्रवार को पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच पेंटिंग, स्लोगन, निबंध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने अपने नजरिये को रखते पृथ्वी के नष्ट होने का कारण और उसके संरक्षण के उपायों पर चर्चा किया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूक करने और पृथ्वी को बचाने का संकल्प लिया।
जीवनदायिनी पृथ्वी और प्रकृति का दोहन कर रहे हैं, वह हैरान और परेशान करने वाला है। नदियां सूख रही हैं। वृक्ष गायब हो रहे हैं। पक्षी विलुप्त हो रहे हैं। जमीन बंजर होती जा रही है। हवा में जहर घुल रहा है। यहां हम सभी को सोचना होगा कि क्या हम अपने बाद नई पीढ़ी के लिए एक ऐसा प्रदूषित, बंजर, बदसूरत पृथ्वी छोड़कर जाना चाहेंगे।




**परेशानी** इंसानी दिमाग पर बुरा असर डालती है अधिक गर्मी

# अकारण झगड़ा और विवाद का एक कारण अत्यधिक गर्मी भी है

- पेट्रोल पंप या ट्रैफिक जाम में अक्सर नजर आता है
- मनोश्चिकित्सक गर्मी में ऐसे अधिक लोग पाते हैं
- बिना बात का भी उलझना इसकी पहचान है

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** कई स्थानों पर मामूली बातों पर लोगों को आपस में उलझते देखकर आम आदमी हैरान होता है। जिन मुद्दों पर झगड़ा नहीं होना चाहिए, उस पर भी कई बार लोग हाथापायी पर उतर आ रहे हैं। ऐसा उदाहरण रांची के पेट्रोल पंपों पर पहले पेट्रोल लेने अथवा सड़क चलते दो बाइकों के सवारों में आगे निकलने के दौरान देखा इनदिनों आम बात है। कई बार अपर बाजार की तंग गलियों में दो चार पहिया वाहनों के बीच से अपनी दो पहिया निकालने में जुटे मोटरसाइकिल या स्कूटर सवार भी इसी बात पर उलझ जाते हैं। वैसे पहले निकलने की चाह में सामने वाले वाहनों का रास्ता रोककर खड़ा होना भी इसमें शूमार है। इससे कई बार पहले ट्रेफिक जाम और बाद में वाद विवाद होने लगता है। अक्सर ऐसे विवादों को सुलझाने में पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ जाता है।

अब गर्मी के मौसम पर इन परिस्थितियों के बारे में मानसिक चिकित्सा विशेज्ञषों ने कहा है कि इस तरह की घटना के लिए तापमान-प्रेरित तनाव को जिम्मेदार ठहराया है। चिकित्सक अपने ओपीडी में तापमान (गर्मी) से संबंधित तनाव के रोगियों की संख्या में वृद्धि देख रहे हैं। मनुष्य के व्यवहार करने के तरीके पर तापमान का सीधा प्रभाव पड़ता है और इसलिए, गर्मियों के दौरान, ज्यादातर मई से जून तक, रोगियों की आमद बढ़ जाती है।

दूसरे शब्दों में कहा जाए तो अत्यधिक गर्मी में इंसानी दिमाग अपना संतुलना खोने लगा है। इसी वजह से सड़कों पर अनियंत्रित व्यवहार जिसमें कोई अत्यधिक आक्रामक हो जाता है और हिंसक व्यवहार प्रदर्शित करता है, जिनमें से अधिकांश अकारण होते हैं। एक मनोचिकित्सक ने इस तरह के व्यवहार को सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर (एसएडी) करार दिया।

## शहर >> अपडेट

### लायंस क्लब ने विद्यालय को भेंट किया पंखा

**बोकारो:** लायंस क्लब के आरपी खन्ना, मनोरमा चड्ढा एवं दिनेश चड्ढा की ओर से बिरसा मुंडा निशुल्क विद्यालय को दो पंखा भेंट किया। इस दौरान क्लब ने बच्चों के बीच बिस्किट एवं फ्रूटी का भी वितरण किया। विद्यालय के संस्थापक परशुराम राम ने कहा कि विद्यालय में पंखा के कमी होने के कारण बच्चों को गर्मियों का सामना करना पड़ रहा था।

## क्राइम शॉर्ट अपडेट्स >>

### कानून व्यवस्था को बेहतर करने की मांग

**चास:** बोकारो में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की कार्यकारिणी की बैठक सिटी सेंटर के होटल जिंजर में हुई। अध्यक्षता उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने करते हुए कहा कि बोकारो के हृदय स्थल सिटी सेंटर में व्यापारी के प्रतिष्ठान पर गोली चला कर अपराधियों ने सीधे कानून व्यवस्था को चुनौती देने का प्रयास किया है। श्री सिंह ने कहा कि इस घटना से शहर के व्यवसायियों में भय पैदा करने का प्रयास किया गया है। चैंबर के संरक्षक संजय बैद ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था से ही उद्योग व्यापार का संचालन सुचारु रुप से किया जा सकता है। बैद ने बोकारो पुलिस से मांग किया कि जल्द से जल्द घटना का उद्भेदन कर व्यवसायियों का विश्वास यथावत रखें। चैंबर के बिनय सिंह, जगमोहन सिंह जग्गी, राजकुमार जयसवाल, महेश गुप्ता, प्रकाश कोठारी ने पुलिस प्रशासन से बोकारो की कानून व्यवस्था स्थिति को और सुदृढ़ एवं बेहतर करने की मांग की। चैंबर के महामंत्री सिद्धार्थ पारख ने कहा कि चैंबर पूरी तरह से प्रभावित व्यवसायी के साथ खड़ा है और ऐसी किसी भी घटना का पुरजोर तरीके से विरोध किया जाएगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### टीसीआईएल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

**बोकारो:** बोकारो स्टील प्लांट और इसके अधीनस्थ इकाइयां झारखंड ग्रुप ऑफ माइंस, कोलियरी, सीसीएसओ, एसआरयू सहित गैर-संकार्य कार्य क्षेत्रों में 5जी, आईटी दूरसंचार प्रौद्योगिकी और अन्य वायरलेस संचार तकनीकों के उपयोग के लिए सेल-बोकारो स्टील प्लांट और टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। बीएसएल की ओर से अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए तथा विटनेस के रूप में सीजीएम (मेंटेनेंस) शरद गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। टीसीआईएल की ओर से ईडी (आईटी और टेलीकॉम) अलका सेलोट अस्थाना ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और विटनेस के रूप में जीएम (डिजिटल परिवर्तन) संजय कुमार, ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री तिवारी ने कहा कि समझौता ज्ञापन के परिणामस्वरूप सेल, टीसीआईएल की मदद से समर्पित 5जी नेटवर्क स्थापित करने की पहल करने वाला देश का पहला पीएसयू बन जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि यह समझौता ज्ञापन 5 जी, आईटी दूरसंचार प्रौद्योगिकियों का इस्पात निर्माण में संभावित अनुप्रयोगों तथा माइंस के विकास, स्मार्ट सिटी जैसे अन्य क्षेत्रों में नवीन समाधानों और नए अवसरों का मार्ग भी प्रशस्त करेगी। श्री तिवारी ने विश्वास जताया कि टीसीआईएल का इस क्षेत्र में समृद्ध अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ बोकारो स्टील प्लांट को मिलेगा और दोनों संगठन इस साझेदारी से लाभान्वित होंगे।

**बैठक** कंपनियां सीएसआर दायित्वों के निष्पादन में लाएं तेजी: कुलदीप

# जिला कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी समिति की बैठक आयोजित




**पिछली बैठक में समिति द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन की क्रमवार चर्चा की गई**

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिला कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी समिति की बैठक हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 22-23 के तहत जिले में विभिन्न कंपनियों, उद्योगों के तहत किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही, पिछली बैठक में समिति द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन की क्रमवार चर्चा की गई।

मौके पर उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी, सिविल सर्जन डॉ. एबी प्रसाद, डीडब्ल्यूओ मेनका, राज्य के प्रतिनिधि अभीषेक कुमार सिंह, सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे। बैठक में क्रमवार विभिन्न कंपनियों, उद्योगों द्वारा सीएसआर के तहत किए गए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों, सीएसआर हेड आदि को कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत दिए गए कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा।

साथ ही इन कार्यों को गंभीरता से लेने की बात कहीं। उन्होंने सीएसआर के तहत संचालित सभी योजनाओं, कार्यों की प्रगति प्रतिवेदन तैयार कर जिला समिति को प्रतिमाह अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने की बात कहीं। समीक्षा क्रम में सीएसआर के तहत 42 योजनाओं में से लगभग 36 योजनाएं, कार्य पूर्ण पाया गया। जिस पर उपायुक्त ने संतोष व्यक्त करते हुए आगे भी कंपनियों को इसे जारी रखने को कहा। वहीं, शेष कंपनियां जिनके द्वारा कार्य अपूर्ण था, सभी को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जिला उद्योग विभाग के प्रतिनिधि, बोकारो स्टील लिमिटेड, दामोदर घाटी निगम, आईईएल, बीपीएसईएल, आइओसीएल, वेदांता इलेक्ट्रोस्टील, सीसीएल, ओएनजीसी, एचपीसीएल आदि कंपनी, उद्योगों के प्रतिनिधियों, सीएसआर हेड आदि उपस्थित थे।

### शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा शुक्रवार को संपन्न हो गया

**बुढ़मू :** ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के उरुगुट्ठू तथा गेसवे गांव में शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा शुक्रवार को संपन्न हो गया। इससे पूर्व गुरुवार की शाम भक्तियों ने लोटन सेवा,धुँआसी आदि अनुष्ठान संपन्न किया। इसके बाद हर हर महादेव के गगनचुंबी जयघोषों के बीच उरुगुट्ठू मे 250 तथा गेसवे में 200 भक्तियों ने दहकते अंगारे पर चलकर पवित्र फुलखुन्दी अनुष्ठान संपन्न किया। उरुगुट्ठू में बंगाल से आये छऊ नृत्य मंडलियों ने पूरी रात अपने प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं गेसवे में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## न्यूज फटाफट

### पवित्र फुलखुन्दी अनुष्ठान संपन्न

ठाकुरगांव-थाना क्षेत्र के उरुगुट्ठू तथा गेसवे गांव में शिव उपासना का पर्व मंडा पूजा शुक्रवार को संपन्न हो गया। इससे पूर्व गुरुवार की शाम भक्तियों ने लोटन सेवा,धुँआसी आदि अनुष्ठान संपन्न किया। इसके बाद हर हर महादेव के गगनचुंबी जयघोषों के बीच उरुगुट्ठू मे 250 तथा गेसवे में 200 भक्तियों ने दहकते अंगारे पर चलकर पवित्र फुलखुन्दी अनुष्ठान संपन्न किया। उरुगुट्ठू में बंगाल से आये छऊ नृत्य मंडलियों ने पूरी रात अपने प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं गेसवे में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन सांसद संजय सेठ,विधायक समरीलाल तथा जिप सदस्य मनोज वाजपेयी ने किया। शुक्रवार को भक्तियों ने झूलन कार्यक्रम किया।



धरती की रक्षा के आह्वान के साथ डीपीएस में मनाया गया पृथ्वी दिवस

# धरती मेरी माता है, माता को प्रणाम करो...




राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** संपूर्ण जीव-जगत को अपनी गोद में शरण देने वाली धरती मां की रक्षा के आह्वान के साथ शुक्रवार को डीपीएस बोकारो में पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यालय के कालिदास कला भवन में छात्र-छात्राओं ने अर्थ डे की इस वर्ष की थीम इन्वेस्ट इन अवर प्लानेट यानी हमारे ग्रह में निवेश पर आधारित आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सर्वप्रथम बच्चों ने समूह गान धरती मेरी माता है, माता को प्रणाम करो... की सुरमयी प्रस्तुति के जरिए पृथ्वी के सम्मान तथा इसकी सुंदरता बनाए रखने को लेकर अपील की। इसके बाद मुझसे ही तू जिंदा है, न काटो मुझे बड़ा दुखता है... गीत पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। हरियाली, पेड़-पौधे और प्रकृति से संबंधित वेशभूषा में सजे-धजे बच्चों ने पेड़ काटने सहित वनों पर अत्याचार और इसके दुष्परिणाम का जीवंत चित्रण कर सभी की भरपूर सराहना पाई। इसके बाद विद्यार्थियों व शिक्षकों सहित सभी ने सामूहिक रूप से पृथ्वी की रक्षा की प्रतिज्ञा ली। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने कहा कि पृथ्वी है, तो हम हैं। पृथ्वी को खतरे में डालना अपने अस्तित्व को संकट में डालने के समान है। अतः इसकी रक्षा हम सभी का सामूहिक दायित्व और धर्म है। इस दिशा में उन्होंने बच्चों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। विद्यालय के उप प्राचार्य अंजनी भूषण ने विद्यार्थियों को अपनी मातृभूमि के सम्मान का संदेश दिया। पृथ्वी की रक्षा के लिए उन्होंने अधिकाधिक पौधे लगाने पर बल दिया। इधर, विद्यालय की प्राइमरी इकाई में भी पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में विशेष प्रार्थना सभा हुई, जिसमें कक्षा 3 से 5 के बच्चों ने पृथ्वी बचाओ सुंदर कविता प्रस्तुत की। उन्होंने आकर्षक नृत्य के माध्यम से प्लास्टिक का उपयोग न करने का संदेश दिया। डीपीएस बोकारो द्वारा अभिवंचित बच्चों के शिक्षार्थ संचालित दीपांश शिक्षा केंद्र भी विशेष एसेंबली हुई और विद्यार्थियों ने प्रकृति-रक्षा का संकल्प लिया।

# स्वच्छ, स्वास्थ्य महिला एवं बाल मैत्री पर कार्यक्रम आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**कसमार:** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस सप्ताह के पहले दिन शुक्रवार को कसमार प्रखंड के सभी पंचायतों में हमारा पंचायत स्वच्छ, स्वस्थ महिला एवं मैत्री के थीम पर कार्यक्रम का आयोजन प्रत्येक पंचायतों में किया गया। सुबह स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद स्वच्छ, स्वास्थ्य महिला एवं बाल मैत्री ग्राम पंचायत शपथ ग्रहण कराया गया। स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। बच्चों के बीच अलग-अलग खेल का भी आयोजन हुआ। दुगार्पुर पंचायत के डुंडाडीह स्कूल में बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली। उसके बाद पंचायत भवन के आसपास सफाई की गई। इसी तरह खैराचातर, मंजूरा, कसमार, टांगटोना, मधुकरपुर, मुरहूलसूदी, हिसीम, गर्री, पोंडा, दांतू सोनपुरा, पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि हर वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। 21 से 24 अप्रैल तक अलग-अलग दिनों में सतत विकास लक्ष्य के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना जायेगा। 22 अप्रैल को सुशासित ग्राम पंचायत - ग्राम पंचायत की योजना एवं हिसाब - हर घर के पास, 23 अप्रैल को हरा, स्वच्छ जल प्रचूर एवं जल संपन्न ग्राम पंचायत एवं 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के दिन आत्मनिर्भर, बुनियादी ढांचा एवं सुशासित ग्राम पंचायत पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, महिला समूह की सदस्य, पंचायत स्तर के विद्यालय के शिक्षक आंगनबाड़ी कर्मी, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया, समाजसेवी एवं आमजनों की सहभागिता सुनिश्चित है।

### नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया

**चास:** मारवाड़ी युवा मंच, उड़ान शाखा के द्वारा मारवाड़ी पंचायत चास में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें मोतियाबिंद के मरीजों ने काफी संख्या में भाग लिया। यह शिविर संजीव नेत्रालय, बोकारो के सहयोग से उनकी डॉ दीपिका सिंह एवं उनकी टीम द्वारा आयोजित की गई। शाखा की अध्यक्ष मीनू अग्रवाल ने बताया कि इस निशुल्क नेत्र जांच शिविर में कुल 65 मरीज आए। जिसमें से 20 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन आज संजीव नेत्रालय में संपन्न होगा। उन्होंने गोपाल मुरारका एवं डॉ दीपिका सिंह का इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रतन केजरीवाल ने कहा कि समाज में इस प्रकार के कार्य वंचित गरीब और निर्धन व्यक्तियों के लिए काफी उपयोगी साबित होते हैं और युवा मंच का जो उद्देश्य है वह भी पूरा होता है।

### नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर लगाया

**चास:** मारवाड़ी युवा मंच, उड़ान शाखा के द्वारा मारवाड़ी पंचायत चास में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमें मोतियाबिंद के मरीजों ने काफी संख्या में भाग लिया। यह शिविर संजीव नेत्रालय, बोकारो के सहयोग से उनकी डॉ दीपिका सिंह एवं उनकी टीम द्वारा आयोजित की गई। शाखा की अध्यक्ष मीनू अग्रवाल ने बताया कि इस निशुल्क नेत्र जांच शिविर में कुल 65 मरीज आए। जिसमें से 20 मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन आज संजीव नेत्रालय में संपन्न होगा। उन्होंने गोपाल मुरारका एवं डॉ दीपिका सिंह का इस सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रतन केजरीवाल ने कहा कि समाज में इस प्रकार के कार्य वंचित गरीब और निर्धन व्यक्तियों के लिए काफी उपयोगी साबित होते हैं और युवा मंच का जो उद्देश्य है वह भी पूरा होता है। मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी का सुमन सुहासरिया, विकास अग्रवाल, अनुराग केजरीवाल, खुशी टमकोरिया सहित अन्य उपस्थित थे।

### परिवार कल्याण दिवस के तहत जागरूकता बैठक

**तुपकाडीह :** जरीडीह प्रखड अंतर्गत खुटरी पंचायत स्थित आगनबाड़ी केंद्र ठाकुरटांड में हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र तॉतरी के द्वारा परिवार कल्याण दिवस के माध्यम आमजनों की बैठक रखी गई। जिसमें सीएचओ प्रियंका मुर्मू ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, उचित देखभाल तथा सेंटर में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधा का समुचित लाभ लेने की बात कहीं। कहा कि गांव के निहायत गरीब लोग जानकारी के अभाव में भटकते है। वे गांव के सेविका, सहिया, एएनएम के माध्यम से सही जानकारी व समुचित इलाज करवा सकते है। वहीं एएनएम प्रतिमा सिह एवं शवनम भारती ने बताया कि प्रत्येक माह की 21 तारीख को परिवार कल्याण दिवस के तहत लोगों को जागरूक तथा जांच व इलाज किया जायेगा।

# स्मार्ट क्लास की हुई शुरूआत, स्कूली बच्चों के खिले चेहरे

राष्ट्रीय खबर

**सिल्ली:** पढ़ेगा सिल्ली बढ़ेगा सिल्ली अभियान के तहत विधायक सुदेश कुमार महतो ने शुक्रवार को उत्क्रमित उच्च विद्यालय बनुवाडीह में फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालय में अब बच्चों का स्मार्ट क्लास से डिजिटल पढ़ाई की सुविधा उपलब्ध होगी। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में भी स्कुली बच्चों का भविष्य बदलेगा और शिक्षा में भी गुनात्मक बदलाव होगी। स्मार्ट क्लास के संचालन से अब सरकारी विद्यालय के छात्र भी आधुनिक शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकड़ा ने कहा कि



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में स्मार्ट क्लास एक अच्छी पहल है। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को मनोरंजन के साथ बेहतर तरीके से विभिन्न विषयों की जानकारी दी जा सकेगी। यह योजना छात्र-छात्राओं के लिए वरदान साबित होगी। स्मार्ट क्लास शुरू होने से स्कूली बच्चों में खुशी का माहौल देखा गया। कार्यक्रम का संचालन ब्रज किशोर महतो , स्वागत भाषण सोमरा माझी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन रूप सिंह महतो ने किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, गूँज परिवार के अध्यक्ष सुनील सिंह, उपप्रमुख आरती देवी, मुखिया हरिपद मांझी, पुर्व जिप सदस्य सुशील महतो, प्रधानाध्यापक दीपक महतो, विद्यालय के बच्चे एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, रामगढ़**

**शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित अति–अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या–RDSD/RAMGARH/01/2023-24 जिसका PR No.– 295598 Rural Work Department (2023-24):D में प्रकाशित निविदा को निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है।

- क्रम सं० 5 में परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान– कार्यालय अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के स्थान पर कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ पढ़ा जाय।
- क्रम सं०–06 के आईडेन्टीफिकेशन सं०/पैकेज सं० RDSD/RAMGARH/DMFT/06/2023-24 योजना का नाम Construction of PCC road from H/O Bikha Manjhi ji to School G/P Uparbarga Block- Gola Dist- Ramgarh के स्थान पर **Construction of PCC road from Narsinghdih jatra Mandai to Ghasikhet, At- Narsinghdih G/P Uparbarga, Block-Gola, Dist-Ramgarh** पढ़ा जाय।
- निविदा की शेष सभी शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.295655 Rural Work Department(23-24):D

# कृषि आय

आज के समय प्राकृतिक खेती व जैविक खेती की बहुत आवश्यकता है

# किसानों की आय को बढ़ाना चाहती है केंद्र सरकार: प्रभात

**केंद्र सरकार के इस कदम से भारत का किसान पूरी तरह आत्मनिर्भर बन सकता है**

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो:** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभात रंजन ने कहा कि आज के समय प्राकृतिक खेती व जैविक खेती की बहुत आवश्यकता है। क्योंकि लगातार रासायनिक कीटनाशकों व खाद का प्रयोग करने से भूमि की उर्वरा शक्ति समाप्त होती जा रही है। ऐसे में प्राकृतिक खेती से ही हम अपनी धरती को बर्बाद होने से बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्राकृतिक खेती और श्रीअन्न को बढ़ावा देकर किसानों की दोगुनी आय बढ़ाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। गांव-गांव में जाकर कृषि विभाग की टीम किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित कर रही है। वहीं देश के कृषि वैज्ञानिक किसानों को बेहतर फसल पैदा करने और आय बढ़ाने को लेकर लगातार प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। केंद्र सरकार के इस कदम से भारत का किसान पूरी तरह आत्मनिर्भर बन सकता है। उन्होंने यह बातें बोकारो से रांची जाने के दौरान पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कही। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती वह खेती होती है। जिसमे मानव द्वारा निर्मित किसी भी प्रकार का रसायन या कीटनाशक उपयोग में नहीं लाया जाता।

सिर्फ प्रकृति के दौरान निर्मित उर्वरक और अन्य पेड़ पौधों के पत्ते खाद, पशुपालन गोबर खाद उपयोग लाया जाता है। यह एक प्रकार से विविध प्रकार की कृषि प्रणाली है। जो फसलों और जीव जंतु पेड़ों को एकीकृत करके रखती हैं।

प्राकृतिक खेती में कीटनाशकों के रूप में नीम के पत्ते गाय के गोबर की खाद, कम्पोस्ट, खाद जीवाणु खाद, फसल जानवरों के अवशेष और अन्य प्रकृति में उपलब्ध खनिज जैसे- रॉक फास्फेट, जिप्सम चुना मिट्टी आदि द्वारा पौधों को पोषक तत्व दिए जाते हैं। प्राकृतिक खेती में प्रकृति में उपलब्ध जीवाणुओं, मित्र कीट और जैविक कीटनाशक द्वारा फसल को हानिकारक जीवाणुओं से बचाया जाता है और किसानों को कम लगत में अधिक फायदा होता है, जल प्रदूषण में कमी, स्वादिष्ट भोजन आदि तरह का मुनाफा होता है।

**कार्यालय - जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू (मनरेगा)**
Phone No. 06562-295137 Email. ID - ddc-pal@nic.in

**अतिअल्पकालीन निविदा**

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक (N) 433 (अनु0), दिनांक 30.03.2022 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 में मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत बागवानी हेतु पलामू जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों में जैविक खाद, दवा, कीटनाशक एवं Polythene Sheet सामग्रियों का क्रय किया जाना है। जिले में पंजीकृत ग्राम संगठन/कृषक उत्पादक कम्पनी/कृषक उत्पादक समूह/कृषक को–ऑपरेटिव जिनके पास नीचे अंकित सामग्रियों के कारोबार करने का प्रमाण पत्र एवं GST निबंधन उपलब्ध है, इच्छुक निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 | सामग्री का नाम | विवरणी |
|---|---|---|
| 1 | जैविक खाद (Organic Fertilizer) | Vermi-Compost (in kg) |
| | | FYM (compost) (in kg) |
| | | Neem Oil cake (in kg) |
| | | Karanj Oil cake (in kg) |
| | | Bone meal (in kg) |
| | | SSP (in kg) |
| | | Dolomite (in kg) |
| 2 | फफूंदनाशक (Fungicide) | Trichoderma viridi 1.5% WW (2x10^6-10^8 CFU gm) |
| | | Chlorothalonil 75% WP (in kg) |
| | | Copper Oxychloride (Blue copper Or equivalent) |
| 3 | कीटनाशक (Insecticides) | Fipronil 0.3 GR (in kg) |
| | | Azadirachtin 3000 PPM (in litre) |
| | | Lambda-Cyhalothrin 5% EC (in litre) |
| | | Bifenthrin 2.5% EC,Biflex TC or equivalent |
| 4 | रासायनिक खाद (Fertilizer) | Totocare/Agromin or Equivalent |
| | | Urea |
| | | NPK 10:26:26 (Sufala or equivalent) |
| | | SSP |
| | | MoP (Potash) |
| 5 | पॉलिथीन (Polythene) | Polythene for Jalkund (18ft X 14ft) 250micron UV resistant |
| 6 | अन्य | Nail (कील) (Per kg) (3") |
| | | GI Wire (तार) (Per kg) |
| | | Bamboo (One Pc. 50') |

इच्छुक निविदादाता/आपूर्तिकर्ताओं द्वारा सिलबंद लिफाफे में दिनांक 03.05.2023 के अपराह्न 01.00 बजे तक निविदा जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू कार्यालय में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिन 03.05.2023 अपराह्न 03.00 बजे निविदादाता या प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। लिफाफा पर साफ–साफ शब्दों में बिरसा हरित ग्राम योजना अंकित कर जमा कर सकते हैं। निविदा की शर्तें पलामू के Official Website-www.palamu.nic.in एवं डीआरडीए के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है

उप विकास आयुक्त –सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू

PR 295757 District (23-24)_D

## शहर >> अपडेट

### मारवाडी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा की अनूठी पहल

**रामगढ़** : कड़ी धूप को देखते हुए मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा ने अमृत धारा परियोजना में मारवाडी धर्मशाला के अलावा शहर के विभिन्न स्थानों में प्याऊ लगाया है`जिसे प्यासे राहगिरों को गर्मी में राहत देगा शीतल पेयजल` मारवाडी युवा मंच हमेशा नेक कार्यो के लिए अग्रसर रहता है`मौके पर अध्यक्ष निलिंद अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, रचित अग्रवाल, निखिल अग्रवाल सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर आयोजित किए गए कई कार्यक्रम

**पतरातू** : शुक्रवार को पंचायत कोतो के पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के आयोजन पर दिनांक 21/4/2023 से 24/4/2023 तक विभिन्न प्रकार के निर्देशित कार्यक्रम को सुचारू रूप से करने का निर्णय लिया गया। मौके पर मुखिया निधि सिंह ने कहा प्रखंड द्वारा निर्देशित सभी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति बना ली गयी है जिसमें पंचायत के सभी चयनित प्रतिनिधि, स्वयंसेवकगण, सेविका सहायिकागण, सभी सहिया दीदी सभी स्वयं सहायता समूह की दीदीगण एवं सम्मानित ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है और चारों दिन सभी की उपस्थिति के लिए कहा गया है। सर्व प्रथम अपने पंचायत में सफाई, गंदगी, शांति ब्यवस्था, समाजिक ब्यवस्था को लेकर मुखिया निधि सिंह के साथ सभी प्रतिनिधि व अन्य ने भी शपथ लिया,उपस्थित सभी लोगों ने खुले में शौच पर हर सुरत में रोक लगाने का निर्णय लिया तथा पंचायत सचिवालय प्रांगन से साफ-सफाई अभियान चलाया, और प्रभात फेरी भी निकाली। मुखिया निधि सिंह ने कहा कि जल्द ही नशा मुक्ति अभियान भी चलाया जाएगा जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण भाग लेगे। मौके पर मुख्य रूप उपस्थित जय प्रकाश सिंह ननकी, पं स: अमरेंद्र कुमार आदि उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अग्नि सुरक्षा सप्ताह संपन्न, पुरस्कृत हुए प्रतिभागी

**बेरमो /बोकारो थर्मल** : डीवीसी बोकारो ताप विधुत केंद्र में सीआईएसएफ के द्वारा 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जाने वाले अग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन संयंत्र के अग्निशमन केंद्र में किया गया। समापन समारोह में सीआईएसएफ के द्वारा डेमो दिखाकर उपस्थित सभी आर्श्चकित कर दिए। समारोह में मुख्य अतिथि डीजीएम बीजी होलकर ने कहा की अग्नि सुरक्षा सप्ताह का मूल उद्देश्य लोगों को आग से बचाव के लिए जागरूक करना है। संयंत्र व देश की राष्ट्रीय संपत्ति को अग्नि दुर्घटना से होने वाली क्षति से रोका जा सकता है। सीआइएसएफ इसी विश्वास के साथ समाज में लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रही है। प्रारंभिक चरण में यदि आगजनी की घटना छोटी-मोटी है तो उस पर स्वयं काबू किया जा सकता है। बावजूद इसके सीआइएसएफ ना सिर्फ संयंत्र व शहर वरन ग्रामीण क्षेत्रों में भी आगजनी की सभी घटना से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उप कमांडेंट बिरेन कुमार सेठी ने कहा की अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान केंद्रीय विद्यालय, संतपॉल मॉर्डन स्कूल, डीवीसी हाई स्कूल सहित अन्य स्कूल के छात्र-छात्राएं, संयंत्र के संयंत्रकर्मियों व सीआइएसएफ कॉलोनी की घरेलू महिलाओं को आग से बचाव के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इस दौरान कई प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। कार्यक्रम के दौरान 14-20 अप्रैल तक आयोजित किए गए विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि डीजीएम बीजी होलकर, उप कमांडेंट बिरेन कुमार सेठी ने संयुक्त रूप से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अग्नि सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के दौरान अग्नि सुरक्षा जागरूकता से संबंधित माक ड्रिल, अग्निशमन यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण, फर्स्ट एड फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

---

**विवाह** — मंदिर में परिजन व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पुरोहित के तरफ से विवाह करवाते

# प्रेमी युगल की मंदिर में कराई गई शादी

- किशन व रितु दोनों प्रेमी युगल घर से निकल कर भाग रहे थे
- प्रेमी युगल दोनों अलग-अलग जिला क्षेत्र के रहने वाले है
- सुनील पाठक महाराज ने दोनों प्रेमी युगल की शादी कराई



**राष्ट्रीय खबर**

**पतरातू** : बिरसा मार्केट जनता नगर में गुरुवार को एक प्रेमी जोड़े का विवाह हिंदू रीति रिवाज के साथ शिव मंदिर जनता नगर के शिवालय प्रांगण में कराया गया। बताया जा रहा है कि बालिग दोनो प्रेमी युगल दोनों अलग-अलग जिला क्षेत्र के रहने वाले है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कटिया पंचायत के कटिया गांव निवासी शिफा करमाली के पुत्र किशन करमाली एवं प्रखंड व थाना बुढ़मू के गांव सालन निवासी सोमरा पाहन की पुत्री रितु कुमारी से प्रेम करता था। किशन व रितु दोनों प्रेमी युगल घर से निकल कर भाग रहे थे।

इस दौरान हेसला पंचायत के जनता नगर में अहले सुबह बस पकड़ने के दौरान गांव वालों की नजर में आने पर पकड़ लिए गए। वही ग्रामीणों व हेसला पंचायत एवं कटिया पंचायत व अन्य पंचायत के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने दोनों के परिजनों के रजामंदी से शिव मंदिर जनता नगर में विधि विधान से पुरोहित श्री श्री 108 सुनील पाठक महाराज ने दोनों प्रेमी युगल की शादी कराई।

इस मौके पर मुख्य रूप से कटिया पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो, हेसला पंचायत के पूर्व मुखिया वीरेंद्र झा, शिव मंदिर जनता नगर अध्यक्ष सह समाजसेवी वैद्यनाथ राय, उप मुखिया नंद किशोर महतो, उप मुखिया कुंदन कुमार, गणेश ठाकुर, एम रहमान, अरविंद सिंह, तालेश्वर सिंह, यशवंत सागर, राजीव रंजन, राजेश महतो, सूरज कुमार, विपुल कुमार सहित दोनों पक्षों की परिजन व ग्रामीण उपस्थित थे।

---

### ओपी प्रभारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई



**तेनुघाट** : ओपी प्रांगण में ओपी प्रभारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में ईद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें तेनुघाट ओपी क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के जन प्रतिनिधियों ने उपस्थित हो कर हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाने का निर्णय लिया। दर्जनों प्रतिनिधि उपस्थित होकर अपने अपने क्षेत्र में ईद को लेकर विभिन्न प्रकार की जानकारियां दिया तथा सभी ने एक स्वर में बताया कि आज तक इस क्षेत्र मे कभी भी किसी प्रकार का माहौल में गर्माहट नहीं हुआ है, और ना ही किसी प्रकार का वाद विवाद हुई है। और भविष्य में आशा करते हैं कि आगे भी किसी प्रकार का वाद विवाद नही होगा। इसके लिए पूर्ण रूप से तत्परता के साथ कड़ी निगरानी में सहयोग करने का आश्वासन प्रशासन को दिया। तथा पुलिस प्रशासन ने भी अपनी ओर से हर प्रकार का सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एस आई अनिल टुड्डू, प्रशांत कुमार, बबन कुमार, मुखिया संतोष श्रीवास्तव, रामचंद्र यादव, अरविंद मुर्मू, जगदीश सिंह, रिजवान अंसारी, अजित पांडेय, वारिस आलम, लालबहादुर शर्मा, सोहन गंझू, अयूब अंसारी, गोपिन मुर्मू, झरी तुरी, राजू कुमार महतो, सहित कई लोग मौजूद थे।

### बेरमो के जरिडीह बाजार पर बंगाल पुलिस ने ठगी का आरोप पर किया गिरफ्तार



**बेरमो** : बेरमो से जहां पश्चिम बंगाल पुलिस ने फर्जी वेबसाइट बनाकर ठगी करने के आरोप में जरीडीह बाजार के एक युवक को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। युवक पर फर्जी वेबसाइट बनाकर कई लोगों को नौकरी का झांसा देकर ठगने का आरोप है।आपको बता दें कि बेरमो में उस वक़्त सनसनी मच गई। जब वेस्ट बंगाल पुलिस ने जरीडीह बाजार के सुमित भगत नामक व्यक्ति को पकड़ कर अपने साथ ले गई। सुमित फर्जी वेबसाइट बनाकर लोगों को नौकरी का झांसा देता था। आरोप ये भी है कि कई लोग इसमें फंस चुके थे। वेस्ट बंगाल पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में काफी हलचल और कोतुहाल बना हुआ है। लोग इस बात को लेकर सोचने पर मजबूर है कि सुमित इस तरह की हरकत नहीं कर सकता है।

---

## पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं दुग्दा कोल वाशरी के कार्यरत वर्कर्स



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो** : अपने जमाने के एशिया महादेश का नंबर वन कोल वाशरी की हालात फिलहाल ठीक नहीं है। जो पिछले 3 वर्षों से बंद पड़ी है। परंतु 1 माह पूर्व फिर से वासरी में रखे हुए पुराने कोयले को निकालकर वास करने का कार्य किया जा रहा है जिसमें लगभग 300 वर्कर्स काम कर रहे हैं। इस मामले में मजदूरों का कहना है कि इस प्रचंड गर्मी में सेफ्टी की तो बात छोड़िए पीने कि पानी का भी व्यवस्था नहीं है। मजदूर घर से पानी का बोतल लेकर लाते हैं और किसी तरह जान बचाते हुए काम कर रहे हैं। चाहे वह स्टोर हो, वर्क सॉप हो। यूं कहे तो पूरे प्लांट में पानी, शौचालय की, कोई व्यवस्था नहीं है। मजदूरों ने यह भी कहा कि वासरी पी, ओ खुद, एक्वा गार्ड का पानी पीते हैं और मजदूर बिना पानी के काम कर रहे हैं।

---

मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नही: विमला प्रसाद

## करगली में दिव्यांग जनों के बीच 8 वैशाखी एवं 2 व्हील चेयर का वितरण किया



**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो:** बोकारो एवं करगली क्षेत्र में सीसीएल के सीएमडी पी एम प्रसाद की घर्म पत्नी सहअर्पिता महिला मंडल, सीसीएल की अध्यक्षा श्रीमती विमला प्रसाद ने पूरी टीम के साथ बोकारो एवं करगली क्षेत्र का दौरा किया। कार्यक्रम के दौरान मैडम ने जरीडीह पश्चिमी पंचायत का दौरा किया और वहां किए जा रहे कार्यों के लिए मुखिया कंचन देवी की प्रशंसा की। अर्पिता महिला मंडल द्वारा सैनिटरी पद मशीन के रॉ मैटेरियल की खरीदारी हेतु 70 हजार की सहायता राशि प्रदान की।

मौके पर तकनीकी निदेशक की पत्नी श्रीमती नीलू प्रसाद एवं कनिका महिला समिति, बोकारो एवं करगली क्षेत्र की अध्यक्षा श्रीमती चंद्रकला राव भी उपस्थित थी। इसके उपरांत समिति के सदस्यों में ऑफिसर्स क्लब करगली में दिव्यांग जनों के बीच 8 वैशाखी एवम 2 व्हील चेयर का वितरण किया। श्रीमती विमला प्रसाद ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है।

---

### पतरातु डी ए वी पब्लिक स्कूल में टैलेंट हंट कंपटीशन का आयोजन किया गया



**पतरातु** : डी ए वी पब्लिक स्कूल पतरातु के छात्र छात्राओं के लिए टैलेंट हंट कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। यह आयोजन बजाज कैपिटल के द्वारा आयोजित किया गया। स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने छात्र छात्राओं का को संबोधित करते हुए कहा कि आज का समय कंपीटीशन का है आप सभी मन लगाकर पढ़े ।खुद को हायर लेबल के कंपीटिस के लिए तैयार कीजिए ।इस तरह का आयोजन स्कूलों में होते रहने से बच्चो की प्रतिभा निखरती है। बच्चो की सफलता पर उन्हें प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। साथ ही सफल छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

---

## केन्द्रीय विद्यालय को पुनर्स्थापित करने को लेकर पंचायत सचिवालय में बैठक संपन्न हुई



- हर हाल में केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा क्षेत्र में हो: विनय सिंह चौहान
- केन्द्रीय विधालय के लिये भुरकुंडा मे है भूमी की व्यवस्था : दिलीप अग्रवाल

**राष्ट्रीय खबर**

**भुरकुंडा** : भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच की एक आवश्यक बैठक केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को भुरकुंडा में पुनर्स्थापित करने को लेकर पंचायत सचिवालय भुरकुंडा में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता दर्शन गंजू जी के एवम संचालन योगेश दांगी जी के द्वारा किया गया। बैठक में सभी सदस्यों ने एक स्वर से कहा की भुरकुंडा का केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा में ही हर हाल में स्थापित हो और इसके लिए हमें फिर से एकत्रित होकर आंदोलन करने की आवश्यकता है।

बैठक के माध्यम से भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच के सदस्यों ने रामगढ़ उपायुक्त से आग्रह किया है केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को भुरकुंडा में ही स्थापित करने के लिए उचित जमीन उपलब्ध कराई जाए । इसी क्रम मे इसकी अगली बैठक रविवार 23 अप्रैल को भुरकुंडा पंचायत भवन में सभी त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों के साथ होगी। जिसमें पतरातू क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य, मुखिया ,पंचायत समिति एवं प्रमुख व उप प्रमुख उपस्थित होंगे साथ ही क्षेत्र के सभी गणमान्य बुद्धिजीवी, समाजसेवी एवं आम जनों से भी इस बैठक में आने की उपस्थित होने की अपील की गई है।

बैठक में उपस्थित गणमान्य सदस्य टिकेश्वर महतो, गिरधारी गोप, विनय कुमार सिंह, गुलाब चंद्र मिश्रा, राजेंद्र मुंडा, प्रेम नाथ साहू, अनिल ओझा, जगतार सिंह, अजय पासवान, संजय मिश्रा, बब्बन पांडे, संतन सिंह उदय मालाकार, विक्रम कुमार, पूर्णेन्दु रोशन पासवान, रामदास बेदिया, टिंकू कुमार, सुबोध कुमार, रविन्द्र पासवान, राजकुमार गोंद आदि उपस्थित थे।

---

## सांस्कृतिक प्रतियोगिता से होता है बौद्धिक विकास:सैनाथ गंझू

**राष्ट्रीय खबर**

**गिद्दी** : क्षेत्रीय सरहुल मिलन समारोह के दौरान दुगामंडप सांस्कृतिक मंच के समक्ष सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में कुल सात ग्रुपो ने शिरकत किया था। जिसमें मुख्यरूप से लक्ष्मी ग्रुप केन्दीय टोला, संथाली ग्रुप केन्दीय टोला सोनल ग्रुप मंडाटांड, आदिवासी एसटी ग्रुप टेहराटांड़, भोगता ग्रुप गिद्दी दोतल्ला, डोली ग्रुप गिद्दी दोतल्ला एवं सोनल ग्रुप न. 2 मंडाटांड के बीच प्रतियोगिता हुई.सभी ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की.जिसमे निर्णायक मंडली द्वारा तीन ग्रुपो को जिसमे प्रथम मैक्सो संथाल ग्रुप केन्दीया टोला, द्वितीय भोगता ग्रुप गिद्दी दोतल्ला तथा तृतीय स्थान के लिए आदिवासी एसटी ग्रुप मंड़ाटांड को विजयी घोषित किया गया। निर्णायक मंडली में पच्चू राणा अजित प्रजापति एवं आशीष करमाली शामिल थे। जबकि विजयी प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समिति के संरक्षक सैनाथ गंझू गिद्दी ग पंचायत की पंसस बासंती देवी पच्चू राणा अजित प्रजापति द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सरहुल मिलन समारोह के संरक्षक सैनाथ गंझू ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से लोगों के मनोरंजन के साथ प्रतिभागियों का बौद्धिक विकास होता है। ऐसी प्रतियोगिता होते रहना चाहिए। इससे हम अपनी सांस्कृतिक धरोहर को बचाए रखने का मौका मिलता है। कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील गंझू ने किया। जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रकाश महली आशीष करमाली पप्पू सिंह बहादुर मुर्मू विकास कुमार गंझू मनोज टुडु संतोष करमाली वासु गंझू गणेश पिटर बिनोद मुंडा सागर गंझू दीपक महली सन्नी गंझू धनंजय गंझू मंटू मांझी अविनाश मुर्मू रवि मांझी गुलेश्वर महली आदि लोग शामिल थे।

---

### कपूर्री विचार मंच सह बुद्धिजीवी नाई मिलन समारोह 22 अप्रैल को



**पतरातू** : गुरुवार को लेक रिसोट् के समीप टर्निंग प्वाइंट रेस्टोरेंट परिसर में कपूर्री विचार मंच सह बुद्धिजिवी नाई मिलन समारोह की तैयारी को लेकर बैठक हुईकजिसकी अध्यक्षता बासुदेव ठाकुर ने कीकबैठक में कपूर्री ठाकुर विचार मंच के अध्यक्ष के रूप में चुनाव सर्वसम्मति से नागेश्वर ठाकुर का किया गयाकवहीं मंच के लोगों ने बताया कि मिलन समारोह आगामी 22 अप्रैल को टर्निंग प्वाइंट रेस्टोरेंट परिसर में आयोजित कि जाएगी। जिसमें लगभग दो सौ समाज के लोग उपस्थित होंगे। मौके पर संजय ठाकुर,मुकेश ठाकुर,दिनेश ठाकुर,ईश्वर देव ठाकुर,बसंत ठाकुर, किशन ठाकुर,तपेश्वर ठाकुर,राजू ठाकुर,विनोद ठाकुर,संतोष ठाकुर, जयप्रकाश ठाकुर,प्रदीप ठाकुर,रवि ठाकुर,अर्जुन ठाकुर और मुकेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को नैतिक बल प्रदान करता है शास्त्रीय संगीत: चेतन जोशी

**बोकारो**: विद्यार्थियों में शास्त्रीय संगीत की भावना जागृत करने के उद्देश्य से डीपीएस चास में शुक्रवार को स्पिक मैके संस्था की ओर से शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय बांसुरी वादक चेतन जोशी, प्रसिद्ध तबला वादक विश्वजीत पॉल की संगत ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान बांसुरी की हर सुरीली तान और तबले की थाप पर विद्यार्थियों की तालियां बज रही थी। कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल की कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे व विशिष्ट अतिथि डॉ. समीर चंद्र सेठ ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कार्यवाहक प्राचार्या दीपाली भुस्कुटे ने बांसुरी वादक चेतन जोशी, उनके शिष्य सुमित चंद्र सेठ, तबला वादक विश्वजीत पॉल को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान चेतन जोशी ने कहा कि भारतीय कला और संस्कृति को सहेजने व आने वाली पीढ़ी भारतीय परंपरा को जान सके, उससे जुड़ सके इसी उद्देश्य को लेकर स्पिक मैके संस्था की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि सभी वाद्ययंत्रों में बांसुरी ही है, जो दुनिया के हर कोने में पाई जाती है। हड़प्पा संस्कृति में 30 हजार साल पुरानी मिट्टी की बनी बांसुरी मिली थी। यही नहीं एस्टोनिया देश में 60 हजार साल पुरानी बांसुरी मिली थी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने अलहइया बिलावल यानी सुबह की राग, रूपक ताल सहित कई प्रकार के लय के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी।

---

**प्रभातफेरी** — मानव शृंखला बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश:लखनलाल महतो

# रा.म.वि.एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय डाड़ी के स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

- प्रभात फेरी में बच्चों ने शौचालय के उपयोग, खुले शौच से होने वाली बीमारी सहित स्वच्छ रहो स्वस्थ रहो के नारे लगाए



**राष्ट्रीय खबर**

**गिद्दी** :डाडी प्रखंड अंतर्गत डाडी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय डाड़ी एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय डाडी के बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर गांव-स्कूलों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं एवं प्रतिनिधियों के साथ संकल्प लिया और साथ ही विद्यालय में बच्चों के द्वारा कई आयोजन भी किए गए। डाड़ी मुखिया लखन लाल महतो की पहल पर सैकड़ों छात्र- छात्राओं ने गांव में प्रभातफेरी निकालकर स्वच्छता के लिए लोगों को प्रेरित किया।

प्रभात फेरी में बच्चों ने शौचालय के उपयोग, खुले शौच से होने वाली बीमारी सहित स्वच्छ रहो स्वस्थ रहो के नारे लगाए। सैकड़ों बच्चों ने पानी भरा बाल्टी में गिलास में सिक्का डालने जैसी गतिविधियां, रस्सी खींचने जैसे विभिन्न कार्यक्रम में हिस्सा लिया।मुखिया लखनलाल महतो ने प्रतिभागियों को पारितोषिक देकर संबोधित करते हुए बच्चों को खुले में शौच से होने वाली समस्याओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जब तक स्वच्छता हमारे स्वभाव में न उतर जाए, तब तक हम सभी को प्रयास करते रहना चाहिए। हम जहां भी रहे वहां की स्वच्छता का ध्यान रखना हमारा दायित्व है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य किरण देवी, सुबोध कुमार,दिलीप राम एवं कई समाजसेवी गणमान्य लोग मौजूद थे।

संपादकीय

# कर्नाटक चुनाव और जातिगत जनगणना

कर्नाटक चुनाव में भाजपा के अंदर से कई विरोधी स्वर सुनाई पड़ रहे हैं। इसमें से एक तो यह है कि इस बार भाजपा की रणनीति वहां के सबसे प्रमुख लिंगायत समाज को सत्ता से दूर करने का है। भाजपा के टिकट वितरण में जो समीकरण उभरे हैं, उससे साफ हो गया है कि लिंगायत समाज के सभी प्रमुख नेताओं को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। एक कद्दावर नेता येदियुरप्पा बचे हैं जो चुनावी राजनीति से हटने का एलान कर चुके हैं। वैसे कर्नाटक के बाद भी इस साल कई प्रमुख राज्यों के विधानसभा चुनाव होने हैं और उसके पश्चात 2024 में लोकसभा चुनाव भी निर्धारित हैं। ऐसे में विपक्षी दलों को शायद शक्तिशाली भाजपा की ताकत का मुकाबला करने के लिए एक साझा मुद्दा मिल गया है। कर्नाटक में भाजपा छोड़कर जाने वाले यह आरोप लगा रहे हैं कि दरअसल प्रह्लाद जोशी और बीएल संतोष वहां ब्राह्मण लॉबी को आगे बढ़ा रहे हैं। चुनाव का पांसा अगर भाजपा के खिलाफ गया तो यह मुद्दा दूसरे चुनावों पर भी असर डाल देगा। दूसरी तरफ



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मांग की है कि सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना के आंकड़े जारी किए जाएं। यह चाल सबसे पहले बिहार के मुख्यमंत्री ने तब चल दी थी जब वह भाजपा के साथ ही सरकार में थे। जातिगत जनगणना का एक फायदा हिंदू मुसलमान कार्ड के प्रभाव का कम होना है। चुनाव करीब आने के साथ साथ हिंदू मुसलमान कार्ड को फिर से आजमाने की कोशिशें हम देख रहे हैं। श्री खडगे ने श्री मोदी को जो पत्र लिखा है उसमें कहा गया है कि यह जनगणना 2011-12 में की गई थी और इसमें 25 करोड़ परिवारों को शामिल किया गया था। हालांकि इसके आंकड़े जारी नहीं किए गए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी मांग की है कि इन आंकड़ों को जारी किया जाए। उन्होंने दलील दी है कि जाति आधारित आरक्षण में 50 फीसदी की सीमा समाप्त हो चुकी है। ऐसी मांगें नई नहीं हैं लेकिन जिस समय यह बात उठाई गई है उससे यही संकेत मिलता है कि मूल विचार है सामाजिक न्याय को चुनावी मुद्दा बनाना। अभी यह देखना होगा कि क्या चुनाव में यह कारगर साबित होता है लेकिन फिलहाल देश जिस मोड़ पर है वहां जातीय राजनीति पर ध्यान केंद्रित करना सही नहीं प्रतीत होता। निश्चित रूप से जाति आधारित जनगणना का विचार अधिक आरक्षण की ओर ले जाने वाला है और इससे सरकारी व्यय में बदलाव आएगा। क्षेत्रीय दलों ने इस विचार का जमकर समर्थन किया है। बिहार में तो जाति आधारित जनगणना हो भी रही है। मांग तो यह भी थी कि हर दशक में होने वाली जनगणना जो 2021 में महामारी के कारण टाल दी गई, उसमें भी जाति आधारित सूचना जुटाई जाए। दलील दी गई कि ऐसी पिछली जनगणना 1931 में की गई थी जब भारत ब्रिटिश उपनिवेश था और अभी भी बेहतर सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए हालात की समीक्षा की आवश्यकता है। सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में जाति के आधार पर आरक्षण देने के रूप में सकारात्मक कार्यवाही की जाती रही है। चूंकि 2021 की जनगणना को आगे बढ़ा दिया गया और समाचार बताते हैं कि शायद 2024 के लोकसभा चुनावों के पहले यह जनगणना न हो सके तो इसलिए यह एक अहम चुनावी मुद्दा बन सकता है। सरकार ने 2021 में संसद को बताया था कि नीतिगत रूप से उसने निर्णय लिया है कि वह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा शेष आबादी को जाति के आधार पर अलग-अलग नहीं गिनेगी। परंतु राजनीतिक दृष्टि से अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अगर यह मुद्दा चुनावी दृष्टि से जोर पकड़ गया तो भाजपा क्या करेगी। अभी तक भाजपा जाति से परे धार्मिक पहचान का सफलतापूर्वक लाभ उठाने में कामयाब रही है। ऐसे में वह राजनीतिक रूप से कोई कसर छोड़ना नहीं चाहेगी। ऐसे में संभव है कि राजनीतिक बहस में जाति और धर्म की बातें नजर आएं। बल्कि जाति आधारित जनगणना स्वयं सामाजिक विभाजन को बढ़ाने वाली साबित होगी। अन्य पिछड़ा वर्ग जिस पर सबसे अधिक ध्यान है वह कोई एक समान समूह नहीं है। उसमें कई उप जातियां हैं तथा अलग-अलग जातियों को अलग-अलग राज्यों में भिन्न-भिन्न दर्जे दिए गए हैं। इसके अलावा कई राज्यों में प्रभावशाली जातियां इस श्रेणी में आरक्षण की मांग कर रही हैं। आरक्षण पर नए सिरे से विचार करने पर ऐसी मांग उठ सकती हैं जिनको पूरा करना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में यह अहम है कि भारतीय राजनीतिक बहस जाति और धर्म की खाई से ऊपर उठे और आर्थिक विकास पर ध्यान दे। इसमें दो राय नहीं है कि वंचितों और गरीबों को उचित अवसर मिलने चाहिए लेकिन केवल आरक्षण से इसका अपेक्षित फायदा आज तक नहीं हो पाया है। ऐसे में चुनावी मौसम में यह मुद्दा फिर से उठेगा यह स्वाभाविक बात है।

# आखिर क्यों धधक रही है पृथ्वी?

## विश्व पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) पर विशेष

न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का निरन्तर बिगड़ता मिजाज गंभीर चिंता का सबब बना है। हालांकि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विगत वर्षों में दुनियाभर में दोहा, कोपेनहेगन, कानकुन इत्यादि बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन होते रहे हैं किन्तु उसके बावजूद इस दिशा में अभी तक ठोस कदम उठते नहीं देखे गए हैं। दरअसल वास्तविकता यही है कि राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रकृति के बिगड़ते मिजाज को लेकर चचाएं और चिंताएं तो बहुत होती हैं, तरह-तरह के संकल्प भी दोहराये जाते हैं किन्तु सुख-संसाधनों की अंधी चाहत, सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि, अनियंत्रित औद्योगिक विकास और रोजगार के अधिकाधिक अवसर पैदा करने के दबाव के चलते इस तरह की चचाएं और चिंताएं अर्थहीन होकर रह जाती हैं।

प्रकृति पिछले कुछ समय से बार-बार भयानक आंधियों, तूफान और ओलावृष्टि के रूप में यह गंभीर संकेत देती रही है कि विकास के नाम पर हम प्रकृति से भयानक तरीके से जिस तरह का खिलवाड़ कर रहे हैं, उसके परिणामस्वरूप मौसम का मिजाज कब कहां किस कदर बदल जाए, कुछ भी भविष्यवाणी करना मुश्किल होता जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते दुनियाभर में मौसम का मिजाज किस कदर बदल रहा है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरी ध्रुव के तापमान में एक-दो नहीं बल्कि करीब 30 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखी गई। मौसम की प्रतिकूलता साल दर साल किस कदर बढ़ती जा रही है, यह इसी से समझा जा सकता है कि कहीं भयानक सूखा तो कहीं बेमौसम अत्यधिक वर्षा, कहीं जबरदस्त बर्फबारी तो कहीं कड़ाके की ठंड, कभी-कभार ठंड में गर्मी का अहसास तो कहीं तूफान और कहीं भयानक प्राकृतिक आपदाएं, ये सब प्रकृति के साथ हमारे खिलवाड़ के ही दुष्परिणाम हैं और हमें यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि अगर हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का बुरे तरीके से दोहन करते रहे तो हमारे भविष्य की तस्वीर कैसी होने वाली है।



योगेश कुमार गोयल
पत्रकार

हालांकि प्रकृति कभी समुद्री तूफान तो कभी भूकम्प, कभी सूखा तो कभी अकाल के रूप में अपना



विकराल रूप दिखाकर हमें चेतावनी भी देती रही है किन्तु जलवायु परिवर्तन से निपटने के नाम पर वैश्विक चिंता व्यक्त करने से आगे हम शायद कुछ करना ही नहीं चाहते। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्ल के अनुसार हम यह समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम जो कंक्रीट के जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर हम अपने विनाश का ही मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। पहाड़ों में बढ़ती गर्माहट के चलते हमें अक्सर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गर्माहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब हर वर्ष बढ़ता जा रहा है।

धरती का तापमान यदि इसी प्रकार साल दर साल बढ़ता रहा तो आने वाले वर्षों में हमें इसके बेहद गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा क्योंकि हमें यह बखूबी समझ लेना होगा कि जो प्रकृति हमें उपहार स्वरूप शुद्ध हवा, शुद्ध पानी, शुद्ध मिट्टी तथा ढ़ेरों जनोपयोगी चीजें दे रही है, अगर मानवीय क्रियाकलापों द्वारा पैदा किए जा रहे पर्यावरण संकट के चलते प्रकृति कुपित होती है तो उसे सब कुछ नष्ट कर डालने में पल भर की भी देर नहीं लगेगी। करीब दो दशक पहले देश के कई राज्यों में जहां अप्रैल माह में अधिकतम तापमान औसतन 32-33 डिग्री रहता था, अब वह 40 के पार रहने लगा है। मौसम विभाग का तो अनुमान है कि अगले तीन दशकों में इन राज्यों में तापमान में वृद्धि 5 डिग्री तक दर्ज की जा सकती है और इसी प्रकार तापमान बढ़ता रहा तो एक ओर जहां जंगलों में आग लगने की घटनाओं में बढ़ोतरी होगी, वहीं धरती का करीब 20-30 प्रतिशत हिस्सा सूखे की चपेट में आ जाएगा तथा एक चौथाई हिस्सा रेगिस्तान बन जाएगा, जिसके दायरे में भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य अमेरिका, दक्षिण आस्ट्रेलिया, दक्षिण यूरोप इत्यादि आएंगे।

सवाल यह है कि धरती का तापमान बढ़ते जाने के प्रमुख कारण क्या हैं? ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्ल पुस्तक के मुताबिक इसका सबसे अहम कारण है ग्लोबल वार्मिंग, जो तमाम तरह की सुख-सुविधाएं व संसाधन जुटाने के लिए किए जाने वाले मानवीय क्रियाकलापों की ही देन है। पैट्रोल, डीजल से उत्पन्न होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड तथा ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि वातावरण में पहले की अपेक्षा 30 फीसदी ज्यादा कार्बन डाईऑक्साइड मौजूद है, जिसकी मौसम का मिजाज बिगाड़ने में अहम भूमिका है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते रहे हैं लेकिन पिछले कुछ दशकों में वन-क्षेत्रों को बड़े पैमाने पर कंक्रीट के जंगलों में तब्दील किया जाता रहा है। एक और अहम कारण है बेतहाशा जनसंख्या वृद्धि। जहां 20वीं सदी में वैश्विक जनसंख्या करीब 1.7 अरब थी, अब बढ़कर 8 अरब से भी ज्यादा हो चुकी है। अब सोचने वाली बात यह है कि धरती का क्षेत्रफल तो उतना ही रहेगा, इसलिए कई गुना बढ़ी आबादी के रहने और उसकी जरूरतें पूरी करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बड़े पैमाने पर दोहन किया जा रहा है, इससे पर्यावरण की सेहत पर जो जबरदस्त प्रहार हुआ है, उसी का परिणाम है कि धरती बुरी तरह धधक रही है। ब्रिटेन के प्रख्यात भौतिक शास्त्री स्टीफन हॉकिंग की इस टिप्पणी को कैसे नजरअंदाज किया जा सकता है कि यदि मानव जाति की जनसंख्या इसी कदर बढ़ती रही और ऊर्जा की खपत दिन-प्रतिदिन इसी प्रकार होती रही तो करीब 600 वर्षों बाद पृथ्वी आग का गोला बनकर रह जाएगी। धरती का तापमान बढ़ते जाने का ही दुष्परिणाम है कि ध्रुवीय क्षेत्रों में बर्फ पिघल रही है, जिससे समुद्रों का जलस्तर बढ़ने के कारण दुनिया के कई शहरों के जलमग्न होने की आशंका जताई जाने लगी है। बहरहाल, अगर प्रकृति से खिलवाड़ कर पर्यावरण को क्षति पहुंचाकर हम स्वयं इन समस्याओं का कारण बने हैं और हम वाकई गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर चिंतित हैं तो इन समस्याओं का निवारण भी हमें ही करना होगा ताकि हम प्रकृपि के प्रकोप का भाजन होने से बच सकें अन्यथा प्रकृति से जिस बड़े पैमाने पर खिलवाड़ हो रहा है, उसका खामियाजा समस्त मानव जाति को अपने विनाश से चुकाना पड़ेगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण मामलों के जानकार तथा पर्यावरण पर बहुचर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के लेखक हैं)**

# उचित विश्राम

प्रेरक-प्रसंग

दिन का समय था। मिर्जा गालिब ने शेरवानी उठाई और मस्जिद की ओर चल दिये। मार्ग में एक सायेदार वृक्ष देखा। वे सुस्ताने के लिए बैठ गये। शेरवानी एक टहनी पर लटका दी। थके-मांदे तो थे ही, झपकी आ गयी। उधर एक रात का शरीफ अर्थात चोर आया। उसने देखा कि मुसाफिर बेखबर सोया पड़ा है, इसलिए शेरवानी उतारकर चलता बना। मिर्जा की नींद खुली तो क्या देखते हैं कि कोई रात का शरीफ दिन में ही उनकी शेरवानी उड़ा ले गया। वे मुस्कुराये और बेसाख्ता उनके मुँह से निकल. गया
न लुटता दिन को तो कब रात में, मैं बेखबर सोता,



रहा खटका न चोरी का दुआ देता हूँ, रहजन को।

अर्थात ईश्वर! तू चोर की उम्र लंबी कर, उसने मुझे दिन में लूट ही लिया है। अब कम-से-कम रात को तो पैर फैलाकर सोऊँगा। मिर्जा गालिब ने अपने नुकसान की चिंता नहीं की, बल्कि संतोष व्यक्त किया कि रात को आराम से विश्राम कर सकेंगे। जीवन में लाभ-हानि तो होते ही रहते हैं, वह सब अपनी जगह है, लेकिन विश्राम करना अर्थात रात के समय सोना या कठिन परिश्रम के बाद थोड़ा विश्राम लेना। अपनी जगह रात्रि या थकावट के बाद की घड़ियां बनाई ही विश्राम के लिए हैं। इसलिए यदि उन्नति करनी है, तो मेहनत के साथ-साथ उचित निद्रा व विश्राम का भी आनंद लें। व्यर्थ की चिंताएं न करके अपने विश्राम के अधिकार को न खोएं।

अक्षय तृतीया एवं ईद के मद्देनजर

# कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन कि भारत सरकार से अपील

बाल विवाह के खिलाफ बने मजबूत कानून और 18 साल तक के बच्चों को मिले मुफ्त शिक्षा इस वर्ष आगामी 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया एवं ईद के अवसर को ध्यान में रखते हुए कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन (केएससीएफ) द्वारा बाल विवाह मुक्त भारतपर राष्ट्रीय परिचर्चा एवं विमर्श का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर से जुटे गैरसरकारी संगठनों ने सरकार से एक सुर में बाल विवाह के खिलाफ मजबूत कानून बनाने और मौजूदा कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही सरकार से बाल विवाह निषेध कोष बनाने और 18 साल तक के बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा का प्रावधान करने की भी मांग की गई। यह राष्ट्रीय परिचर्चा इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि भारत में बालविवाह का आयोजन ज्यादातर अक्षय तृतीया तथा ईद के अवसरों पर ही होता है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन बाल विवाह उन्मूलन को लेकर अभियान चला रहा है। फाउंडेशन ने पिछले साल 16 अक्टूबर को बाल विवाह के खिलाफ दुनिया के सबसे बड़े जमानी आंदोलन की शुरूआत की है। यह परिचर्चा इसी अभियान का एक कदम है। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउडेशन के बैनरतले जुटे गैरसरकारी संगठन इस बात पर सहमत हैं कि देश में भले ही बाल विवाह कराने वाले लोगों को दंडित करने के लिए विशेष कानून अर्थात बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 (प्रोहिबिजन ऑफ चाइल्ड मैरिज एक्ट, 2006, [पीसीएमए]) है, फिर भी बाल विवाह को समूल नष्ट करने के लिए वर्तमान कानून को संशोधित कर मजबूत बनाने की जरूरत है। साथ ही मौजूदा कानून का कड़ाई से पालन सुनिश्चत करने की जरूरत है। वर्ष 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए गैरसरकारी संस्थाओं ने कई प्रकार के उपायों पर बात की। कानून के संबंध में कई अनुशंसाओं पर बात की गयी, जिनमें वर्तमान कानूनों का कड़ाई से क्रियान्वयन, कड़े दंड के साथ कानून में संशोधन, आवश्यक रिपोर्टिंग और अधिकारियों के उत्तरदायित्व सम्मिलित हैं। यह इस परिचर्चा में निर्णय लिया गया कि सरकार एवं राजनीतिक दलों से यह अपील की जाए कि वह मुफ्त शिक्षा की आयु सीमा को 18 वर्ष तक कर दें। इससे बाल विवाह रोकने में बहुत मदद होगी। सुझाव में यह भी निकलकर आया कि बाल विवाह को रोकने वाले संस्थानों को मजबूत किया जाए एवं अधिकारियों के ज्ञान एवं क्षमता निर्माण पर कार्य किया जाए। साथ ही बालविवाह के विषय पर धार्मिक नेताओं को अभियान से जोड़ने पर सहमति बनी। वह अपने समुदाय के लोगों को यह समझा सकेंगे कि वे बच्चों का कम उम्र में विवाह न करें।



जितेन्द्र परमार
स्तंभकार

**मौजूदा कानून का कड़ाई से पालन सुनिश्चत करने की जरूरत है। वर्ष 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए गैरसरकारी संस्थाओं ने कई प्रकार के उपायों पर बात की।**

साथ ही सरकार से एक विशेष बाल विवाह निषेध कोष बनाने की भी मांग की गई। सरकारी स्कूलों में पढ़ रही बच्चियों को प्रतिमाह 500 रुपए की छात्रवृत्ति दी जा सकती है, जिससे वह अपनी शिक्षा जारी रख सकें। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली उन लड़कियों के लिए प्रधानमंत्री शगुन कोष का भी गठन किया जा सकता है, जिनका विवाह कानूनी उम्र में होने पर उन्हें सरकार द्वारा 11,000 रुपए का उपहार दिया सकता है। बाल विवाह के विषय को बच्चों की उम्र के अनुसार पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, जिससे स्कूल जाने वाले बच्चे इसके दुष्प्रभावों एवं इसके कानूनी प्रावधानों के बारे में परिचित हो सकें। जो लड़कियां 18 वर्ष से कम उम्र की हैं, उन्हें इस विषय में अवगत कराया जाना चाहिए कि कैसे वह विवाह में यौन उत्पीडन को लेकर शिकायत कर सकती हैं। कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बाल विवाह निषेध अधिकारियों (सीएमपीओ) के माध्यम से संस्थानों मसलन आंगनवाड़ी, बाल कल्याण समितियां, पंचायती राज संस्थान, स्कूल आदि को मजबूत किया जाना चाहिए। उन लड़कियों के लिए आवासीय एवं आर्थिकी व्यवस्था होनी चाहिए, जो अभिभावकों या समाज के दबाव के चलते विवाह नहीं करना चाहती हैं और पढ़ाई या नौकरी करना चाहती हैं।

जानकारी

# बॉटनिकल गार्डन उंटी



गवर्नमेंट बॉटनिकल गार्डन 22 हेक्टेयर में फैले ऊटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में से एक है। यह पौधों, झाड़ियों, विदेशी और देशी फूलों, फर्न, जड़ी-बूटियों, बोन्साई और पेड़ों की एक हजार प्रजातियों का घर है। वानस्पतिक उद्यान में औषधीय पौधों और इतालवी शैली में लगाए गए फर्न और फूलों को समर्पित विभिन्न लॉन हैं। मुख्य लॉन में पौधों, फूलों और पेड़ों की किस्मों से बने भारतीय संघ के शानदार डिजाइन हैं। लोअर गार्डन में फर्न की 127 प्रजातियां हैं, जबकि न्यू गार्डन गुलाब और प्राकृतिक फूलों के कालीनों का पोषण करता है और इसमें एक तालाब है। संपन्न, सुव्यवस्थित लॉन, कागज की छाल का पेड़, कॉर्क का पेड़ और बंदर पहेली पेड़ (बंदर इस पेड़ पर नहीं चढ़ सकते) जैसी दुर्लभ पेड़ प्रजातियां, 20 मिलियन वर्ष पुराना जीवाश्म पेड़ और एक इतालवी शैली का बगीचा, इसे अवश्य बनाएं। -ऊटी में घूमने की जगह। टोडा मुंड यहां का एक और आकर्षण है जो ऊटी की टोडा जनजाति की झलक देता है।

# 100 मेगापिक्सल कैमरा से लैस Hono1 50 लॉन्च





नई दिल्ली: Honor ने चीनी बाजार में अपना नया स्मार्टफोन Honor X50i पेश कर दिया है। यह स्मार्टफोन मार्केट में Honor X40i के सक्सेसर के तौर पर आया है, जिसे बीते साल जुलाई में पेश किया गया था। ऑनर एक्स50आई में Dimensity 6000 सीरीज प्रोसेसर और 90Hz रिफ्रेश रेट वाली डिस्प्ले दी गई है। यह फोन 100 मेगापिक्सल कैमरा के साथ 256GB तक स्टोरेज से लैस है। यहां हम आपको Honor 50 के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस के बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

**Honor X50i की कीमत और उपलब्धता**

कीमत की बात की जाए तो Honor X50 के 8GB RAM + 256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 1,499 Yuan(लगभग 17,889 रुपये) है। वहीं 12GB RAM + 256GB स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 1,699 uan(लगभग 20,276 रुपये) है। कलर ऑप्शन की बात करें तो यह ब्लैक, ग्रीन, व्हाइट और पिंक जैसे कलर्स में उपलब्ध है। हालांकि ग्लोबल रिलीज के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है।

**Honor X50i के स्पेसिफिकेशंस**

Honor X50i में 6.73 इंच की आईपीएस एलसीडी डिस्प्ले दी गई है, जिसका फुल एचडी+ रेजोल्यूशन 2388 x 1080 पिक्सल, रिफ्रेश रेट 90Hz और स्क्रीन टू बॉडी रेशियो 93.6 प्रतिशत है। इस स्मार्टफोन में Dimensity 6020 प्रोसेसर दिया गया है। यह स्मार्टफोन 4,500mA की बैटरी से लैस जो कि 35ह फास्ट चार्जिंग का सपोर्ट करती है। यह स्मार्टफोन एंड्रॉयड 13 पर बेस्ड Magic UI 6.1 पर काम करता है। कैमरा सेटअप की बात करें तो Honor X50i के रियर में 100 मेगापिक्सल का प्राइमेरी कैमरा और 2 मेगापिक्सल का डेप्थ कैमरा दिया गया है। वहीं इसके फ्रंट में 8 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा दिया गया है। डाइमेंशन की बात की जाए तो इस फोन की मोटाई 7.48 और वजन 179 ग्राम है। सिक्योरिटी के लिए इस फोन में साइड फेसिंग फिंगरप्रिंट स्कैनर दिया गया है।

साइबर दुनिया

## टॉप ट्वीट



"आज मैं भारत की ब्यूरोक्रेसी से, भारत के हर सरकारी कर्मचारी से, चाहे वो राज्य सरकार में हो या केंद्र सरकार में, एक आग्रह करना चाहता हूं कि देश ने आप पर बहुत भरोसा किया है, आप को मौका दिया है, इस भरोसे को कायम रखिए। आपकी सर्विस में आप के निर्णय का आधार सिर्फ और सिर्फ देशहित होना चाहिए।"

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री



"वह अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु, तुलु ,कन्नड़ तमिल और मराठी बोल सकती है। उन्होने कहा, मेरे लिए, उन भाषाओं को जानना महत्वपूर्ण है जिनमें मैं काम करती हूं क्योंकि मेरा मानना है कि यह मुझे एक बेहतर अभिनेत्री बनाता है।"

पूजा हेगड़े
बॉलिवुड अभिनेत्री

## संपादक के नाम पत्र

### समाधान खोजने होंगे

धीरे-धीरे सरकार के विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के प्रयास हमारी दिक्कतों को दूर करते दिख रहे हैं लेकिन आज भी हम कुछ विदेशों पर अधिक निर्भर हैं जिनकी उपलब्धता हमारे देश में नहीं है। ईंधन सहित कुछ ऐसी जरूरतें है हैं जिनके लिए हमें विदेशों की और देखना ही पड़ता है।आने वाला समय हमारे लिए परीक्षा का हो सकता है क्योंकि ओपेक देशों के निर्णय ने हमारे लिए नई चिंता पैदा कर दी है।इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की चेतावनी का फिलहाल तो यही अर्थ निकलता दिख रहा है। ओपन प्लस के क्रूड आयल प्रोडक्शन प्लस का फैसला महंगाई बढ़ाने के साथ ही पेट्रोल डीजल की कीमतों को कम करने के प्रयासों को झटका दे सकता है जिसके लिए सरकार प्रयासरत है। ओपेक देशों के निर्णय का दुष्परिणाम हमारे लिएआर्थिक दबाव के साथ ही आयात बिल के बोझ में भी जबरदस्त बढ़ोतरी का खतरा बन सकता है। यानी आइए के फैसले के बाद हमें नीतिगत निर्णय लेने होंगे जो कुछ कठोर भी हो सकते हैं। सरकार को ताजे हालातों को देखते हुए बगैर इंतजार किए ओपेक देशों से उत्पन्न होने वाली तमाम दिक्कतों के विकल्प ढूंढना चाहिए जिससे सरकार की परेशानियों के खात्मे के साथ ही जनता के सिर महंगाई का बोझ और न बढ़े। मंदी के दौर के बाद वैसे भी जनता बढ़ती कीमतों से त्रस्त है।

अमृतलाल मारू 'रवि'
इंदौर मप्र

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### हरलाडीह में सड़क दुर्घटना में शिक्षक की मौत

पीरटांड़ : पीरटांड़ प्रखंड के हरलाडीह ओपी क्षेत्र के चांदनी चौक के पास दो मोटरसाईकिल के आमने सामने टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान प्रकाश मंडल पिता स्व जगदीश मंडल के रूप में किया गया है। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि मृतक प्रकाश मंडल ग्राम कुस्तोर कैंपस, थाना केंदुआडीह, जिला धनबाद के निवासी हैं।

## सिटी अपडेट्स >>

### हम है 55 आन्दोलन का होगा आगाज : गौतम

इचाक : इचाक आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार ने ओबीसी के आरक्षण के लिए आंदोलन करने का ऐलान किया है। हम है 55 - के तहत ओबीसी समुदाय के हक व अधिकारों के लिए राज्य स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।हमारे देश मे 55 % आबादी के बाद भी ओबीसी समाज उपेक्षित है। गौतम कुमार ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार जनता के आंखों में धूल झोंकने का काम किया है। हेमंत सरकार के द्वारा 27 % आरक्षण घोषणा करने के बाद भी राज्यपाल के वापस कर दिया गया।कही न कही केंद्र सरकार की मंशा ओबीसी समुदाय के लिए ठीक नही है। मोदी जी खुद को ओबीसी बताकर देश की जनता को गुमराह कर वोट लेने का काम किया है। अब उनकी झूठी राजनीति जनता को समझ मे आ रही है।इस बार 2024 के के चुनाव में ओबीसी समाज मुहतोड़ जवाब देगी। केंद्र सरकार के गलत नीतिओ के कारण ने केंद्र की बहाली में न तरक्की दिख रही है न राज्य के केंद्र सरकार सिर्फ हिन्दू मुश्लिम की राजनीति कर देश की जनता को गुमराह कर रही। इसलिए अब युवा को एक मंच पर आ कर ओबीसी की हक की लड़ाई लड़ना चाहिए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### लूंदरू में मृतक के परिजनों से मिले जय प्रकाश वर्मा

इचाक : इचाक कोडरमा लोकसभा के भावी प्रत्यशी जय प्रकाश वर्मा जी लुंदरु के महावीर कुशवाहा का निर्मम हत्या की सूचना मिलने पर उनके परिवार से मिलकर ढाढ़स दिया ।पुलिस प्रशासन से बात कर शिघ्र गिरफ्तार करने को कहा जय प्रकाश वर्मा ने कहा ।और उन्होंने प्रशासन से चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही किया जाएगा। नहीं तो मुख्यमंत्री तक मामला को संज्ञान में दिया जाएगा। वही आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा पुलिस प्रशासन पैसे के दम पर मामला को रफा-दफा करने का प्रयास कर रही है। अगर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो पुलिस प्रशासन के खिलाफ हजारों की संख्या में आंदोलन किया जाएगा। मौके पर आदर्श व संगठन के जिलाध्यक्ष रूपेश कुमार ,जिला उपाध्यक्ष पप्पू कुमार दास, डॉ कौशल मेहता चट्टान मेहता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### पंचायत समिति की मासिक बैठक का आयोजन

पीरटांड़ : पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की मासिक बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रमुख सविता टुडू ने की,जबकि बैठक का संचालन उप प्रमुख महेंद्र प्रसाद ने किया।बैठक में मुख्य रूप से विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई।बैठक में सभी खराब पड़े चापानलों की मरम्मत करने, खराब पड़े जलमिनारों की मरम्मत करने का निर्देश दिया गया, ताकि गर्मी के दिनों में किसी तरही परेशानीनहो। बैठकमेंमनरेगा,आवास,पेंशन जैसे कई अन्य योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ दिनेश कुमार के अलावे सभी पंचायत समिति सदस्य समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**अवैध कारोबार** बड़कागांव में दिन रात बालू का अवैध कारोबार जोरों पर

# हर दिन 300 ट्रैक्टर बालू का अवैध उठाव

- हर महीने 50 लाख का नुकसान
- कहां कहां है बालू यार्ड
- सरकार को अवैध बालू उत्खनन से हो रहे नुकसान
- क्या कहना है खनन इंस्पेक्टर का

राष्ट्रीय खबर




बडकागांव : बड़कागांव अंचल क्षेत्र के विभिन्न नदियों से बालू का अवैध उत्खनन रात दिन जारी रहता है। जिससे ट्रैक्टरों, टर्बो एवं हाईवा से बालू की ढुलाई होती है। रात में नदियों से बालू ढुलाई किए जाने से वाहनों की आवाज से लोगों को नींद हराम हो रही है। वही नदी के साथ-साथ पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। बड़कागांव आंचलिक क्षेत्र के बादम के बादमाही नदी, आंगो स्थित दामोदर नदी, साँढ़, विश्राम पुर के बड़की नदी, हहारों नदी, बड़कागांव के थाना के बगल में मंझला बाला नदी, छवनिया नदी, सिरमा नदी, चोरका पंडरिया की नदी, बड़कागॉव के पीपल नदी, झरिवा नदी, नया टाँड़ के कुमरडीहा, तलसवार, शिवाडीह, गोंदलपुरा, पतरा, पलांडू, सतबहिया, महुदी, सोनपुरा, सिंगार सराय आदि नदियों से बालू का उत्खनन जोरों पर हैं।

अधिकांश ट्रैक्टरों, हाईवा एवं टर्बो द्वारा बालू को ढक कर नहीं ढोया जाता है, जिसके कारण बालू सड़कों में गिरते जाता है। धूलकण भी उड़ते रहता है। जिससे सड़क दुर्घटना होती है।

बड़कागांव में लगभग आधा दर्जन से अधिक बालू यार्ड चल रहा है। नया टाँड़, तलसवार में दो, साँढ़ में एक, शिबाडीह दो, पतरा में एक, अम्बा टोला एक, बड़कागॉव के छवनिया पुल के पास, इसके अलावा कई बालू यार नदियों में ही बना दिया गया है। यार्ड में बालू टेंडर नदी से उठाने को सरकार द्वारा निर्देश दिया जाता है। लेकिन बड़कागांव में किसी नदी का सरकारी टेंडर नहीं हुआ है। बड़कागांव से प्रतिदिन लगभग 300 ट्रैक्टर और दर्जनभर से अधिक हाईवा कारोबार में लगे हुए हैं। जिसमें अधिकतर वाहनों में बालू का चालान नहीं रहता है। प्रतिमाह लगभग 50 लाख रुपए राजस्व का नुकसान सरकार हो रही है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि अभी तक बड़कागांव में कोई भी नदियों के लिए टेंडर नहीं हुआ है। क्योंकि अभी सर्वेक्षण कार्य चल रहा है। बालू के अवैध कारोबार पर कार्रवाई होगी।

भीषण गर्मी में लोगों के लिए जल ही सबसे बड़ा रामबाण है: हर्ष अजमेरा

## युवा समाजसेवी के सौजन्य से शहर के विभिन्न इलाकों में लगाया जाएगा प्याऊ

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग शहर में पिछले 7 दिनों से लगातार भीषण गर्मी को लेकर हर कोई परेशान नजर आ रहा है ऐसी स्थिति में झारखंड सरकार के द्वारा स्कूल को मॉर्निंग कर दिया गया है ताकि बच्चों की स्वास्थ्य खराब ना हो। और वही दूसरी और शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा के द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर प्याऊ लगाने का संकल्प लिया गया है।

पहले चरण में डिस्ट्रिक्ट मोड़ आरोग्यम अस्पताल के निकट और गोला चौक में प्याऊ का स्टॉल लगाया गया है। गोला चौक पर प्याऊ स्टॉल का उद्घाटन नन्हे बच्चों के हाथों कराया गया है।

कहा जाता है कि बच्चे भगवान का स्वरूप होते हैं। दूसरे चरण में शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर प्याऊ लगाया जाएगा। शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर राहगीरों, आम जनता के लिए प्याऊ स्टॉल लगाया जाएगा। जिसमें पहले चरण में आरोग्यम अस्पताल के निकट एवं गोला चौक पर लगाया गया है। साथ ही कहा की आने वाले लोग ठंडा पानी पीकर इस भीषण गर्मी से राहत पा सकेंगे।

## कांग्रेस कार्यालय में इफ्तार का हुआ आयोजन विधायक अम्बा प्रसाद हुई शामिल



राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में इफ्तार का आयोजन किया गया। इस दावत ए इफ्तार में सभी धर्म के लोंगो ने शरीक होकर गंगा जमुनी तहजीब का संदेश दिया। रोजा खोलने का बाद रोजेदारों ने मगरीब की नमाज अदा कर अमन चैन प्रदेश की सलामती और आपसी भाईचारा बरकरार रहने की दुआएं मांगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि रमजान के महिना में खुदा उन रोजेदारों से खुश रहते हैं जो रोजे के अरकानो को पुरी अकीदत और खुलूश के साथ अदा करते हैं। यह वह महीना है जिसका अव्वल हिस्सा रहमत बीच का हिस्सा मगफिरत और आखिरी हिस्सा निजात यानी जहन्नुम से आजादी का है। बड़कागांव कि विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि रमजान का महिना पाक व साफ का महिना है। इस महीने में रोजेदार पांच वक्त की नमाज अदा करते हैं और हर बुराईयों से दुर रहते। इस महीने में रोजेदारों की हर दुआ कबुल होती है। दावत ए इफ्तार में राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश अध्यक्ष जय शंकर पाठक प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, डॉ. आरसी प्रसाद मेहता, कांति देवी के भारी तादाद में सभी वर्ग के लोग शामिल हुए।

## श्रीलेदर्स परिवार ने अपने संस्थापक सुरेश डे के विचारों को याद कर मनाया संस्थापक दिवस

- संस्थापक के सोच को देश विदेश में अलग पहचान दिलाना हमारा लक्ष्यः शेखर
- श्रीलेदर्स ने समय के साथ किया बदलाव : सुशांतो डे

पार्थो चक्रवर्ती

जमशेदपुरः 21 अप्रैल को हर साल श्रीलेदर्स परिवार अपने संस्थापक सुरेश डे के जन्म दिन को संस्थापक दिवस के रुप में धूमधाम से मनाता आ रहा है। अपनी कर्मभूमि जमशेदपुर से ताल्लुक रखने वाले जोशपूर्ण युवा सुरेश दा ने जब जवानी की दहलीज पर कदम रखा तब देश स्वाधीनता संग्राम की ज्वाला में धड़क रहा था, युवा खून उबाल पर था और इसी जोश में चंद साथियों के साथ सुरेश दा ने अंग्रेजों से मुकाबला करने का संकल्प ले लिया, सशस्त्र अंग्रेजी सेना से निहत्थे लड़ना उन्हें मंजूर नहीं था, इसलिए चटगांव जो अब बांग्लादेश में है का शस्त्रागार लूट लिया और सशस्त्रधारी हो गए, बौखलाई ब्रिटिश सेना ने आक्रमण किया, जलालाबाद की पहाड़ियों पर तपती गर्मी में भूखे प्यासे रहते हुए भी सुरेश दा और उनके साथियों ने घुटने नहीं टेके, मास्टर दा सूर्य सेन के नेतृत्व में संघर्ष हुआ कई जख्मी हुए और कईयों ने मौत को हस्ते हुए गले लगाया, सुरेश दा को बाएं हाथ पर गोली लगी, मरा समझकर सभी छोड़ गए थे, पर सुरेश दा के जीवन का मकसद अभी अधूरा था, कुछ समय बाद गिरफ्तारी हुई पर साक्ष्य के अभाव में जेल से रिहा हो गए, जब देश आजाद हो गया तब सन 1952 में जमशेदपुर के साकची में श्रीलेदर्स की स्थापना हुई, आज 70 साल से अधिक हो गए, सुरेश दा अब हमारे बीच नहीं है पर उनके आदर्शों और उनकी बातों पर श्रीलेदर्स परिवार आज भी कायम है। उक्त बातें श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने बिष्टुपुर, के रोड स्थित श्रीलेदर्स शोरूम में आरोजित सुरेश डे की जयंती पर कही। इस अवसर पर शेखर डे, सुशांतो डे, ज्योस्तना डे, संजय मिश्रा, पी के नंदी, अरिजीत सरकार, गोविंद राव के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। श्री शेखर डे ने बताया आज हम अपने संस्थापक के पदचिन्ह पर चल कर आगे बढ़ रहे है। जमशेदपुर की पहचान दो कंपनियों से है, एक टाटा स्टील और दूसरा श्रीलेदर्स! संस्थापक सुरेश डे की दो मूल मंत्र वाजिब दाम - विश्वमान को श्रीलेदर्स परिवार आगे बढ़ाने में लगी हुई है। आज श्रीलेदर्स के शोरूम देश के हर कोने के साथ विदेशों में भी स्थापित हो चुकी है। कहा विश्व युद्ध के बाद जापान जिस प्रकार आगे बढ़ा है उसी प्रकार श्रीलेदर्स भी अपना दो पंख के सहारे अपने व्यवसाय को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने में लगा है, जिसमे एक तरफ संथापक सुरेश डे और दूसरी तरफ उनकी धर्मपत्नी किरणमय डे का योगदान है।

## 30 घंटा के बाद चमेली झरना में बने खदान में डूबे युवक का शव बरामद



राष्ट्रीय खबर

इचाक : इचाक थाना क्षेत्र के पर टाँड भुसाई गांव के युवक प्रिंस कुमार पिता संजय मेहता 18 वर्षीय अपने 7 दोस्त के साथ चमेली झरना में बने खदान लोटिया डैम के निकट 20 अप्रैल समय 10 बजे सुबह नहाने व घूमने के लिए गया था नहाने के क्रम में काफी गहराई तक जाने के बाद डूब गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। 20 अप्रैल को स्थानीय गोताखोरों चौपारण का काफी खोजबीन करने के बाद भी सव को बरामद नहीं कर पाया था। पुनः परिजनों की एनडीआरएफ टीम की मांग पर 21 अप्रैल को सुबह मंगाया गया और 30 घंटा के बाद प्रिंस का सव काफी खोजबीन के बाद एनडीआरएफ टीम द्वारा बरामद किया गया। खदान पदमा एवं ईचाक के सीमा पर है। खबर लिखे जाने तक सव को पदमा पुलिस या ईचाक पुलिस की जिमे पता नहीं चल पाया था। परिवार वालों को रो रो कर बुरा हाल है मां चितकार लगा कर रो रही थी। सव निकलने तक जीप चेयरमैन उमेश मेहता, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, सांसद प्रतिनिधि भागवत मेहता, इचाक पुलिस एवं पदमा पुलिस , पदमा प्रमुख कैंप लगाए बैठे थे।

**समीक्षा** निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करते हुए धरातल पर काम प्रारंभ करने का निर्देश दिया

# तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

- स्वीकृत योजनाओं का टेंडर प्रक्रिया को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करते हुए
- योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए सभी अभियंताओ को निर्देशित किया

राष्ट्रीय खबर



हजारीबाग : हजारीबाग तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय कक्ष में उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डीएमएफटी सहित विभिन्न विभागों के द्वारा स्वीकृत आधारभूत संरचना एवं निर्माण से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा ज़िला हजारीबाग में लोककल्याण से संबंधित कई योजनाओं को डीएमएफटी मद से स्कीम स्वीकृत योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता न करें।

योजना समय पर एवं गुणवत्ता सही रहे इसके लिए सहायक अभियंता, कनीय अभियंता स्कीम के साइट पर गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। कार्यपालक अभियंता को अपने स्तर से अपने अपने विभागीय स्कीम और डीएमएफटी से स्वीकृत व संचालित योजनाओं में डुप्लीकेसी न हो इसके लिए सजग रहने एवं डीएमएफटी को अपडेट करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने स्वीकृत योजनाओं का टेंडर प्रक्रिया को निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करते हुए धरातल पर काम प्रारंभ करने का निर्देश दिया साथ ही चालू परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने पर बल देते हुए नियमित निगरानी कर अड़चनों को दूर करने में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। डीएमएफटी से स्वीकृत योजनाओं खासकर स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगनवाड़ी, पेयजल आदि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए सभी अभियंताओ को निर्देशित किया। जेठ की गर्मी और उत्पन्न पेयजल समस्या के मद्देनजर कार्यपालक अभियंता पेयजल को कंट्रोल रूम को सक्रिय कर हेल्पलाइन नंबर सार्वजनिक करने सहित समस्या समाधान के लिए एई, जेई सहित पूरी टीम को तैनात कर समस्या का संवेदनशीलता, तत्परता के साथ समस्या का समाधान की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

इसके अलावा डीएमएफटी, पेयजल, भवन, पथ, सिंचाई, विशेष प्रमंडल, ज़िला परिषद द्वारा संचालित परियोजनाओं को पूर्ण करने में संवेदक की लापरवाही, भूमि की अनुपलब्धता, अतिक्रमण, विद्युत कनेक्शन, रोड़, वन भूमि एनओसी, विधि व्यवस्था,अन्य स्थानीय अड़चनों को दूर करने के लिए अपने स्तर से विभागीय, अंतर्विभागीय, जिला प्रशासन स्तर पर पहल कर समय योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया।

## न्यूज फटाफट

### इको सेंसेटिव जोन संघर्ष समिति की बैठक संपन्न



इचाक : इचाक इको सेंसेटिव जोन संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक इचाक प्रखंड अंतर्गत फुफंदी चौक एवं जेपी चौक के प्रांगण में हुई जिसमें इको सेंसेटिव क्षेत्र के नियमों में आने वाली समस्याओं पर विचार किया गया। बैठक में मुख्य रूप से इको सेंसेटिव जोन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भागवत मेहता, संरक्षक चंद्रदेव मेहता, सचिव राजेश मेहता मुख्य संरक्षक राजेश गुप्ता, पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता, जीप सदस्य प्रतिनिधि अशोक कुमार मेहता, डाढीघाघर पंचायत मुखिया नंदकिशोर मेहता, मुखिया प्रतिनिधि कुशल चंद मेहता, बसंत नारायण मेहता, भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, जदयू जिला अध्यक्ष अर्जुन मेहता, सांसद प्रतिनिधि हरिहर मेहता, जगदीश प्रसाद मेहता, बलदेव मेहता, मुनीम अंसारी, हीरामन प्रसाद मेहता, विरेंद्र मेहता, पूर्व मुखिया बसंत मेहता, राजेंद्र मेहता, विजय मेहता, युगल यादव, नारायण मेहता, समाजसेवी नागेश्वर प्रसाद मेहता, राजकुमार राम, अयोध्या प्रसाद मेहता, भरत प्रसाद मेहता, लक्ष्मण प्रसाद मेहता, भाजपा मीडिया प्रभारी राहुल रामा समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सभी सरकारी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में कृमि निरोधक दवा अल्बेंडाजोल खिलाया गया



बड़कागांव : बड़कागांव कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर बड़कागांव प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में कृमि निरोधक दवा अल्बेंडाजोल खिलाया गया। इस अवसर पर बड़कागांव चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर बीएन प्रसाद द्वारा प्लस टू उच्च विद्यालय बड़कागांव, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय होरम एवं आंगनबाड़ी केंद्र होरम में पहुंचकर अभियान का शुभारंभ किया गया। मौके पर चिकित्सा प्रभारी श्री प्रसाद ने विद्यालय के छात्र- छात्राओं को कहा कि सरकार द्वारा समय-समय पर कई तरह का लोगों को दवा खिलाने का अभियान चलाती है। इस बार 1 से 19 वर्ष के लोगों के बीच कृमि निरोधक दवा अल्बेंडाजोल खिलाने का कार्यक्रम की जा रही है। बच्चों से अपील करते हुए चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि सभी लोगों को यह दवा खाना अनिवार्य है। आप स्वयं खाएं और अपने आसपास के दोस्तों को भी दवा खाने में प्रेरित करें। बच्चों से अपील करते हुए उन्होंने आगे कहा कि आपके माता- पिता के लिए भी समय-समय पर फलेरिया की दवा खाने के लिए वितरण किया जाता है। इसलिए अपने माता-पिता अभिभावकों को भी दवा खाने के लिए प्रेरित करते रहे। प्रभारी ने आगे कहा कि बड़कागांव प्रखंड के सरकारी एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में तो पूरे दिलचस्पी के साथ बच्चों को दवा खिलाने के लिए जागरूक दिखें लेकिन प्रखंड के निजी विद्यालय इस अभियान में शिथिलता बरत रहे। उन्हें भी आगे आकर अपने विद्यालय के बच्चे को कृमि निरोधक दवा खिलाना चाहिए। इसके लिए अस्पताल परिवार दवा देने के लिए तैयार है।

### प्रधान सचिव को हजारीबाग जलसहिया संघ के तरफ से 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया

बड़कागांव : बड़कागांव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार रांची के प्रधान सचिव को हजारीबाग जलसहिया संघ द्वारा 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। उक्त मांग पत्र जिला जलसहिया संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान सचिव का हजारीबाग आगमन के दौरान सौंपा गया है। सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया है कि हम सभी जलसहिया पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यों को ग्राम स्तर पर विगत 10 -12 वर्षों से संपादित कर रहे हैं। इस दौरान कई प्रकार की समस्याएं एवं चुनौतियां का सामना करना पढ़ रहा है। इन समस्याओं एवं चुनौतियों को मद्देनजर जलसहिया संघ द्वारा विभाग से विश्व जल दिवस, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आदि कार्यक्रमों में हम सब जलसहिया को प्रोत्साहित करने, जल जीवन मिशन के तहत प्रति गांव 5 महिलाओं को अविलंब प्रशिक्षण देने, जल सहिया का पंचायत स्तर प्रखंड स्तर एवं जिला स्तर पर बैठक में भाग लेने पर जलपान, यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता अविलंब लागू करने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत जलसहिया के योगदान से पूरे गांव ओडीएफ घोषित की तरह जल जीवन मिशन का कार्य संवेदक से ना करा कर जलसहिया के माध्यम से कराने, झार जल माध्यम से की गई कार्य के एवज में अविलंब भुगतान करने, घरेलू शौचालय की बकाया निर्धारित प्रोत्साहन राशि का अविलंब भुगतान करने, ऑनलाइन कार्य करने के लिए मोबाइल एवं इंटरनेट का खर्च उपलब्ध कराने, सभी जल सहिया का 4 वर्ष का बकाया मानदेय भुगतान कराने एवं शौचालय निर्माण कार्य के एवज में जलसहिया को 150 रुपैया प्रोत्साहन राशि भुगतान करने आदि मांग शामिल है। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने एक अलग आवेदन के माध्यम से पेयजल स्वच्छता विभाग हजारीबाग के जिला समन्वयक विश्वनाथ सोनी पर कई प्रकार का गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग की गई है। मांग पत्र में जिला समन्वयक पर जल सहिया से नियुक्ति प्रमाण पत्र मांगने, अभद्र व्यवहार करने, मुखिया से मिलकर जल सहिया को हटाने की धमकी देने सहित अन्य आरोप लगाया गया है। मांग पत्र में चौपारण के जलसहिया के साथ अभद्र व्यवहार करने का गवाह चौपारण के सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, प्रमुख, प्रमुख पंचायत के मुखिया के साथ बैठक में दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाई गई है। उक्त मांग पत्र सौंपते समय प्रधान सचिव ने जल सहिया प्रतिनिधिमंडल को बहुत जल्द पूरा करने एवं जिला समन्वयक पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

### मध्य विद्यालय बरियठ में बच्चों को खिलाया गया एल्बेंडाजोल

इचाक : इचाक 20 अप्रैल को मध्य विद्यालय बरियठ, ईचाक, हजारीबाग में प्रधानाध्यापक श्री राकेश रंजन की अगुवाई में एवं बाल संसद के मंत्रियों की उपस्थिति में सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक महोदय ने कृमि से होने वाले नुकसान एवं एल्बेंडाजोल दवा के महत्व की जानकारी बच्चों को दी। इस अवसर पर सहायक अध्यापक देव नारायण प्रसाद मेहता,नीलम कुमारी, कुलदीप कुमार एवं बाल संसद के मंत्रियों में सुहानी कुमारी,विद्या कुमारी,निशा कुमारी, धर्मेंद्र कुमार,करन कुमार अभिषेक राणा,मनी कुमार आदि मौजूद रहे।

### पेंशन दिवस कार्यक्रम का आयोजन

पीरटांड़ : पीरटांड प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिवस मनाया गया। जिसकी जानकारी देते हुए कार्यालय सहायक रेशमी उपाध्याय ने बताया कि पेंशन दिवस के अवसर पर कई लोगों का आवेदन एवं फॉर्म भी लिया गया ।जिसके तहत जिन लोगों का पेंसन की समस्या आ रही है उसका भी समाधान किया गया ।यह कार्यक्रम हरेक तीन महीने में किया जाएगा । कैंप में रेशमी उपाध्याय आर्यन साहू के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### वृद्ध महिला को ट्रक ने कुचला,मौत

**दुमका :** सड़क हादसे में घायल वृद्ध महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुहियाजोरी के समीप घटी। मृतक महिला थाना क्षेत्र के गुहियाजोरी निवासी कैरोलिना मरांडी, पति स्व एमानवेल मुर्मू है। मृतक महिला राजन मुर्मू की माने तो देर रात करीब 9 बजे खाना-पीना खाकर उसकी मां सड़क किनारे अपने घर के दरवाजे पर सोई हुई थी।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### पाकुड़िया में शत प्रतिशत बच्चों ने लिया एम आर टीका

**पाकुड़िया :** जिले के भगोरिया प्रखंड में स्थित संत पॉल विद्यालय में शत प्रतिशत खसरा रुबेला एमआर का टीका बच्चों को लगाई जाने की सूचना है। इसकी जानकारी देते हुए संत पॉल विद्यालय के निदेशक सह झारखंड प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष गब्रियल मुर्मू ने बताया कि पूर्व में ही सभी अभिभावकों को फोन एवं व्हाट्सएप के माध्यम से जानकारी दी गई थी।

### अवैध पुशु तस्करी में 3 गए जेल

**रानेश्वर :** रानेश्वर थाना के पुलिस ने मवेसी तस्कर सहित 3 को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। ज्ञात हो की प्रखंड के पाठजोड़ गांव के लोगो ने बुधवार को मवेसी लदा दो पिकअप वेन जप्त कर रानेश्वर थाना के पुलिस को जिम्मा दिया था। पिकअप वेन नम्बर डब्लूबी 53सी 5572 है। दूसरा डब्लूबी 53सी 5499 है। दोनो पिकअप वेन में 9 पीस पशुधन लदा हुआ था। पशु तस्कर महिषबथान के साप्ताहिक हटिया से पशु को खरीद कर पाठजोड़ के रास्ते पश्चिम बंगाल ले जा रहा था। थाना से मिली जानकारी के मुताबिक पशु तस्कर एवं वाहन मालिक सेख मुजफर, चालक स्वर्णदीप डोम एवं शेख अस्मत को गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं के तहत जेल भेज दिया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सादगी से अदा की गई अलविदा जुम्मे की नमाज

**पाकुड़ :** माह-ए-रमजान के अलविदा जुमे की नमाज शुक्रवार को जिले भर के मस्जिदों में सादगी के साथ अदा की गई। अलविदा जुमा को लेकर मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ देखी गई।रोजादारों ने मुल्क के लिए अमन चैन की दुआ मांगी।शहर के सभी मस्जिदों के अलावे सदर प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र प्रखंड के चेगाडांगा, संग्रामपुर, रहसपुर, ईलामी, तारानगर, ईशाकपुर, झिकरहाटी, चांचकी, पृथ्वीनगर,सितापहाड़ी के अलावे सभी मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई।सभी नमाजीओं ने नमाज के बाद देश में अमन व सुकून कायम रहने के लिए दुआ मांगी।चेंगाडांगा जुम्मा मस्जिद के इमाम मुफ्ती मजीबुर रहमान मजहारी ने बताया कि इस साल रमजान माह में हमें 5 जुम्मे की नमाज नसीब हुआ है। हम रमजान की शुरूआत जुम्मे से किए थे और रमजान महीने की अंतिम दिन भी जुम्मा नसीब हुआ है।रमजान की फजीलत बयान करते हुए उन्होंने कहा कि मुबारक माह हमसे जुदा हो रहा है।

### जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी परिषद की हुई बैठक

**पाकुड :** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के शासी परिषद की बैठक लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश विलियम मरांडी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में की गई। लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश विलियम मरांडी ने अपने संबोधन में कहा कि गर्मी को देखते हुए सबसे पहले सभी अस्पतालों, विद्यालयों पेयजल की व्यवस्था हो। उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर ने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट की राशि से शुद्ध पेयजल मुहैया कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

**विधि व्यवस्था** सरदार पटेल भवन में सीनियर अधिकारी क्या विधि व्यवस्था के अनुकूल ले रहे हैं निर्णय

# ईद के मौके पर अपराध अनुसंधान के अफसर हटाये गये

- काफी पहले से चार जिलों में होते थे अलग डीएसपी
- सीबीटीम के डीएसपी को हटाने का औचित्य पता नहीं
- संवेदनशील समझे गये जिलों पर ऐसा फैसला क्यों



**दीपक नौरंगी**

**भागलपुर:** मुख्यमंत्री जी ईद का त्यौहार के ऐसे समय पर इस तरह के निर्णय पर सवाल उठना लाजमी है अपराध अनुसंधान विभाग ने भागलपुर जैसे अति संवेदनशील जिले से डीएसपी कृष्ण कुमार को वापस अपराध अनुसंधान विभाग पटना मुख्यालय क्यों बुलाया। बड़ा सवाल, हमेशा जहां हर छोटी बड़ी बात पर सांप्रदायिक माहौल बिगड़ता रहा है पुलिस के वरीय पदाधिकारियों की परेशानियां बढ़ती रही है। ऐसी स्थिति में किन वरीय पुलिस अधिकारियों के द्वारा भागलपुर जैसे महत्वपूर्ण जिले से सीबी टीम से डीएसपी को वापस अपराध अनुसंधान विभाग पटना बुलाना कितना उचित निर्णय? सवालों के घेरे में है। भागलपुर ही नहीं विधि व्यवस्था के मामले में मोतिहारी जैसे महत्वपूर्ण जिले से भी अपराध अनुसंधान विभाग के डीएसपी संजय कुमार पांडे को भी वापस पटना अपराध अनुसंधान विभाग ने बुला लिया है। उसी तरह गया जिला जो लगातार सुर्खियों में बना रहता है वहां से भी डीएसपी रामदुलार प्रसाद को वापस अपराध अनुसंधान विभाग बुला लिया गया।

उसी तरह मुजफ्फरपुर जिला से भी विनीता सिन्हा डीएसपी अपराध अनुसंधान विभाग को पटना बुला लिया गया है लेकिन गुरुवार को 11 डीएसपी का तबादला हुआ है जिसमें से अपराध अनुसंधान विभाग की महिला डीएसपी विनीता सिन्हा को आर्थिक अपराध इकाई में डीएसपी के पद पर नियुक्त किया गया है। आखिर ईद जैसे महत्वपूर्ण पर्व के दौरान इस प्रकार का निर्णय क्या एडीजी सीआईडी जितेंद्र कुमार साहब के द्वारा लिया गया है।

यह निर्णय विधि व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए कहीं से भी अनुकूल नहीं दिखता है। बिना किसी कारण और बेवजह ऐसी निर्णय लेना कितना उचित है। त्योहारों के समय में अपराध अनुसंधान विभाग में तैनात पुलिस पदाधिकारियों के माध्यम से पुलिस मुख्यालय के द्वारा महत्वपूर्ण सूचनाएं आदान-प्रदान दिए जाने का कार्य भी किया जाता है। बताया जाता है कि जैसे कि भागलपुर जिले में सीबीटीम के अपराध अनुसंधान विभाग के डीएसपी कृष्ण कुमार सिंह की तैनाती थी। उनके अधीन कई महत्वपूर्ण केस जो सीआईडी के अधीन चल रहे हैं। इनको उन महत्वपूर्ण केस के मामलों की जांच का जिम्मा मिला हुआ था। दूसरी तरफ यदि भागलपुर जिले में कहीं बैंक डकैती होती है या हत्या लूट या अन्य कोई सामुदायिक माहौल बिगड़ने वाली बात होती है तो सीबी टीम के पुलिस पदाधिकारियों काम था कि घटना क्यों घटी है घटना कारण क्या है और इनमें कौन कौन अपराधी शामिल है, इसकी जानकारी पुलिस मुख्यालय सही समय पर बताना।

डीजीपी आर एस भट्टी ने सीआईडी विभाग के समीक्षा के तुरंत बाद ही ऐसा निर्णय क्यों लिया, यह स्पष्ट नहीं है। बताया जाता है कि दो दिन पहले बिहार के डीजीपी आर एस भट्टी ने एडीजी सीआईडी जितेंद्र कुमार के विभाग की समीक्षा की है।

## न्यूज फटाफट

### अगजनी की दर्दनाक घटना में घर जलकर हुआ खाक

**छत्तरपुर (पलामू) :** नौडीहा बाजार प्रखंड के गुलाबझारी निवासी शिव नारायण साव के घर में अचानक आग लग जाने से लाखों की संपत्ति जल कर हुई खाक। गाय, गाय की बछिया, बकरी, मोटरसाइकिल, साइकिल, सहित घर के अनाज ,पलंग, फर्नीचर , कपड़ा लता सब जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना पाते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने घटना का जायजा लिया।थाना प्रभारी अमन कुमार तड़के घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव कार्य में लग गये। ग्रामीणो ने काफी मेहनत कर आग बुझाये।पीड़ित परिवार को मुखिया हेवंती देवी, एवं पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी तथा समर्पण वेलफेयर ट्रस्ट के संतोष कुमार सिंह ने यथासंभव मदद का आश्वासन दिया। पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार व विधायक श्रीमति पुष्पा देवी मौके पर पहुँचे और पीड़ित परिवार से मिलकर उसकी मदत की। विधायक श्रीमति पुष्पा देवी ने मुवावजा देने के संबंध में अधिकारियों से बात की और जल्द से जल्द राहत पहुँचाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया। पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने अधिकारियों से कहा कि आवास निर्माण की प्रक्रिया को तुरंत शुरू किया जाए।इस मौके पर सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे सभी ने विधायक का आभार जताया।

### व्यवसाई मुकेश के दिवंगत माता पिता की मनाई गई दूसरी पुण्यतिथि

**हरिहरगंज/पलामू :** शहर के झंडा चौक मोहल्ला निवासी व्यवसायी मुकेश शौडिक के दिवंगत पिता विमल शौंडिक और उनकी माता कुलवंती देवी की दूसरी पुण्यतिथि शुक्रवार को सतगांवा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में मनाई गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा के बाद एक भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कई वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत विमल शौडिक सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे। साथ ही कई अवसरों पर वे जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए भी तत्पर रहते थे। श्रद्धांजलि सभा में प्रधानाचार्य विजेंद्र प्रसाद, महादेव यादव, एनसीपी नेता अखिलेश मेहता, अजय सिंह,भाजपा नेता बल्लू बलराम, गणेश शौडिक सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## एफसीआई गोदाम से 20 से 22 हजार क्विंटल राशन का गबन : रामराज मेहता

**राष्ट्रीय खबर**

**हुसैनाबाद,पलामू:** हुसैनाबाद प्रखंड परिसर स्थित एफसीआई के गोदाम से अगस्त, सितंबर 2022 एवं जनवरी 2023 का प्रखंड क्षेत्र के 22 ग्राम पंचायतों के लाभुकों का करीब 20 से 22 क्विंटल राशन गबन की शिकायत भारतीय जनता पार्टी उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने झारखंड सरकार के खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव डॉ अमिताभ कौशल से प्रोजेक्ट भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर किया है। सौंपे गए ज्ञापन में यह भी उल्लेखित कर बतलाया गया है कि ग्राम पंचायत महूदंड के जनजातीय डाकिया योजना पीटीजी के राशन का 35 किलोग्राम की पैकेट की जगह 25 किलोग्राम का ही राशन पैकेट माह जनवरी में वितरण किया गया है । वही ग्राम पंचायत बैरांव एवं झरगड़ा के लाभुकों को चार माह यानी अगस्त, सितंबर, दिसंबर 2022 एवम् जनवरी 2023 का भी राशन आज तक नहीं दिया गया वह। इस संबंध में सचिव अमिताभ कौशल को श्री मेहता ने विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए कहा है कि प्रखंड क्षेत्र के 20 ग्राम पंचायत के लाखों ग्रामीण लाभुकों को 3 माह यानी अगस्त, सितंबर 2022 एवं जनवरी 2023 का राशन नहीं दिया गया है वहीं ग्राम पंचायत बैरांव व झरगड़ा के हजारों ग्रामीण लाभुकों को 4 माह यानी कि अगस्त, सितंबर, दिसंबर 2022 एवं जनवरी 2023 राशन का वितरण नहीं किया गया है यहां तक की बैगा जनजाति बहुल एकमात्र ग्राम पंचायत महुदंड के जनजातीय समुदाय के 8 सौ राशन कार्ड धारियों के राशन वितरण में भारी गोलमाल की गई है इस मामले की जांच के नाम पर लीपापोती करने का भी प्रयास किया गया है जिसके तहत 20 से 22 हजार क्विंटल गबन में से मात्र 400 कुछ क्विंटल राशन गबन होना पाया गया है इस पर उन्होंने आश्वस्त किया कि मैं त्वरित एक टीम भेजकर इसकी जांच की जाएगी।

## भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर की बैठक



**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर :** भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर की बैठक आज शुक्रवार को जिला कार्यालय में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रमुख रूप से बूथ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के सौवां संस्करण समूह में सुनने, हर बूथों पन्ना प्रमुख का पुनर्रीक्षण पर विमर्श एवं रणनीति बनाई गई। सभी शक्ति केंद्र संयोजकों एवं मंडल पदाधिकारियों से आह्वान किया गया कि सभी लोग इस विषय पर गंभीर हों और इस तरह के कार्य करें, जो बूथों पर दिखाई दें। मन की बात कार्यक्रम के सौवें संस्करण के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारियों को बुथ का प्रभारी बनाया गया है जहां की मन की बात कार्यक्रम आयोजित होगी। ग्रामीण मंडल अंतर्गत मन की बात कार्यक्रम के लिए बूथ पर बनाए गए प्रभारी बुथ संख्या 221संतोष शुक्ल 225मनोरंजन तिवारी 228 छोटु सिंह 231रूपा सिंह 233 सोमेश सिंह 240 सूदना पूर्व परसुराम ओझा 241 अजय सिंह 244 रोहित शर्मा 245 अविनाश वर्मा 249 जीतेंद्र तिवारी 254श्याम बाबू 258 खनवा नरेंद्र मेहता 260 प्रभात तिवारी उपाध्यक्ष ,261 रजवाडीह शुशील पाण्डेय ,263 जमुने अमर मिश्रा हैं। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक ने कहा कि भाजपा ऐसी पार्टी है जो पांचों साल एक्टिव मोड पर रहती है, जबकि अन्य पार्टियां जब चुनाव नजदीक आता है तब सक्रिय होती हैं। जिन बिंदुओं पर आज जानकारी दी गई है, सभी कार्यकर्ता उस पर कार्य करना प्रारंभ कर दें। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का मेरे व्यक्तिगत जीवन पर भी खासा प्रभाव पड़ा है। कल जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले में शहीद जवानों के प्रति 2 मिनट का मौन धारण कर शोक व्यक्त किया गया। महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह ने कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश प्रभात तिवारी सिंह, अमर मिश्रा सुमन सिंह प्रदीप पासवान चंदू चंद्रवंशी मनोरंजन तिवारी पंकज शुक्ला मुकेश प्रजापति सचिन तिवारी एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विद्यालय में 650 बच्चों ने लगाया एम आर का टीका



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** स्थानीय विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में खसरा एवं रुबेला टीकाकरण अभियान के तहत कक्षा एल के जी से दसवीं तक के 650 बच्चों को एम आर का टीका लगाया गया। प्राचार्य द्वारा छात्रों एवं अभिभावकों को जागरूक करने हेतु लगातार मीटिंग, लिखित सूचनाएं एवं अन्य गतिविधियों का संचालन जारी रहा। उन्होंने अभियान के दौरान सभी अभिभावकों से सहयोग देने की बात कही। सुबह से ही विद्यालय परिसर में अभिभावकों का तांता लगा रहा। सभी अपने बच्चों को टीका लगवाने हेतु तत्पर दिखे। पाकुड़ के सिविल सर्जन सह चिकित्सा पदाधिकारी श्री मंटू टेकरीवाल जी ने विद्यालय पहुंचकर टीकाकरण अभियान का निरीक्षण किया एवं बताया की इस विद्यालय में एम आर टीकाकरण अभियान को सफल बनाने हेतु प्राचार्य एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चिकित्सा विभाग के तरफ से इस अभियान को सफल बनाने हेतु कुल चार प्रशिक्षित टीम को भेजा गया था जिन्होंने अपने कार्यों का निर्वहन बखूबी निभाया। विद्यालय प्राचार्य डॉ विश्वदीप चक्रवर्ती ने बताया कि इस महा आयोजन में चिकत्सा कर्मचारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिन्होंने कोरोना काल से अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की देखभाल और सेवा भावना में समर्पित है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षकों के अलाव साधना चौबे एवं जन संपर्क पदाधिकारी संजय यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### विधायक प्रतिनिधि ने किया सड़क शिलान्यास

**जामा :** प्रखंड क्षेत्र के चिकनिया पंचायत के लकड़जोरिया गांव एवं नाचनगड़िया पंचायत के शिकारपुर गांव तक प्रस्तावित आरईओ सड़क का विधायक सीता सोरेन के निजी सहायक राकेश चौधरी, कुणाल सिंह उर्फ झुनू, जिप सदस्य कालेश्वर सोरेन, प्रखंड सचिव सत्तार खान, लकड़ जोड़िया गांव के ग्राम प्रधान एवं नाचनगड़िया के मुखिया ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि राकेश चौधरी ने उपस्थित ग्रामीणों से कहा यह सड़क गुणवत्तापूर्ण निर्माण हो। निर्माण में गुणवत्ता की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बताया कि लकडजोरिया सड़क का शिलान्यास विधायक सीता सोरेन द्वारा किए जाने का कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया था। लेकिन विधायक का तबीयत ठीक नहीं रहने के कारन शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंच नहीं सके।

## रानी दिग्गी पटाल का नाम बदलकर होगा पंडित दीनदयाल उद्यान



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** नगर परिषद के अध्यक्ष शंपा साहा ने अमर शहीद पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत पंडित दीनदयाल उद्यान (रानी दिग्घी पटाल) का उन्नयन एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। श्रीमती संपा साहा ने बताया कि पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत तांतीपाड़ा स्थित रानी दिग्घी पटाल से नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उद्यान पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है।उपायुक्त वरुण रंजन पंडित दीनदयाल उद्यान को एक आकर्षक पर्यटक स्थल बनाने में महती भूमिका निभा रहे हैं और विभिन्न स्रोतों से राशि उपलब्ध कराने हेतु प्रयास कर रहे हैं।आने वाले दिनों में पंडित दीनदयाल उद्यान एक आकर्षण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा इस हेतु एक करोड़ अठासी लाख रुपया नगर विकास एवं आवास विभाग ने उपलब्ध कराया है।एक करोड़ अठासी लाख से तालाब की सफाई तालाब के चारों ओर सीढ़ी घाट एवं पीसीसी सड़क का निर्माण, चारदीवारी को उपरी हिस्से का निर्माण,विद्युतीकरण आदि किए जाने हैं। अध्यक्ष सम्पा साहा ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महान चिंतक और अर्थवेनन्ता और महान संगठक भारतीय जनसंघ के संस्थापक के स्मृति में उनके नाम पर उद्यान होना पाकुड़ वासियों के लिए गर्व की बात है एवं राजनीतिक एवं आर्थिक चिंतन धारा को बदल कर देश को एक नई राह दिखाने वाले पंडित दीनदयाल जी की आदमकद प्रतिमा स्थापित कर रानी दिग्घी पटाल को दीनदयाल उद्यान के रूप में पर्यटन स्थल विकसित करने का नगर परिषद पाकुड़ ने सराहनीय कार्य किया है।

## शांति सद्भावना और उमंग के साथ मनाए ईद असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर

- आपत्तिजनक पोस्ट टीका टिप्पणी करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर
- थाना डायल संखया 100 /112 या व्हाट्सएप नंबर 9262998812 तुरंत सूचना दें
- हर चौक चौराहे पर पुलिस दल तैनात दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त



**राष्ट्रीय खबर**

**पाकुड़:** ईद उल फितर को लेकर पाकुड़ में पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। पाकुड़ पुलिस ने आम लोगों में से अनुरोध किया है कि ईद उल फितर आपसी भाईचारा और शांति का पर्व है। इसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में खुशी खुशी मनाएं। पाकुड़ पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी समुदाय, व्यक्ति विशेष धर्म, समाज को ठेस पहुंचाने वाला संगीत का प्रयोग ना करें जिससे कि सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका हो, किसी भी तरह का आपत्तिजनक टिप्पणी, फोटो, वीडियो आदि सोशल मीडिया या व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर ना करें, और ना ही किसी अफवाहों पर ध्यान दें। पुलिस सोशल मीडिया व असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए हुए हैं।

यदि किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना मिलती है तो पाकुर पुलिस विधि सम्मत सख्त कार्रवाई करेगी। पाकुड़ पुलिस ने आम जनता से अपील की है की पर्व पूरी सद्भावना शांति और सद्भावना के साथ मनाए और किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना प्राप्त होती है तो शीघ्र ही थाना डायल संखया 100 /112 या व्हाट्सएप नंबर 9262998812 तुरंत सूचना दें। पुलिस सदैव आपकी सेवा में तत्पर है।

## ऐतिहासिक होगा पीएम मोदी के मन की बात का 100 वां एपिसोड : रवींद्र

**राष्ट्रीय खबर**

**हरिहरगंज/पलामू :** आगामी 30 अप्रैल को प्रसारित होने वाले प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के 100 वें एपिसोड ऐतिहासिक होगा। उक्त बातें भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह मंडल प्रभारी रवींद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने बैठक के बाद पत्रकारों से कही। गुरूवार को हरिहरगंज मेन रोड स्थित बीजेपी प्रखण्ड कार्यालय में उन्होंने कार्यकताओं के साथ बैठक में मन की बात कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श भी किया और कई टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि 2014 में भारत का प्रधान मंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने लोगों से सीधे जुड़ने के लिए मन की बात कार्यक्रम की शुरूआत किया था। इस दौरान उन्होंने बीजेपी कार्यकताओं और व्यापक लोगों से पीएम के मन की बात कार्यक्रम में शामिल होने की अपिल की। उन्होंने श्री मोदी को आजाद भारत के अब तक का सबसे लोकप्रिय पीएम बताया। जिनके नेतृत्व में देश का नाम विदेशों में भी गूंजता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के गलत नीतियों के कारण पूरे राज्य में बालू की किल्लत हो गई है। जिस वजह से पीएम आवास योजना के लाभुकों का आवास नही बन पा रहा है। वहीं कई विकास की योजनाएं भी प्रभावित हो गई है। जबकि भीषण गर्मी के इस दौर में बिजली की कटौती से तमाम उपभोक्ताओं के साथ ही बिजली आधारित कृषि और व्यवसाय को प्रभावित बताया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि उक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो भाजपा के द्वारा जोरदार आन्दोलन किया जाएगा। मौके पर किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा ,रेणु देवी ,दिनेश विश्वकर्मा ,दिलीप स्वर्णकार आदि मौजूद थे।

## शहर >> अपडेट

### छत से गिरकर आंगनबाड़ी सेविका घायल

**मरकच्चो :** प्रखण्ड मुख्यालय मरकचो के मध्य पंचायत स्तिथ कोटवार मुहल्ला निवासी आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 45 की सेविका 45 वर्षीय ज्योति अग्रवाल सुबह 6 बजे अपने दो मंजिला मकान के छत पर घरेलू काम करने के दौरान अचानक नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार अपने घर के छत के ऊपर नये दीवाल में पानी डाल रही थी।

## सिटी अपडेट्स >>

### शादी के नाम पर बाल तस्करी का मामला उजागर

**कोडरमा :** झुमरीतिलैया के असनाबाद में बाल तस्करी का मामला सामने आया है। इसकी सूचना बाल कल्याण समिति को मिलने पर सदस्यों ने त्वरित संज्ञान लेते हुए चाइल्डलाइन को पत्र जारी कर इसमें लिप्त लोगों की छानबीन करने का प्रस्ताव भेजा। सूचना के आधार पर उन्होंने कहा कि असनाबाद में छठ तालाब के नजदीक 14 वर्षीया नाबालिग का विवाह चार महीने पूर्व मध्यप्रदेश में कर दिया गया था। चार महीने के बाद जब उनकी लड़की वापस तिलैया आई तो वह बताई कि वहां जाने के बाद उसके साथ उसके ससुराल वाले दुर्व्यवहार करते हैं और साथ ही साथ मारपीट भी करते हैं। शादी भी जबरन मेरी मर्जी के खिलाफ मेरी मां पिताजी के द्वारा कराया गया है और इस शादी कराने के एवज में लड़के वाले के तरफ से एक अच्छी खासी रकम भी हमारे माता-पिता को दिया गया है। उसके इस सूचना पर बाल कल्याण समिति के द्वारा पत्र जारी कर चाइल्डलाइन के एक टीम को तिलैया थाना के सुरक्षा बल के साथ स्थल पर भेज कर बालिका को रेस्क्यू कर थाना ले गई। साथ ही साथ जो लोग मध्य प्रदेश से बालिका को लेने आए थे, उनमें बालिका की जिस लड़के के साथ शादी की गई थी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### काजी-ए-शहर कोडरमा ने की लोगों से आज ईद का चांद देखने की अपील

**कोडरमा :** काजी -ए- शहर कोडरमा मुफ्ती मोहम्मद नसीम कासमी ने लोगों से आज 29 रमजानुल मुबारक 21 अप्रैल को ईद का चांद देखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग चांद देखने का ऐहतमाम नहीं करते जबके उस पर बहुत सी दीनी इबादतों की बुनियाद है इसलिए चांद देखना दीनी जिम्मेदारी है तमाम मुस्लिमों से गुजारिश है ईद का चांद देखने का ऐहतमाम जरूर करें और जिन लोगों को चांद नजर आए, तो वो दारुल कजा इमारत शरिया कार्यालय असनाबाद में इसकी जानकारी दें। उन्होंने कहा कि चांद देखने वाले व्यक्ति या तो खुद आकर चांद देखे जाने की गवाही दे, या फिर मोबाइल नंबर 8507825390 और 7004853056 पर इसकी जानकारी दें। उन्होंने फरमाया कि रमजान मुबारक का 29वां रोजा दिन शुक्रवार की शाम में लोग ईद का चांद देखने की कोशिश करें और उन्होंने कहा कि अल्लाह के रसूल ने फरमाया है कि गरीबों मिस्कीनों को भी अपने ईद की खुशि में शामिल करो ?से शख्स पर कयामत के दिन अल्लाह तआला रहम व करम का मामला फरमाते हैं। इसलिए लोगों को चाहिए कि गरीब व माजूर लोगों पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान रखें और उन्हें अपने हैसियत के अनुसार मदद पहुंचाएं।

### प्रखंड मुख्यालय कुडू में शांति समिति की बैठक संपन्न

**कुडू :** पूरे कुडू प्रखंड में ईद का त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर प्रखंड मुख्यालय कुडू में गुरुवार को शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुआ। इस बैठक में कुडू प्रखंड प्रमुख मुनी देवी ने ईद त्यौहार को शांति सद्भाव के साथ मनाने की बात कही।इस बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ मनोरंजन कुमार ने कहा कि एक माह के पवित्र रमजान के बाद ईद का त्योहार एक दूसरे का गिला शिकवा भूल गले लगाने के लिए ही मनाया जाता है।

अलविदा जुम्मा

आखिरी जुम्मा की नमाज में नमाजियों की उमड़ी भीड़

# ईद की नमाज का समय हुआ तय

- एएसपी ने किया इलाके का निरीक्षण
- शुक्रवार को इलाके में अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की गई



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर :** माह ए पाक रमजान अब अपने पड़ाव पर है। इलाके में ईद की दस्तक हो चुकी है। मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे दिन रोजा रखकर खुदा की बंदगी कर रहे है। साथ ही नेकी और बरकत की दुआ कर रहे है। इन सबके बीच शुक्रवार को इलाके में अलविदा जुम्मे की नमाज अदा की गई। वहीं लोगों ने इस बार रमजान की आखिरी सेहरी, आखिरी जुम्मा और आखिरी अफ्तार किया। प्रखंड के जयनगर, लोहाडंडा, पेठियाबागी, गोपालडीह, खेसकरी, कटहाडीह, पिपचो, बेको, गरचांच, मंडारिया, पथलकुदवा, तिलोकरी सहित विभिन्न इलाकों में शुक्रवार को जुम्मे की नमाज अदा करने के लिए लोगों की भारी भीड़ रही। इस दौरान सभी लोगों ने अमन चैन दुआ की। वहीं ईद उल फितर की नमाज मस्जिदों एवम ईदगाहों में अदा होने का समय तय किया गया जिसमे स्थानीय जयनगर सहित विभिन्न इलाकों में सुबह 7.30 मिनट से लेकर 9.00 बजे की बीच समाप्त हो जायेगी जिसको लेकर मुहल्लो, मस्जिदों एवम ईदगाहों को सजा दिया गया है। प्रखंड के विभिन्न इलाकों में अलविदा जुमा की नमाज एवं ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसको लेकर एएसपी प्रवीण पुष्कर, सीओ ओमप्रकाश बड़ाईक, माईका इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह, थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा सहित विभिन्न पुलिस कर्मियों ने विभिन्न इलाकों का निरीक्षण किया।

सभी प्रखंड वासियों को ईद उल फितर की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से मना कर शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की।

## मुण्डा समाज के लोग शुक्रवार को तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह से मिले

राष्ट्रीय खबर

**तमाड :** आदिवासी मुण्डा समाज के लोगों ने शुक्रवार को तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह से मिले। मिलकर विजय गिरी स्थित भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति को अज्ञात लोगों द्वारा क्षति पहुंचाने वाले की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। विदित हो कि पिछले दिनों अज्ञात लोगों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति को क्षतिग्रस्त किया गया है जिससे आदिवासी समाज के साथ ही अन्य लोग भी आक्रोशित हैं एवं पुलिस प्रशासन से दोषियों की जल्द गिरफ्तारी एवं कठोर कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। इसी क्रम में आज आदिवासी समाज के लोगों द्वारा थाना प्रभारी से मिलकर असमाजिक दोषियों के ऊपर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।इस दौरान थाना प्रभारी दीपक कुमार ने कहा कि निश्चित रुप से भगवान बिरसा मुंडा देश के जननायक थे महान क्रांतिकारी थे जिन्होंने देश के लिए शहीद हो गए। ऐसे में इनका मूर्ति पर हमला दुखद है, दोषियों पर कार्रवाई होगी। दोषियों को पकड़ने में सामुहिक प्रयास की जरूरत है निश्चित रूप से दोषी जल्द पुलिस के गिरफ्त में होगा। थाना प्रभारी से मिलने वालों में सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा, पूर्व मुखिया रमेश सिंह मुण्डा, पूर्व सैनिक पुर्ण चंद्र मुण्डा,बुढ़ाडीह ग्राम प्रधान विजय सिंह मुण्डा, सीताराम मुण्डा, संतोष मुण्डा,उदर कांत मुण्डा, राजेन्द्र सिंह मुंडा, लक्ष्मण मुण्डा, रामधन मुण्डा, श्यामचांद सिंह मुण्डा अमर मुण्डा, एतवा लोहरा, दिगम्बर लोहरा सहित कई लोग शामिल थे।

उपायुक्त ने झुमरी तिलैया में बन रहे ओल्डएज होम के निर्माण कार्य का जायजा लिया

# उपायुक्त ने कई आंगनबाड़ी केंद्रों का लिया जायजा



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** शुक्रवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने कोडरमा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह, सलयडीह, लोचनपुर -1, लोचनपुर-2, पुरनानगर-2 और बोनाकाली आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केन्द्र का जायजा लेते हुए सेविका व सहायिका सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी बच्चों का बालमित्र आधारित शिक्षा प्रदान करें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनका संपूर्ण विकास करें। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण बदलाव लायें और बच्चों को ठीक से रखना, उनका ध्यान देना, उनका अभिभावकों का काउसलिंग करने की बात कही। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने झुमरी तिलैया में बन रहे ओल्डएज होम के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण कार्य में लगे विभाग के पदाधिकारी और संवेदक को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय व अन्य मौजूद थे।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में ईद को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शुक्रवार को ईद को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वर्ग 6 से 8 के बच्चों के बीच स्पेशल असेंबली हुआ, जिसमें बच्चों ने ईद कब, क्यों और कैसे आदि बिंदुओं पर अपने विचार रखे। इस मौके पर बच्चों ने कहा कि ईद आपसी प्रेम और भाईचारे का त्यौहार है। सेवई की मीठी खुशबू रिश्तो में मिठास घोलती है। जबकि शिक्षकों ने हमारे जीवन में पर्व-त्यौहार के महत्व और ईद की परंपरा से बच्चों को रूबरू कराया। दूसरी ओर ईद को लेकर बच्चे ईद के पारंपरिक वेशभूषा में सज कर आए हुए थे, जो आकर्षण का विशेष केंद्र था। बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता भी हुई। जिसमें बच्चों ने चार्ट पेपर पर चांद और तारे बनाए थे। पूरा विद्यालय परिसर ईद की खुशियों से सराबोर दिखा। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने लोगों को ईद की बधाई दी और कहा कि ईद आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। यह हमारे जीवन में उमंग, उल्लास और उत्साह का संचार करता है। बच्चों में एंजल अनुषा, अर्चना राणा, शिशिर काना, पार्थ, आदित्य आदि बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय रही। पूरे आयोजन को सफल बनाने में वर्ग 6 से 8 में सुभय कुमार, शशि राज समेत अन्य शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों का योगदान रहा।

## कोडरमा ने चतरा को 169 रन से हराया



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमाः** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे इंटर डिस्टिक अंडर सिक्सटीन क्रिकेट टूनामेंट में गुरुवार को चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में कोडरमा और चतरा के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोडरमा ने 41 ओवर में 269 रन बनाए। जिसमें अभय ने 56 रन, अभिजीत ने नाबाद 49 रन, प्रियांशु ने 33 रन और आयुष ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए चतरा की ओर से विजय ने 4 विकेट, रोहित और मोहम्मद दस्तगीर ने दो-दो विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी चतरा की टीम 26.2 ओवर में 100 रन पर ढेर हो गई। चतरा की ओर से अतुल ने 31 रन और सचिन ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कोडरमा की ओर से आर्यन देव ने 4 विकेट और सिद्धांत शुभम ने तीन विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए कोडरमा के आर्यन को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

कार्यशाला

ब्रम्हाकुमारी पूरे विश्व में शांति का संदेश देने के लिए प्रतिबद्ध है

# ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शांति शिक्षा पर सात दिवसीय कार्यशाला

- शांति शिक्षा विश्व कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है
- प्रो. डा बीसी स्वेन ने कहा कि शांति शिक्षा सकारात्मक वातावरण बनाती है



राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया :** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आइक्यूएसी के तत्वाधान में शांति शिक्षा पर सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बीके करन राणा, ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, मधुबन, माउंट आबू उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रथम दिन का मुख्य विषय (एक शांतिपूर्ण जीवन और शांति की दुनिया के लिए दृष्टि) था। महाविद्यालय की उपनिदेशिका डॉ संजीता कुमारी ने सबों का स्वागत करते हुए कार्यशाला के विषय शांति शिक्षा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डा बीसी स्वेन ने कहा कि शांति शिक्षा सकारात्मक वातावरण बनाती है। शांति शिक्षा विश्व कल्याण के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता बीके करण राणा ने पीपीटी के माध्यम से ब्रह्मकुमारी संस्था के इतिहास से सबको परिचित करवाया। साथ ही ये भी बताया की किस प्रकार ब्रम्हाकुमारी पूरे विश्व में शांति का संदेश देने के लिए प्रतिबद्ध है ' आज के प्रकरण की शांतिपूर्ण जीवन एवम विश्व शांति के लिए हमें क्या कदम उठाने की आवश्यकता है इसको विस्तार में बताया। कार्यशाला में महाविद्यालय के बी.एड सत्र 2021- 23 तथा 2022- 24 के प्रशिक्षु विकास कुमार, प्रदीप कुमार, भीम कुमार, सूरज कुमार, मिताली गौतम, खुशबू, राखी कुमारी, रोहित पंडित, रंजीत कुमार, सुनील कुमार बरनवाल, रिंकेश कुमार सिन्हा, कुमारी अनुराधा, खुशी कुमारी, सलोनी कुमारी, पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी, ज्योति कुमारी, उषा कुमारी, फूल कुमारी, सोनू कुमार बरनवाल तथा स्वाति कुमारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक तथा शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीएड सत्र प्रशिक्षु महिमा कुमारी ने किया।

## न्यूज फटाफट

### अविराम में ईद मिलन समारोह पर कार्यक्रम आयोजित



**कुडू :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुडू, लोहरदगा में ईद मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। जसीमा के द्वारा तेलावत ए कुरान किया गया,रिया और साथियों के द्वारा भर दे झोली या मोहम्मद कव्वाली पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। सचिव इंद्रजीत कुमार ने कहा कि हमारे देश ने धर्म के नाम पर बंटवारा और लाशों के ढेर देखे है फिर भी आज कोई भी त्योहार आता है तो जगह जगह अराजक तत्व अशांति फैलाते है जबकि सभी देश वासियों को देश की एकजुटता के लिए एक हो कर कार्य करना चाहिए परंतु धर्म का आश्रय ले कर हिंसा जैसी घटनाएं निंदनीय हैं अगर हम सभी प्रण कर ले कि हम एक है तो कोई भी अराजक शक्ति हमको पराजित नहीं कर सकती है। ईद का त्योहार महीने भर के सब्र और इबादत के बाद आता है हमे जीवन के हर क्षेत्र में सब्र और परिश्रम से काम लेना चाहिए ईश्वर के निर्दिष्ट मार्ग पर चलना चाहिए। इस अवसर पर सचिव द्वारा ईद पर भेंट भी दी गई।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रेणुका महतो की भूमिका रही और प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी समेत जंगबहादुर, आफताब, कुंदन, मनु, रौशन, ऋतु, अफसाना, रितिका, पवन, बिनोद, शशि, चिनिबास, मनु, रोजमेरी, ममता आदि उपस्थित थे।

### 133 अभार्थियों को भू मापक (अमीन) का प्रमाण पत्र मिलना हमारे क्षेत्र के लिए सौभाग्य की बात:ऐनुल अंसारी



**कुडू :** प्रखंड छेत्र में विगत 23-10-2022 से चल रहे नव भारत निर्माण संस्थान द्वारा भू मापक (अमीन) प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज प्रशिक्षक साहेब राव शर्मा के द्वारा टाटी पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित कर किया गया इस कार्यक्रम में उप प्रमुख ऐनुल अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्तीथ हुए मौके पर उपस्थित भू मापक अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिए सभी प्रशिक्षण एवं एग्जाम में पास होने वाले सभी अभार्थियो को प्रमाण पत्र देकर उनका हौसला अफजाई किया बताते चलें कि भू मापक अमीन प्रशिक्षण में कुल 133 अभार्थियों ने भाग लिया था जिसमे सात अभार्थियों ने टॉप किया टॉप करने वाले अभार्थियों में सहाबुल रॉय, धनेश राम, हेमनाथ कुमार महतो, सचिस कुमार, राजेश महतो, निक्की कुमारी, प्रतिभा उरांव सामिल है तथा बाकी 126 अभार्थियों ने भी अच्छे नंबर से पास किया सभी को उप प्रमुख ऐनुल अंसारी के द्वारा प्रमाण पत्र देकर सभी का हौसला अफजाई किया तथा सभी के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी इस मौके पर ऐनुल अंसारी ने कहा की नवभारत निर्माण संस्थान द्वारा भू मापक अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से रोजगार का एक बढ़िया अवसर देने का सराहनीय कार्य संस्थान के द्वारा किया गया है आप सभी अभार्थियों से रिक्वेस्ट है निवेदन है की इस प्रशिक्षण के माध्यम से जो शिक्षा आपको मिला है उस शिक्षा का सदुपयोग करेंगे और अपने आप को रोजगार के छेत्र में सशक्त बनाने का कार्य करेंगे छेत्र में भू मापक अमीन की काफी कमी थी समय पर लोगो को अमीन नहीं मिलता था जिसके कारण लोगो को जमीन नापी से संबंधित कार्य हेतु काफी दिक्कत होती है अब आप के अमीन बन जाने से ये समस्या खत्म होगी लोगो को समय पर अमीन मिलेगा और इस कड़ी में कहना चाहते हैं कि आप आज से पहले बेरोजगार थे लेकिन अब आप के रोजगार के अवसर है इस लिए उन्होंने नव भारत निर्माण संस्थान के प्रशिक्षक साहेब राउ शर्मा जी को धन्यवाद दिया इस मौके पर उप प्रमुख ऐनुल अंसारी प्रशिक्षक साहेब रॉव शर्मा पंचायत सचिव विनोद कुमार दुबे डालसा के हफीजुल अंसारी रोजगार सेवक रजनी सहित काफी संख्या में। अभार्थी मौजूद थे।

### 13 सूत्री मांगों के समर्थन में राजी पड़हा कुडू ने किया धरना-प्रदर्शन

**कुडू :**13 सूत्री मांग के समर्थन में राजी पड़हा कुडू के तत्वाधान में 20 अप्रैल गुरुवार को प्रखण्ड मुख्यालय कुडू में प्रधान दिवान रामनाथ उरांव कि अध्यक्षता में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना के बाद एक प्रतिनिधि मंडल ने कुडू सीओ को 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमे मुख्य रूप से राज्य सरकार द्वारा सूखा क्षेत्र घोषित करने के बाद भी ग्रामीण इलाकों में सूखा राहत का कोई योजना चालू नहीं होने से गांवो के 45 फीसदी मजदूर अन्यत्र राज्यों में पलायन कर गए हैं, अविलंब सूखा राहत का योजना चालू करने की मांग, सूखाग्रस्त गांव में भदोही फसल की बुआई के लिए पूर्ण अनुदान में बीज मुहैया कराने, बड़ी गर्मी में आदमी के साथ जानवरों के पीने के लिए खराब पड़े चापाकलो की मरम्मत और नया चापाकल लगाने की मांग, पंचायत क्षेत्र के दायरे में पढ़ने वाले बालू घाटों का सेटलमेंट संबंधित पंचायत के बेरोजगारों को करने और कोऑपरेटिव सोसायटी बनाकर घाटों की नीलामी की मांग, हाल के भू सर्वे खतियान में भारी त्रुटि को शिविर लगाकर सुधार करने की मांग, आदिवासी महिला जिसकी शादी गैर आदिवासी पुरुष से हुआ है उसे आदिवासी जाति प्रमाण पत्र देना बंद करने की मांग आदि शामिल है। धरना-प्रदर्शन में रामनाथ उरांव, बेंजामिन लकड़ा, गोरेन्द्र उरांव आदि लोग शामिल थे।

### 'अच्छा तो अब हम चलते हैं अलविदा दोस्तों' नहीं रहे परेश कुमार सिन्हा



**कोडरमा :** बैंक ऑफ इंडिया के सेवा निवृत अधिकारी व पूर्व निदेशक आर सेटी कोडरमा परेश कुमार सिन्हा का शुक्रवार को चेनई वेल्लोर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। पिछ्ले कुछ दिनों से वे बीमार चल रहे थे और वहां भर्ती थे। अपने कार्यकाल मेँ अलग अलग शाखाओं मेँ उन्होने बेहतर सेवा दी थी। आर सेटी कोडरमा के निदेशक के पद पर कार्य करने के दौरान उन्होने बेहतर कार्य किये थे। कौशल विकास और स्व रोजगार का प्रशिक्षण बेरोजगार युवक युवतियों को दिलाने और उन्हें आत्म निर्भर बनाने की दिशा मेँ उन्होने संस्थान के माध्यम से अभूतपूर्व कार्य किये थे। बैंक ऑफ इंडिया के आला अधिकारी उनकी इन खूबियों के कायल थे। लगभग 4 वर्ष पूर्व सेवा निवृत होने के बाद भी वे सामाजिक सरोकारों से जुड़े रहे और लोगों की मदद के लिए तत्पर रहे। कोडरमा के युवाओं के लिए कुछ अलग करने की हसरत पाले हुए थे मगर शायद नियति को यह मंजूर नही था। गम्भीर बिमारियों ने उनके सामाजिक सरोकारों से जुडी हस रतों को कुचल दिया। बाद के दिनों मेँ सेवा निवृति के बाद उन्होने जिला कॉग्रेस कमिटि के वरीय जिला उपाध्यछ के रुप मेँ अपनी सेवाएं समाज को देते रहे। बहरहाल अब तो उनकी यादें ही शेष रह गयी।

## न्यूज फटाफट

### अगुट को हरा कर अल्कराज बार्सिलोना ओपन के क्वार्टर फाइनल में



**बार्सिलोना :** स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने बार्सिलोना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हमवतन रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-3,7-5 से हरा कर खिताब सुरक्षित रखने की ओर एक कदम और बढ़ा दिया। क्वार्टर फाइनल में गत विजेता अल्कराज का मुकाबला स्पेन के ही अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना होगा, जिन्होंने एमिल रूसुवुओरी को 6-4, 7-5 से हराया है। दूसरी ओर, स्टेफानोस सिटसिपास ने डेनिस शापोवालोव को 6-3, 6-2 से हरा कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला एलेक्स डी मिनौर से होगा, जिन्हें ग्रिगोर दिमित्रोव ने वॉकओवर दिया वहीं कैस्पर रूड 15वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरंडोलो से 7-6 (5), 6-3 से हार गये। सेरंडोलो का मुकाबला अब 12वीं वरीयता प्राप्त डेनियल इवांस से होगा। इस बीच चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने योशीहितो निशिओका को 6-1, 4-6, 6-3 से हराकर इस सत्र में सातवीं बार क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। सिनर का अगला मुकाबला लोरेंजो मुसेटी से होगा, जिन्होंने कैमरन नॉरी को 3-6, 6-4, 6-1 से पराजित किया।

ब्रांड एंबेसडर

### जियोसिनेमा के विजन को आगे बढ़ाने के लिए नई पारी शुरू

# जियोसिनेमा के ब्रांड एंबेसडर बने रोहित शर्मा

एजेंसियां

**मुम्बई :** क्रिकेटर रोहित शर्मा को जियोसिनेमा ने अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। वह अब स्पोर्ट्स व्यूइंग को डिजिटल का पर्याय बनाने के जियोसिनेमा के विजन को आगे बढ़ाने के लिए नई पारी शुरू करेंगे। इस मौके पर रोहित शर्मा ने कहा, ''जियोसिनेमा भारत में मोबाइल फोन और कनेक्ट टीवी में खेलों को देखने के तरीके को बदलने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। विकल्प प्रदान करने की उल्लेखनीय श्रृंखला प्रशंसकों को वास्तव में सशक्त कर रही है। मैं जियोसिनेमा के साथ जुड़कर और इस यात्रा का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं क्योंकि यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बदलाव को सक्षम बनाता है और क्रिकेट प्रशंसकों को बहुत ज्यादा लचीलापन, पहुंच, अंतःक्रियाशीलता और निजता प्रदान करता है।'' कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि रोहित जियोसिनेमा की टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। वह एक साझा विजन के तहत सहयोग करेंगे जो कि पहलकदमी की एक श्रृंखला के माध्यम से खेल देखने को डिजिटल का पर्याय बनाने पर केंद्रित है। वह देश भर में फैन बेस का विस्तार करते हुए सभी प्रीमियम स्पोर्ट्स संपत्तियों के लिए जियोसिनेमा के डिजिटल-प्रथम प्रस्ताव को अपनाएंगे। वायकॉम 18 स्पोर्ट्स के सीईओ अनिल जयराज ने कहा, ''रोहित शर्मा खेल भावना और बेजोड़ नेतृत्व के प्रतीक हैं। वह उन मूल्यों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो प्रशंसकों और खिलाड़ियों को समान रूप से प्रिय हैं। खेलों की हमारी प्रस्तुति और इन दिनों जारी टाटा आईपीएल में रोहित की प्रशंसकों के साथ जुड़ाव की क्षमता के बीच तालमेल है, और यह साझेदारी रोमांचक भविष्य की ओर जाने वाली राह पर भारत को आगे बढ़ाने की हमारी तलाश का एक स्वाभाविक विस्तार है।''




## खेल जगत अपडेट्स >>

### शो 'क्रिकेट लाइव' में नजर आयेंगी प्रियंका

मुंबई : वैश्विक आइकन



प्रियंका चोपड़ा और गोल्डन ग्लोब नामांकित रिचर्ड मैडेन स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव में नजर आयेंगे। दोनों सितारे स्टार स्पोर्ट्स के शो 'क्रिकेट लाइव' में अपनी आगामी ग्लोबल ओरिजिनल सीरीज सिटाडेल को प्रमोट करने के लिए मौजूद रहेंगे। सिटाडेल के मुख्य कलाकारों और स्टार स्पोर्ट्स के टैलेंट इरफान पठान और टॉम मूडी के बीच की बातचीत दर्शकों को लुभायेगी। देश भर में प्रशंसक 21, 22 और 23 अप्रैल को आईपीएल 2023 के मैचों की अगुवाई में विशेष सेगमेंट देख सकते हैं और 28 अप्रैल को विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर ग्राउंड-ब्रेकिंग ग्लोबल सीरीज, सिटाडल देख सकते हैं। इस सेगमेंट से यह भी पता चलता है कि पहली आईपीएल नीलामी में विराट कोहली के बाजार मूल्य का पता लगाने के लिए प्रियंका चोपड़ा कितनी हैरान हैं। 2008 में विराट कोहली को आरसीबी ने सिर्फ 30 हजार अमेरिकी डालर में खरीदा था। प्रशंसकों को इस रोमांचक सहयोग की एक झलक प्रदान करने के लिए, स्टार स्पोर्ट्स ने पर्दे के पीछे का एक रोमांचक वीडियो जारी किया है।

### फीफा अंडर 20 विश्व कप अधिकारियों की नियुक्ति

**जिनेवा :** फीफा ने अर्जेंटीना में 20 मई से 11 जून तक होने वाले फीफा अंडर-20 विश्व कप 2023 के लिए गुरुवार को अधिकारियों की नियुक्ति कर दी। फीफा रेफरी समिति द्वारा 25 रेफरी और 38 सहायक रेफरी का चयन किया गया था और 18 वीडियो मैच अधिकारी भी इस सूची में शामिल हैं। फीफा शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में अपने मुख्यालय में टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के लिए ड्रॉ की मेजबानी करेगा। फीफा ने कहा कि रेफरी और मैच अधिकारी टूर्नामेंट के शुरू होने से कुछ दिन पहले अंतिम तैयारी में भाग लेंगे। फीफा अंडर-20 विश्व कप की भाग लेने वाली टीमें अर्जेंटीना, ब्राजील, कोलंबिया, डोमिनिकन गणराज्य, इक्वाडोर, इंग्लैंड, फिजी, फ्रांस, ग्वाटेमाला, होंडुरास, इराक, इजरायल, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, गाम्बिया, अमेरिका और उज्बेकिस्तान हैं।

## जीत के साथ शीर्ष पर पहुंचना होगा सुपर जायंट्स का लक्ष्य



एजेंसियां

**लखनऊ:** केएल राहुल के नेतृत्व वाली लखनऊ सुपर जायंट्स शनिवार को गत विजेता गुजरात टाइटंस से पिछली हार का बदला लेने के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज होने के इरादे से अपने घरेलू मैदान में उतरेगी। आसमान में बादलों के डेरे और आसपास के इलाकों में हल्की बूंदाबांदी से लखनऊ के तापमान में कमी दर्ज की जा रही है। शनिवार दोपहर साढ़े तीन बजे जब दोनो टीमें आमने सामने होंगी तो मौसम की खुशगवारी उन्हे रास आयेगी वहीं सुपर जायंट्स के समर्थकों का जोश मैदान में गर्मी पैदा करेगा। हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस के लिये मौजूदा सत्र अब तक उतार चढाव से भरपूर रहा है। टीम की कोशिश पिछली हार को भुलाकर एक बार फिर सुपर जायंट्स को घुटनों में लाने की होगी। इकाना की धीमी पिच पर राशिद खान के साथ साथ खुद हार्दिक भी कारगर साबित हो सकते हैं वहीं मोहम्मद शमी की अगुवाई में तेज गेंदबाजी आक्रमण भी राहुल ब्रिगेड की परीक्षा लेंगे। लखनऊ और गुजरात ने अब तक दो दो मैच गंवायें है। पिछले मैच में राजस्थान राजल्स के खिलाफ जहां लखनऊ को जीत मिली थी वहीं गुजरात ने उसी टीम से हार कर लखनऊ की उड़ान पकडी है । राहुल के लड़ाके जीत की लय को बरकरार रखने में यदि सफल रहते हैं तो उन्हे पहली बार अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज होने का मौका मिलेगा जिसका मनोवैज्ञानिक असर टूर्नामेंट के शेष बचे मैचों पर पड़ना तय है।

लखनऊ की ताकत काइल मेयर्स, निकोलस पूरन और मार्कस स्टोइनिस की मजबूत बल्लेबाजी है जो किसी भी गेंदबाज की बखिया उधड़ने में सक्षम है। केएल राहुल ने भी पिछले दो मैचों में औसत प्रदर्शन कर अपनी खोई फार्म को वापस पाने का संकेत दिया है हालांकि दीपक हुड्डा का लगातार फ्लाप होना टीम प्रबंधन के लिये चिंता का विषय है। इकाना में रवि विश्नोई,अमित मिश्रा के अलावा कृणाल पांड्या अब तक असरदार साबित हुये है और कप्तान की उम्मीदें इस तिकड़ी पर टिकी होंगी वहीं तेज गेंदबाज आवेश खान,मार्क वुड की धारदार गेंदबाजी गुजरात के बल्लेबाजों का टेस्ट लेगी।

इसके अलावा पिछले मैच में शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा करने वाले नवीन उल हक यदि अपने प्रदर्शन को दोहराने में सफल होते है तो यह टीम के लिये बोनस होगा। दूसरी ओर शुभमन गिल,डेविड मिलर और साई सुदर्शन के फार्म में होने का फायदा गुजरात को मिल सकता है जबकि राशिद खान और मोहम्मद शमी से भी पाड्या को काफी उम्मीदें होगी हालांकि खुद पांड्या अब तक गेंदबाजी के लिहाज से बेअसर रहे हैं। इसके अलावा अल्जारी जोसेफ और जोश लिटिल का भी प्रदर्शन औसत रहा है।

## जम्मू की दो शटलर्स ने राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए किया क्वालीफाई

SAI
Sports Authority of India (SAI)

एजेंसियां

**जम्मू:** जम्मू स्थित खेल प्रशिक्षण केंद्र (एसटीसी),भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हरियाणा के बहादुरगढ़ में आयोजित योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सीनियर नेशनल रैंकिंग के लिये क्वालीफाई किया है। साई के उप निदेशक नदीम अहमद डार ने शुक्रवार को बताया कि साई एसटीसी जम्मू की बैडमिंटन प्रशिक्षु उन्नति जराल और कृषिका महाजन ने 11 से 18 अप्रैल तक बहादुरगढ़ (हरियाणा) में आयोजित योनेक्स सनराइज ऑल इंडिया सीनियर नेशनल रैंकिंग के लिए क्वालीफाई किया है। उन्होंने कहा कि उन्नति ने महिला एकल स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया जबकि उन्नति जराल और कृषिका महाजन की जोड़ी ने महिला युगल स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया। दोनों लड़कियां सीनियर राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए क्वालीफाई करने वाली जम्मू-कश्मीर बैडमिंटन के इतिहास में पहली खिलाड़ी हैं। दोनों लड़कियां अंडर-19 आयु वर्ग में हैं, फिर भी उन्होंने वरिष्ठ स्तर पर प्रदर्शन किया है। डार ने कहा कि साई एसटीसी जम्मू के शटलरों ने हाल ही में एसटीसी धार (मध्यप्रदेश) में आयोजित इंटर साई बैडमिंटन टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने दो स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक सहित कुल 10 पदक हासिल किए। डार ने कोच तौसीफ अहमद के प्रयासों की भी सराहना की और उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जम्मू-कश्मीर में सभी महत्वाकांक्षी शटलरों के लिए अनुकरणीय और उत्साहजनक है और केवल एथलीटों और कोचों की कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण हासिल किया गया है।

## छह से अधिक भाषा बोल सकती है पूजा हेगड़े



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े का कहना है कि वह छह से अधिक भाषा बोल सकती है। पूजा हेगड़े इन दिनों अपनी फिल्म किसी का भाई किसी का जान का प्रमोशन मे व्यस्त है। पूजा हेगड़ ने बताया कि वह छह से अधिक भाषाएं बोल सकती है। पूजा हेगड़े ने बताया कि वह अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु, तुलु ,कन्नड़ तमिल और मराठी बोल सकती है। उन्होने कहा, मेरे लिए, उन भाषाओं को जानना महत्वपूर्ण है जिनमें मैं काम करती हूं क्योंकि मेरा मानना है कि यह मुझे एक बेहतर अभिनेत्री बनाता है।

### सलमान की फिल्म को पहले दिन ऑडियंस का मिला शानदार रिस्पॉन्स



एजेंसियां

**मुंबई:** 'किसी का भाई किसी की जान' का फीवर सलमान खान के फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में भाई जान के फैंस कोसिनेमाघरों के बाहर ढोल बजाते और थिरकते हुए देखा जा सकता है।

### आईएमडीबी ने मोस्ट अवेटेड फिल्मों की लिस्ट जारी की

एजेंसियां

**मुंबई :** आईएमडीबी ने वर्ष 2023 के पहले छह महीने में रिलीज होने वाली मोस्ट अवेटेड फिल्मों की लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें शाहरुख खान की फिल्म जवान को पहली पोजिशन मिली है। शाहरुख खान की आने वाली फिल्म जवान आईएमडीबी की लिस्ट में पहली पोजिशन पर है। फिल्म जवान को एटली निर्देशित कर रहे हैं। यह फिल्म 02 जून 2023 को रिलीज होगी। इस लिस्ट में दूसरी पोजिशन रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल को मिली है। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बन रही यह फिल्म 11 अगस्त 2023 को रिलीज होगी।आदिपुरुष को इस लिस्ट में तीसरी रैंक मिली है। ओम राउत के निर्देशित इस फिल्म में प्रभास, सैफ अली खान और कृति सैनन की अहम भूमिका है।यह फिल्म 16 जून 2023 को रिलीज होगी। आईएमडीबी की टॉप टेन की लिस्ट में गदर 2, छत्रपति, मैदान, योद्धा,रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, हनुमान और कस्टडी शामिल है।

## अरविंद अकेला कल्लू का गाना 'टिकुलिया' रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई :** भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया गाना 'टिकुलिया' रिलीज हो गया है। 'टिकुलिया' गाना को एस आर के म्यूजिक से रिलीज किया गया है, जिसमें कल्लू और मैरी की केमेस्ट्री नजर आ रही है। कल्लू ने कहा कि भोजपुरी के गाने धीरे-धीरे गैर भोजपुरी भाषी के बीच में भी लोकप्रिय हो रहे है। यह इस वजह से हुआ कि हम सबों ने भोजपुरी की बेहतरी के लिए क्वालिटी प्रधान प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। आज भोजपुरी के दर्शकों और श्रोताओं की संख्या तेजी से बढ़ी है, जिस वजह से आईपीएल जैसे स्पोर्ट्स में भी भोजपुरी कमेंट्री का प्रसारण किया जा रहा है। कल्लू ने कहा कि हमारा गाना हर बार की तरह अपने श्रोताओं को समर्पित है। इसलिए उम्मीद है कि उनका आशीर्वाद हमें मिलेगा और गाने को जमकर हिटस मिलेंगे। गाना 'टिकुलिया' का लिरिक्स मुकेश मिश्रा का है। म्यूजिक विकी वोक्स का है। परिकल्पना अरविंद मिश्रा ने तैयार की हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### भिंड में युवक की पिटाई से मौत

**भिण्ड :** मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में एक युवक की पिटाई के चलते मृत्यु होने का मामला आज प्रकाश में आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दबोह थाना क्षेत्र के कुंअर पुरा नम्बर दो निवासी रिंकू विश्वकर्मा की पिटाई के चलते मौत हो गयी। रिंकू आदतन अपराधी था और उसके खिलाफ स्थाई वारंट निकाला था। कल गांव वालों ने उसकी मारपीट कर पुलिस को सूचना देकर पकड़वाया दिया था।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### साकेत कोर्ट के बाहर गोलीबारी,एक महिला घायल

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के दक्षिणी इलाके में साकेत कोर्ट नंबर 3 के बाहर शुक्रवार सुबह गोलीबारी हुई, जिसमें एक महिला घायल हो गयी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि वकील के वेश में आए एक व्यक्ति ने करीब चार राउंड फायरिंग की। गोलीबारी में एक महिला घायल हो गयी, जिसे तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल्ली पुलिस की कई टीम मौके पर पहुंच गयी हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना की विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

### जम्मू-कश्मीर में बारिश का दौर थमा

**श्रीनगर :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कई दिनों तक लगातार वर्षा के बाद शुक्रवार को तापमान में गिरावट के बीच मौसम में सुधार देखा गया। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में अगले 24 घंटों के दौरान मैदानी भागों में छिटपुट बौछारें पड़ने या हल्की वर्षा तथा पहाड़ी भागों में हिमपात होने के आसार हैं। शेष हिस्सों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि कश्मीर घाटी में पिछले कई दिनों के दौरान रुक-रुक कर बारिश हुई है ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### 'मेघालय की यात्रा करने वाले पर्यटकों को खुद को आइसोलेट रखना होगा'

**शिलांग :** मेघालय सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री माजेल अम्पारीन लिंगदोह ने शुक्रवार को कहा कि पर्वतीय राज्य ने कोविड-19 मामलों में वृद्धि वाले राज्यों से आने वाले पर्यटकों से आग्रह किया है कि वे खुद को आइसोलेट करें डॉ.लिंगदोह ने कहा कि मेघालय में कोविड-19 की स्थिति पूर्ण नियंत्रण में है और राज्य में केवल 15 सक्रिय मामले हैं। उन्होंने लोगों से संक्रामक रोग के किसी भी संभावित प्रकोप से बचने के लिए एहतियाती कदम के रूप में मास्क पहनने की अपील की।

### उज्जैन जोन के ग्यारह ड्रग तस्करों को जेल में निरूद्ध

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के उज्जैन जोन के ग्यारह ड्रग तस्करों को पुलिस ने जेल में निरुद्ध किया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार मादक पदार्थों की तस्करी में शामिल ड्रग्स माफियाओं को नेस्तनाबूद करने कि दिशा में कठोर कार्यवाही करने हुए उज्जैन से कालू, चीलम, जुबेर मंदसौर से शानू लाला, जाउद्दीन, खानशेर और आसिफ लाला तथा नीमच से गोपाल, मुमताज, रहीस एवं हुसैन को इंदौर सेंट्रल जेल में लम्बे समय के निरूद्ध किया गया है।

### शिवराज ने दी लोकसेवा दिवस की बधाई

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समस्त लोकसेवकों को लोकसेवा दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। श्री चौहान ने अपने ट्वीट में कहा कि समस्य लोकसेवक साथियों को लोकसेवा दिवस की हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि सभी लोकसेवक प्रदेश व देश की उन्नति में ऐसे ही समर्पित भाव से अविराम कार्य करते रहें और राष्ट्र तथा समाज उत्थान के सभी लक्ष्यों को पूर्ण करें।

आतंकवादी हमला

### बिजली गिरने से हादसे की सूचना का भारतीय सेना ने खंडन किया

# आतंकवादी हमले में मारे गये थे पांच भारतीय सैनिक

राष्ट्रीय खबर



**नई दिल्ली:** जम्मू कश्मीर में सेना के वाहन पर बिजली गिरने की सूचना गलत साबित हुई है। पहले इसी बात के साथ बताया गया था कि इस हादसे में सेना के पांच जवान मारे गये हैं। अबसेना ने एक बयान में कहा, बिजली नहीं, कश्मीर में आतंकवादी हमले में पांच सैन्यकर्मी मारे गए हैं। सेना ने कहा कि हो सकता है कि भारी बारिश के कारण कम दृश्यता का फायदा उठाकर आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर ग्रेनेड फेंका हो। इसमें पांच लोगों की मौत हो गई और एक जवान घायल हो गया। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में हुई इस घटना को लेकर शुरूआत में असमंजस की स्थिति बनी रही। शुरूआत में लगा कि मौत सेना के वाहन पर बिजली गिरने से हुई होगी।

लेकिन बाद में सेना ने बयान जारी कर कहा कि ग्रेनेड हमला सेना के वाहन पर हुआ था। इससे सेना के पांच जवानों की मौत हो गई। सेना के उत्तरी कमान के मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे सेना का एक वाहन भीमबा गली से राजौरी सेक्टर के पुंछ की ओर जा रहा था। अज्ञात आतंकियों ने उन पर हमला कर दिया। भारी बारिश के कारण दृश्यता कम होने का फायदा आतंकियों ने उठाया। संभावना है कि ग्रेनेड हमले के कारण वाहन में आग लग गई। सूत्रों के मुताबिक, आतंकी हमले में शहीद हुए जवान राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट के सदस्य थे। उन्हें आतंकियों से लड़ने के लिए भेजा जा रहा था।

सेना ने कहा कि एक अन्य सैनिक घायल हो गया। उसे जल्दी से बचा लिया गया और राजौरी के सेना अस्पताल भेज दिया गया। उनका इलाज चल रहा है। इलाके में तलाशी अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। मई में श्रीनगर में जी-20 शिखर सम्मेलन की बैठक होने जा रही है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने पिछले हफ्ते घाटी के हालात की समीक्षा की थी। उसी में यह घटना घटी।

## भोपाल में स्कूलों का समय दोपहर साढ़े 12 बजे तक



एजेंसियां

**भोपाल:** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के कलेक्टर आशीष सिंह ने भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय दोपहर साढ़े 12 बजे तक करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर कार्यालय की ओर से इस बारे में आज आदेश जारी किए गए। ये आदेश जिले के सभी स्कूलों पर तत्काल प्रभाव से लागू होगा। राजधानी भोपाल समेत पूरा प्रदेश इस समय भीषण गर्मी की चपेट में है। पिछले कई दिन से लगातार पारा 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। हालांकि पिछले दो दिन में बारिश और बादलों के कारण भोपाल में गर्मी की तपिश से थोड़ी निजात मिली है।

## ग्राम खाम्हा में चिकनपॉक्स का मामला,कलेक्टर पहुंचे जायजा लेने



एजेंसियां

**कटनी :** मध्यप्रदेश के कटनी में जिला प्रशासन ने एक गांव में चिकनपॉक्स का मामला सामने आते ही इस पर गंभीरता दिखाते हुए स्वास्थ्य अमला को मौके पर पहुंचने के निर्देश दिया है। कलेक्टर अवि प्रसाद ने कटनी जिले के ढीमरखेड़ा तहसील के अंतर्गत ग्राम खाम्हा में चिकिनपॉक्स का मामला सामने आने पर सीएमएचओ डॉ प्रदीप मुड़यि और बीएमओ डॉ बी के प्रसाद को निर्देशित किया कि बुखार से प्रभावित बच्चों में खसरे के लक्षण की जांच के लिए नमूने आईसीएमआर जबलपुर भिजवाएं। ताकि बीमारी के सही कारणों का पता लग सके और प्रभावितों का समुचित इलाज हो सके। ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम खाम्हा के सरपंच के अनुसार ग्राम में पिछले 15 दिनों से चिकनपॉक्स का प्रकोप है, ग्राम के हर घर में कोई न कोई इस बीमारी पीड़ित है। अरविंद लोधी के ढाई साल के बच्चे अंश की मौत हो गई है, वह भी इसी बीमारी से पीड़ित था। इस बीच कलेक्टर प्रसाद ने कल शाम गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बीमारी के संबंध में चर्चा की। उन्होंने चिकित्सकों और उनकी टीम को निर्देशित किया कि तेज बुखार से प्रभावित गंभीर स्थिति वाले मरीजों को पानउमरिया या फिर उपचार की जरूरत के अनुसार कटनी जिला चिकित्सालय में इलाज किया जाए।

## द्रमुक के भ्रष्टाचार के खिलाफ सीबीआई का दरवाजा खटखटाएगी भाजपा



एजेंसियां

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के पुत्र एवं दामाद पर एक साल के भीतर भ्रष्टाचार कर- के 30 हजार करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित किये जाने के मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का दरवाजा खटखटाने की घोषणा की है। भाजपा के प्रवक्ता सैयद जफर इस्लाम ने आज यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तमिलनाडु की संस्कृति, भारत की विरासत है, लेकिन प्रदेश की द्रमुक सरकार इस विरासत में भ्रष्टाचार का जहर घोल रही है। जब से द्रमुक की सरकार तमिलनाडु में आई है तब से वहां भ्रष्टाचार और भी बढ़ गया है। श्री इस्लाम ने कहा कि तमिलनाडु के प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने 14 अप्रैल को द्रमुक सरकार के भ्रष्टाचार एवं पैसे की लूट को दर्शाने वाले दस्तावेजों का पुलिंदा 'डीएमके फाइल' जारी की है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु सरकार में वित्तमंत्री त्यागराजन का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वह पत्रकारों को स्वयं बता रहे हैं कि स्टालिन के दामाद वी सबरीसन एवं पुत्र उदयनिधि स्टालिन ने भ्रष्टाचार के माध्यम से 30 हजार करोड़ रुपए की कमाई की है और अब वे इस चिंता से ग्रसित हैं कि इस काली कमाई को छिपायें कैसे। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि द्रमुक सरकार काले धन को सफेद करने के नए तरीके खोजने के शर्मनाक प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री स्टालिन के दामाद वी सबरीसन ने ब्रिटेन में दो कंपनियां स्थापित की हैं। और ये तथाकथित कंपनियां और कुछ नहीं बल्कि अवैध रूप से अवैध रूप से अर्जित धन को सफेद करने के साधन हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार कहा है कि हम करप्शन को जड़ से उखाड़ना चाहते हैं। इसके लिए काफी नीतियां भी बनाई गई हैं लेकिन कुछ ऐसे नासूर हैं जो आपके सामने हैं और ये संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के साझीदार हैं। उन्होंने कहा, ''चाहे वह राहुल गांधी हों, चाहे वाड्रा हों या गांधी परिवार के कुछ और लोग हों जिस तरह से ये परिवार देश में भ्रष्टाचार कर रहा था उसी प्रकार द्रमुक का परिवार भी भ्रष्टाचार कर रहा है।'' इस्लाम ने कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने सीबीआई से समय मांगा है ताकि वह जांच एजेंसी को संबंधित दस्तावेज एवं वीडियो उपलब्ध करा सकें ताकि मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच हो सके और दोषियों को कानून के शिकंजे में लाया जा सके।

## गेहूं के टूटे दाने पर केन्द्र सरकार से 18 प्रतिशत की छूट



एजेंसियां

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के कृषि मंत्री जे पी दलाल शुक्रवार कैथल में कहा कि गेहूं के 6 प्रतिशत तक टूटे दाने की छूट को केन्द्र सरकार ने अब 18 प्रतिशत की छूट दी है। दलाल आज कैथल की नई अनाज मंडी में गेहूं खरीद के कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि इस छूट से किसानों और व्यापारियों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि खराब दाने को लेकर भी सरकार से मंजूरी ली गई है और किसानों का कोई पैसा नहीं कटेगा। उन्होंने कहा कि सभी मंडियों से 43 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। इस विषय को लेकर अधिकारियों को पहले ही निर्देश दिए जा चुके हैं कि वे सभी मंडियों में बारदाना पूरा रखें। उठान और लदान का काम सुचारू रूप से होना चाहिए और किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की शेड बनवाने की मांग को जल्द पूरा किया जाएगा।

पर्यटक भालू

### राजस्थान के अलवर जिले में स्थित

# सरिस्का बाघ अभयारण्य में अब भालू का भी होगा दीदार

एजेंसियां



**अलवर :** राजस्थान के अलवर जिले में स्थित सरिस्का बाघ अभयारण्य में अब पर्यटक भालू का भी दीदार कर सकेंगे और इसके लिए गुरुवार रात को माउंटआबू से एक मादा भालू सरिस्का लाया गया। डीएफओ डी पी जागावत ने बताया कि इसे सरिस्का क्षेत्र के ताल वृक्ष रेंज में बने एंक्लोजर में छोड़ा गया। मादा भालू को सेटेलाइट सिग्नल वाला रेडियो कॉलर लगाया गया है। यह पूरी तरह आधुनिक तकनीक का बना हुआ है। इससे इसकी बेहतर मॉनिटरिंग हो सकेगी। राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय केन्द्र सरकार द्वारा जारी स्वीकृति अनुरूप एवं मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक राजस्थान जयपुर द्वारा जारी स्वीकृति के बाद निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सरिस्का टाईगर रिजर्व में आबू पर्वत से एक वयस्क मादा भालू को टीम द्वारा सफलतापूर्वक पकड़कर सरिस्का लाया गया है। मादा वयस्क भालू को सडक मार्ग द्वारा उप वन संरक्षक अरूण कुमार डी. (आई.एफ.एस), वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. डी.डी. मीणा एवं अन्य स्टाफ के साथ सरिस्का लाया गया जो देर रात तक सरिस्का टाईगर रिजर्व में पहुंचा। श्री जागावत ने बताया कि वयस्क मादा भालू के अतिरिक्त एक वयस्क नर भालू को भी नियमानुसार उपयुक्त स्थलों से पकड़कर सरिस्का टाईगर रिजर्व में शीघ्र ही लाया जायेगा ताकि यह जोड़ा भविष्य में भालुओं की वंशवृद्धि कर सके। इन भालुओं को पशु चिकित्सक अधिकारियों एवं वन्यजीव अनुसंधान संस्थान देहरादून के विशेषज्ञ की उपस्थिति में उनकी तकनीकी राय अनुसार अग्रिम आदेशों तक सॉफ्ट एनक्लोजर में रखा जायेगा। भालुओं के सॉफ्ट एनक्लोजर में शिफ्ट किये जाने पश्चात इनके सामान्य व्यवहार होने पर इनको खुले जंगल में छोड़ा जायेगा। इन भालुओं के सरिस्का टाईगर रिजर्व में सफलतापूर्वक छोड़े जाने से पर्यटकों को भालुओं के भी दीदार हो सकेंगे।

## न्यूज फटाफट

### दुश्मन के उपग्रहों पर कब्जा करने में सक्षम साइबर हथियार बना रहा चीन

**बीजिंग :** चीन दुश्मन के उपग्रहों पर 'नियंत्रण' करने के लिए उच्च तकनीक वाले साइबर हथियार बना रहा है और उन्हें लड़ाई के महत्वपूर्ण क्षणों सहित डेटा ट्रांसमिशन और निगरानी के लिए अनुपयोगी बना रहा है। पेंटागन के दस्तावेज के हवाले से समाचारपत्र फाइनेंसियल टाइम्स ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐसी तकनीकों को विकसित करने की चीन की मंशा डेटा ट्रांसमिशन को नियंत्रित करने के बीजिंग के लक्ष्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी। समाचार पत्र के अनुसार, साइबर हथियार कथित रूप से संकेतों की नकल कर सकते हैं, जो दुश्मन उपग्रह अपने ऑपरेटरों से प्राप्त करते हैं। साथ ही उपग्रहों पर पूर्ण नियंत्रण प्राप्त करते हैं या लड़ाई के महत्वपूर्ण क्षणों में ऑपरेशन विफलताओं का कारण बनते हैं। इससे पहले अप्रैल में मीडिया ने बताया कि राष्ट्रीय नेटवर्क के निर्माण को गति देने के लिए सैन्य समुदाय से कॉल के बीच चीन 12,992 उपग्रहों को प्रतिद्वंद्वी स्पेसएक्स के स्टारलिंक तारामंडल की कक्षा में लॉन्च करेगा। दिसंबर 2022 में बीजिंग की आशंकाओं को कथित तौर पर हवा दी गई जब स्पेसएक्स ने कहा कि वह स्टारशील्ड नामक एक परियोजना शुरू करेगी, जो राष्ट्रीय सुरक्षा जरूरतों को पूरा करेगी। चीनी सैन्य शोधकर्ताओं ने कहा कि यह दुनिया भर में नेटवर्क निगरानी कैमरों को स्थापित करने के समान होगा। अप्रैल की शुरूआत में, सोशल मीडिया पर 100 से अधिक वर्गीकृत अमेरिकी सरकारी दस्तावेज लीक हो गए थे। लीक हुई सामग्री ने अमेरिका के कुछ उच्च वर्गीकृत सैन्य विश्लेषणों का भी खुलासा किया है।

### रूसी लड़ाकू विमानों ने गलती से अपने ही शहर पर बमबारी की

**मास्को :** रूस के लड़ाकू विमान ने गलती से यूक्रेन की सीमा से लगे अपने ही शहर बेलगोरोद पर गुरुवार को बमबारी की। इस संबंध में रूस के रक्षा मंत्रालय की ओर से बयान जारी किया गया है। क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि विस्फोट से शहर के केंद्र में लगभग 20 मीटर (60 फीट) चौड़ा एक बड़ा गड्ढा हो गया है। उन्होंने कहा कि इस घटना में तीन लोग घायल हुए हैं और कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। एक अपार्टमेंट ब्लॉक को खाली करा लिया गया। मंत्रालय ने कहा कि एक एसयू -34 फाइटर-लड़ाकू विमान ने गलती से बम गिरा दिया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बम गुरुवार को स्थानीय समयानुसार 22:15 बजे गिरा। बम शहर के केंद्र से दूर और आवासीय भवनों के बगल में दो सड़कों के चौराहे पर गिरा। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया पर विस्फोट और कुछ नुकसान का वीडियो वायरस हुआ है। वीडियो में दिख रहा है कि गिरने के 18 सेकंड बाद बम फट जाता है और सड़क के एक हिस्से को उड़ा देता है। इस दौरान वहां से गुजर रही कारें क्षतिग्रस्त हो जाती है। श्री ग्लैडकोव ने कहा कि दो महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया और नौ मंजिला अपार्टमेंट ब्लॉक को संभावित संरचनात्मक क्षति के कारण खाली करा लिया गया है।

### चीनी सेना शुक्रवार से तीन दिन तक नौसैनिक अभ्यास करेगी

**बीजिंग :** चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी शुक्रवार से दक्षिण चीन सागर में हैनान प्रांत के आसपास तीन दिवसीय नौसैनिक सैन्य अभ्यास की शुरुआत करेगी। यह अभ्यास शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार शाम छह बजे शुरू होगा और 23 अप्रैल को स्थानीय समयानुसार सुबह आठ बजे समाप्त होगा। अभ्यास क्षेत्र में अस्थायी नौवहन प्रतिबंध लगाया जाएगा। सैन्य अभ्यास के दौरान किन-किन बलों और साधनों की तैनाती की जाएगी, इस संबंध में अब तक कोई जानकारी मुहैया नहीं करायी गयी है।

### सूडान में 72 घंटों के संघर्ष विराम पर सहमति

**मॉस्को :** सूडान के अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) ने कहा है कि वह मानवीय आधार पर 72 घंटे के संघर्षविराम के लिए सहमत हुआ है, जो कि शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजे (04:00 जीएमटी) से शुरू हुआ। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने गुरुवार को सूडानी सेना के कमांडर अब्देल फतह अल बुरहान और आरएसएफ के कमांडर मोहम्मद हमदान डागालो के साथ बातचीत की और दोनों पक्षों से 23 अप्रैल को मुसलमानों के पर्व ईद अल-फितर तक राष्ट्रव्यापी संघर्ष विराम करने का आग्रह किया। रायटर्स ने आरएसएफ के एक बयान के हवाले से कहा कि यह संघर्ष विराम ईद-उल-फितर के समय किया गया है, इससे नागरिकों के निकालने के लिए मानवीय गलियारों को खोलने और उन्हें अपने परिवारों से मिलने तथा बधाई देने का अवसर प्रदान किया गया है। गौरतलब है कि सूडान की राजधानी खार्तूम और देश के अन्य इलाकों में पिछले शनिवार को सूडानी सेना और आरएसएफ के बीच झड़पें शुरू हुई। सरकारी बलों ने आरएसएफ पर विद्रोह करने का आरोप लगाया और उनके ठिकानों पर हवाई हमला किया। बाद में, सूडानी सेना के प्रमुख अब्देल फतह बुरहान ने आरएसएफ को भंग करने का फरमान जारी कर दिया।

### दक्षिण कोरिया के तट पर रूसी नौका में लगी आग

**सोल :** दक्षिण कोरिया में उल्सान शहर के तट पर एक मछली पकड़ने वाली रूसी नौका में आग लग गई, जिसमें चालक दल के चार सदस्यों को लापता होने की खबर है। योनहाप समाचार एजेंसी ने तट रक्षकों के हवाले से शुक्रवार को यह जानकारी दी। नाव पर कुल 25 लोग सवार थे और सभी रूसी नागरिक थे। उनमें से 21 लोगों को बचा लिया गया है, 19 लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं जबकि दो लोगों को मामूली चोटें आयी हैं ।चार लोग लापता बताये जा रहे हैं।

### यूक्रेनी रक्षा संपर्क समूह की रामस्टीन प्रारूप बैठक

**बर्लिन :** यूक्रेनी रक्षा संपर्क समूह की 11वीं बैठक शुक्रवार को जर्मनी में अमेरिकी रामस्टीन एयर बेस पर शुरू होगी। यूक्रेन का समर्थन करने वाले 50 से ज्यादा देशों के रक्षा मंत्री और अन्य उच्च अधिकारी रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष की वर्तमान स्थिति और कीव को अतिरिक्त सैन्य सहायता प्रदान करने की संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए इकट्ठा होंगे। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेज़निकोव ने कहा कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में अतिरिक्त वायु रक्षा प्रणाली, तोपखाने के गोले और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरणों की आपूर्ति पर बातचीत करना शामिल है। इस बैठक की अध्यक्षता अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन करेंगे। बैठक में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों से संबंधित विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों पर भी चर्चा की जाएगी।

## आज का इतिहास

- 1500 : पुर्तगाली नाविक पेड्रो अलवेयर कैब्राल ने ब्राजील की खोज की।
- 1521 : फ्रांसीसी सम्राट फ्रेंकाइस प्रथम ने स्पेन पर आक्रमण की घोषणा की।
- 1792 : अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज वाशंगटन ने यूरोप के युद्द में तटस्थता की घोषणा की।
- 1870 : रूस के माक्सवादी विचारक व्यादीमीर लेलिन का जन्म।
- 1884 : थॉमस स्वीवंस ने दुनिय भर में पहली बाइक यात्रा शुरू की।
- 1898 : अमेरिकी राष्ट्रपति मैककिनले क्यूबा ने बंदरगाहों की नाकाबंदी का आदेश दिया।
- 1906 : यूनान के एथेंस में 10वें ओलंपिक खेलों की शुरुआत हुई।
- 1915 : जर्मनी की सेना ने प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान पहली बार जहरीली गैस क्लोरीन का इस्तेमाल किया।
- 1921 : नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने इंडियन सिविल सर्विस से इस्तीफा दिया।
- 1931 : मिस्र और इराक ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 1954 : तत्कालीन सोवियत रूस यूनेस्को में शामिल हुआ।
- 1958 : एडमिरल आर डी कटारी भारतीय नौसेना के पहले प्रमुख बने।
- 1970 : दुनिया में पहली बार पृथ्वी दिवस मनाया गया।

## फर्नीचर दुकान में लगी आग, लाखों के समान जलकर राख



रांची : सदर थाना क्षेत्र के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया में फर्नीचर दुकान में भीषण आग लग गयी। यह घटना शुक्रवार सुबह 3 बजे की है। आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की 10 से अधिक दमकल गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गयी। आग की लपटें काफी तेज थी, इसकी वजह से अग्निशमन विभाग ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अगलगी की घटना में दुकान में रखे लाखों के फर्नीचर जलकर राख हो गयेघटना के संबंध में बताया जाता है कि दुकान में शार्ट सर्किट होने की वजह से आग लगी और यह धीरे धीरे पूरे दुकान में फैल गयी। स्थानीय लोगों ने अगलगी की सूचना पुलिस, अग्निशमन विभाग और दुकान मालिक को दिया। सूचना पाकर दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। इस घटना में कितने का नुकसान हुआ है, इसका पता आकलन के बाद ही चल पायेगा।

**निर्देश** झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति पर हाईकोर्ट का निर्देश

# विधानसभा के स्पीकर को पक्षकार बनाने का आदेश

▶▶ सूचना आयुक्तों के अलावा, कई अन्य आयोग और न्यायाधिकरण अध्यक्ष की नियुक्ति के अभाव में खाली पड़े हैं



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड उच्च न्यायालय ने सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की मांग वाली एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए विधानसभा अध्यक्ष को मामले में पक्षकार बनाने का आदेश दिया। मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति आनंद सेन की खंडपीठ ने झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता संघ द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि स्पीकर को मामले में पक्षकार बनाना होगा ताकि उनका पक्ष भी अदालत के समक्ष उपलब्ध हो सके। पीठ को सूचित किया गया कि सूचना आयुक्तों के अलावा, कई अन्य आयोग और न्यायाधिकरण अध्यक्ष की नियुक्ति के अभाव में खाली पड़े हैं।

राज्य मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त व अन्य आयोगों के अधिकारी लंबे समय से खाली पड़े हैं। सूचना आयुक्तों को एक समिति द्वारा नियुक्त किया जाना है जिसमें सदस्य के रूप में विधानसभा में विपक्ष का नेता भी होगा। अदालत को बताया गया कि वर्तमान में विपक्ष के नेता (एलओपी) की अनुपस्थिति में समिति पूरी नहीं है और संभावित उम्मीदवारों के नामों की कोई सिफारिश नहीं की गई है। दलीलों के दौरान अदालत को सूचित किया गया कि विपक्ष के सबसे बड़े दल के नेता की अनुपस्थिति में, विपक्ष में सबसे बड़ी पार्टी के नेता को राज्य में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए समिति में सदस्य के रूप में शामिल किया जा सकता है।

स्पीकर के पेश होने के एक पखवाड़े के बाद मामले को फिर से सूचीबद्ध किया जाएगा। सूचना आयोग की इस स्थिति की वजह से झारखंड में सूचना कानून का पालन अधिकांश सरकारी कार्यालयों में लगभग बंद पड़ चुका है। यह स्थिति इसलिए है क्योंकि सरकारी मुलाजिम भी अच्छी तरह जानते हैं कि उत्तर नहीं देने की स्थिति में भी सूचना आयोग का अंकुश उनपर नहीं है। इस वजह से अधिकांश सरकारी कार्यालयों में और खास तौर पर टेंडर आदि के मामलों में होने वाली गड़बड़ियां पहले की तुलना में बहुत अधिक बढ़ गयी हैं।



*मेन रोड पर एकरा मसजिद के सामने अंतिम जुमे की नमाज अदा करते मुस्लिम धर्मावलंबी*

पहली आवेदन के खारिज किये जाने के बाद छवि रंजन की दूसरी दलील

# पितृत्व अवकाश पर हैं गत 17 अप्रैल से

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** ईडी की तरफ से पूर्व डीसी छवि रंजन को 21 अप्रैल को रांची स्थित जोनल कार्यालय में हाजिर होने के लिये कहा गया था। आईएएस छवि रंजन ने ईडी से उपस्थित होने के लिये दो हफ्ते का समय मांगा था। लेकिन ईडी ने इसकी मंजूरी नहीं दी, किसी भी हाल में 21 अप्रैल को 4 बजे तक रांची स्थित जोनल कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया। लेकिन शाम चार बजे तक वहां हाजिर नहीं हुए थे। अब प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कहा जा रहा है कि आईएएस छवि रंजन ने 17 अप्रैल को ही पैटर्निटी लीव लिया है। इस लिहाज से वह अभी कई दिनों तक अपने शहर और कार्यालय से बाहर रह सकते हैं। बताया जा रहा है कि इसी छुट्टी की मंजूरी का हवाला देकर आईएएस ईडी के कार्यालय नहीं जाएंगे। बता दें कि 13 अप्रैल को ईडी ने आईएएस छवि रंजन के रांची, जमशेदपुर समेत 22 ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। कल्याण विभाग के निर्देशक के पद पर तैनात छवि रंजन को ईडी समन जारी कर 21 अप्रैल को ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय हिनू बुलाया था, लेकिन उन्होने दो हफ्ते का समय मांगा था। जिसे ईडी ने मंजूर नहीं किया। वहीं जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग संबंधी जांच कर रही ईडी अफशर अली, इम्तियाज अहमद, प्रदीप बागची, मोहम्मद सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, भानु प्रताप प्रसाद और फैयाज खान को गिरफ्तार किया है। जिसे ईडी रिमांड पर पूछताछ की जा रही है। 2011 बैच के आईएएस अफसर छवि रंजन का विवादों से नाता रहा है। रांची डीसी रहते छवि रंजन पर सीपी सिंह ने हथियार का लाइसेंस देने के लिए पैसे लेने का आरोप लगाया था। हाई कोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार ने इनपर धमकी देने का आरोप लगाया था। राजीव कुमार के लिखित शिकायत पर हाईकोर्ट ने छवि रंजन को कड़ी फटकार लगाई थी।

# ईद को लेकर राजधानी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, मेन रोड का रूट बदला



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी में ईद को लेकर कई रास्ते बदले गये हैं। मेन रोड अंजुमन प्लाजा से डेली मार्केट तक ईद का बाजार लगता है। इस बाजार के मद्देनजर रास्तों में बदलाव किया गया है। आज रातभर खरीदारी चलती है। त्योहार के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने मेन रोड में वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया है। ईद के बाजार को लेकर यह फैसला लिया गया है। सिटी एसपी शुभांशु जैन, ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर राजेश्वर नाथ आलोक व डेली मार्केट थाना प्रभारी ने गुरुवार को आमलोगों के साथ बैठक की और बैठक में लोगों के लिए यह फैसला लिया ताकि सड़क पर लोगों को परेशानी का सामना करना ना पड़े। लोगों से शांतिपूर्वक ईद मनाने की अपील की गयी।

सुरक्षाा को लेकर दो कंपनी रैपिड एक्शन पुलिस, इको, एसआइआरबी, आइआरबी, जैप-10 की महिला पुलिस, लाठी पार्टी, होमगार्ड, टियर गैस टीम, वाटर कैनन, वज्र वाहन सहित कई लेयर की सुरक्षा है। अतिसंवेदनशील व संवेदनशील इलाकों में विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। इसके अलावा शहर में जगह-जगह मजिस्ट्रेट भी तैनात रहेंगे। सुरक्षा की दृष्टि से इलाके में 34 जवान और चार दारोगा मिलकर ट्रैफिक व्यवस्था की पूरी जिम्मेदारी संभालेंगे। राजधानी रांची में ईद के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। शहर में कई जगहों पर सुरक्षा बलों की तैनाती होगी। एसएसपी किशोर कौशल के आदेश पर शहर में 1000 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गयी है।

## भीड़ से बचने के लिए मोहल्लों में आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** ईद से पहले अंतिम जुमा की नमाज में इस बार अनेक मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नये तरीके से इस धार्मिक कृत्य का पालन किया। आम तौर पर आबादी बढ़ने की वजह से शहर के मसजिदों में लोगों के नमाज अदा करने की जगह कम पड़ने लगी थी। यह सिलसिला काफी दिनों से चला आ रहा है। इसी वजह से अति व्यस्त इलाकों में भी नमाज पढ़ने के लिए मसजिद के बाहर सड़कों पर भी एकत्रित होते थे। इस वजह से कई स्थानों पर यातायात को बदलना पड़ता था और जाम की भी स्थिति बनती थी। इस बार पहली बार डोरंडा के परासटोली में नये किस्म का प्रयोग होता हुआ देखा गया। यहां पर लोग मुहल्ले के अंदर ही सड़क पर नमाज पढ़ने के लिए एकत्रित हुए। वहां पर अलग से कोई इंतजाम नहीं किया गया था। सभी लोग अपने अपने घरों से ही नीचे बिछाने का इंतजाम लेकर आये थे। कतार में खड़े होकर नमाज अता करने के बाद सभी अपने अपने घरों की तरफ लौट गये। लोगों ने बताया कि मसजिदों में होने वाली भीड़ को देखते हुए अब अनेक स्थानों पर लोग इस तरीके को आजमा रहे हैं। इससे किसी को भी परेशानी नहीं होती है। नमाज पढ़ने के लिए मुहल्लों में ऐसी सड़कों का चयन किया जाता है, जिससे यातायात भी बाधित ना हो।

**तैयारी** रांची के रसूखदारों पर अंगरक्षक का बकाया बढ़ता जा रहा

# पुलिस विभाग का कुल बकाया आठ करोड़ से ज्यादा

▶▶ कुछ लोगों के लिए यह धौंस जमाने का साधन है

▶▶ पुलिस ने मजबूरी में नोटिस भेजना चालू किया है

▶▶ बॉडीगार्ड रहकर आराम तलब हो जाते हैं जवान



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी में कुछ रसूखदार लोगों के लिए बॉडीगार्ड रखना स्टेटस सिंबल बन गया है। भुगतान के आधार पर भी बॉडीगार्ड रखने के लिए हर तरह की पैरवी लगाई जाती है, लेकिन आपको जानकर यह हैरानी होगी कि रांची के दर्जनों ऐसे लोग हैं जिन्होंने भुगतान पर बॉडीगार्ड तो ले लिया, लेकिन अब उसके एवज में पुलिस को पैसा नहीं दे रहे हैं। वहीं पुलिस विभाग का कुल बकाया करोड़ों में पहुंच गया है। बकाए की वसूली के लिए अब पुलिस विभाग ने सभी बकायेदारों को नोटिस भेजना शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक रांची में दर्जनों ऐसे रसूखदार लोग हैं, जिन्होंने भुगतान के आधार पर पुलिस से बॉडीगार्ड ले रखा है, लेकिन इनमें से अधिकांश लोग ऐसे हैं जो बॉडीगार्ड के एवज में पैसों का भुगतान ही नहीं कर रहे हैं। ऐसे में अब भुगतान के आधार पर बॉडीगार्ड रखने वाले रसूखदारों से बकाया वसूली के लिए पुलिस ने तैयारी कर ली है।

समीक्षा के दौरान यह बात सामने आयी है कि केवल राजधानी रांची में ही भुगतान पर बॉडीगार्ड रखने वाले लोगों के पास आठ करोड़ से ज्यादा का बकाया हो चुका है। इनपर पुलिस विभाग का है बकायाः बड़े बकायेदारों में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल, डीपीएस के प्रिंसिपल रामसिंह, बिल्डर रमेश सिंह और बिल्डर रंजन सिंह जैसे रसूखदार शामिल हैं। वहीं दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल राम सिंह से सात फरवरी 2018 से अप्रैल 2020 तक और 15 दिसम्बर 2020 से लेकर वर्तमान तक कुल बकाया 41,27328.20 रुपए हैं। वहीं न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल पर सात फरवरी 2018 से लेकर एक अप्रैल 2020 तक और 26 अक्टूबर 2020 से लेकर वर्तमान तक कुल बकाया 41,99388.00 रुपए हैं। इन्होंने पुलिस विभाग को अब तक बकाया नहीं दिया है। अंबे माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड के महाप्रबंधक सुमित चटर्जी पर 15 दिसम्बर 2020 से वर्तमान तक कुल बकाया 24,03668.20 रुपए बाकी है। वहीं जिला परिषद उपाध्यक्ष लातेहार पर सात जुलाई 2020 से वर्तमान तक कुल बकाया -24,06070।00 रुपए है। आर्किड अस्पताल लालपुर के निदेशक राजकुमार अग्रवाल और सिद्धांत जैन पर 18 मार्च 2018 से एक अप्रैल 2020 तक और पांच दिसंबर 2021 से वर्तमान तक कुल बकाया 34,49918.00 रुपए हैं। वहीं बिल्डर सह शिवानी इंटरनेशनल होटल के मालिक राजेश श्रीवास्तव पर सात फरवरी 2018 से एक अप्रैल 2020 तक और दो जुलाई 2020 से वर्तमान तक 42,57036.00 रुपए बकाया हैं।

बकाएदारों में मोराबादी रांची के बिल्डर रंजन सिंह पर सात फरवरी 2018 से एक अप्रैल 2020 तक और 2 जुलाई 2020 से वर्तमान तक कुल बकाया 43,14684.00 रुपए हैं। वहीं बीपी कंस्ट्रक्शन रांची के मालिक भीम प्रसाद पर 28 जुलाई 2020 से वर्तमान तक कुल बकाया 24,08472.00 रुपए हैं। वहीं सनराइज फार्मा लालपुर रांची के मालिक संजय सारडा पर सात फरवरी 2018 से चार अप्रैल 2020 तक और 29 जुलाई 2020 से वर्तमान तक 41,93316.00 रुपए बकाया है। खलारी रांची के कोयला कारोबारी लालेश्वर महतो पर 28 अक्टूबर 2020 से वर्तमान तक कुल बकाया - 22,59548.00 रुपए है। रांची देवी मंडप रोड के रवि इंफ्रास्ट्रक्र के मालिक रवि कुमार पर 3 नवंबर 2020 से वर्तमान तक कुल बकाया - 22,45136.00 रुपए हैं। जिला परिषद खलारी रांची के अब्दुल अंसारी पर आठ सितंबर 2020 से वर्तमान तक कुल बकाया - 24,03668.00 रुपए हैं। वहीं पंचवटी प्लाजा रांची के अमरजीत बंसल पर सात फरवरी 2018 से एक अप्रैल 2020 तक और 26 मार्च 2021 से वर्तमान तक कुल बकाया 36,94968.00 रुपए हैं। वहीं डायमंड पावर प्रोजेक्ट लिमिटेड रांची के प्रबंध निदेशक फसी अहमद पर 6 जुलाई 2021 से वर्तमान तक कुल बकाया - 15,91960.00 रुपए है।


